■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 287
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
22 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1882** : घातक संक्रामक बीमारी 'टीबी' की पहचान हुई।

**1888** : इंग्लिश फुटबॉल लीग की स्थापना।

**1912** : बंगाल से अलग कर बिहार को एक नये राज्य का दर्जा मिला।

**1917** : रूस की नई सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।

**1958** : सोवियत संघ ने नोवाया जेमलया में परमाणु परीक्षण किया।

**कामयाब लोग अपने फैसले से दुनिया बदल देते हैं, नाकामयाब लोग दुनिया के डर से अपने फैसले बदल देते हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन आज से

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 22 से 26 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव का थीम 'उन्नत बिहार- विकसित बिहार' रखा गया है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही बिहार की समृद्ध परंपरा, खानपान और विकास की झलक देखने को मिलेगी। गांधी मैदान में शनिवार की शाम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसमें लोकगीत, नृत्य, नाटक और बिहार के प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। बिहार पर्यटन विभाग की ओर से मेले में खाने पीने का अलग से स्टॉल लगाया जा रहा है। इस व्यंजन मेले के लिए 220 फीट लंबा और 450 फीट चौड़ा बड़ा क्षेत्र तय किया गया है।

### बालिका गृह से 13 लड़कियां फरार


**सीवान (नबिटा ब्यूरो)।** सीवान जिले के भैसाखाल गांव में बने बालिका गृह से तेरह किशोरियों के फरार हो गई है। उंची चहारदीवारी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद रात के अंधेरे में किशोरियों के फरार होने की घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक जांच शुरू हो गयी है। यहां से फरार किशोरियों में अधिकांश जिले के अलावा गोपालगंज व सारण की है। यह घटना 19 मार्च के मध्य रात तकरीबन एक बजे की बतायी जा रही है। इस बीच अब तक दो किशोरियों के बरामद कर लिये जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि पूरे मामले पर प्रशासनिक अमला कुछ भी बोलने से कतरा रहा है।

# मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मिल जाएगी मुक्ति : गृह मंत्री

## संसद में गृह मंत्रालय की कार्य प्रणाली पर अमित शाह का संबोधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्यसभा को संबोधित करते हुए 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का वादा किया। गृह मंत्रालय की कार्यप्रणाली पर चर्चा करते हुए अमित शाह ने मंत्रालय के काम को गिनाया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में वो काम हुए हैं, जो आजादी के बाद अब तक नहीं हुए थे। अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि मोदी सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने राज्यसभा में आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की। उन्होंने जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाकर मोदी सरकार ने संविधान निर्माताओं के 'एक संविधान, एक ध्वज' के सपने को पूरा किया है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए परिवर्तन के बारे में प्रश्न पूछने वाले विपक्षी नेताओं पर करारा प्रहार करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि इसके समाप्त होने के बाद



वहां आतंकवाद, पथराव, जबरदस्ती बंद की घटनाओं में भारी कमी आई है तथा राज्य में जितना निवेश आया, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ था।

शाह ने जम्मू कश्मीर एवं वहां के आतंकवाद, वाम नक्सलवाद एवं पूर्वोत्तर के उग्रवाद को 'तीन नासूर' की संज्ञा दी। शाह ने कहा कि अगर इन तीनों समस्याओं को जोड़ दिया जाए तो चार दशकों में देश के कुल 92 हजार नागरिक मारे गये। उस समय की केंद्र सरकार को वोट बैंक का भी डर था। उन्होंने कहा कि इन तीनों समस्याओं के लिए पहले ऐसे कभी सुनियोजित प्रयास नहीं किए गए जो नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद किए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पहले पड़ोसी देश से आतंकवादी सीमा पार कर आते थे और यहां धमाके करते थे, हत्याएं करते थे। उन्होंने कहा कि एक भी त्योहार ऐसा नहीं जाता था कि उसे लेकर चिंता नहीं की जाती थी। उस समय की केंद्र सरकार ने लचीला रवैया अपना रखा था। वे चुप्पी साध जाते थे, बोलने में डर लगता था। वोट बैंक का भी डर था। शाह ने कहा- हमारे आने के बाद भी हमले हुए, उरी पर हुआ, पुलवामा पर हुआ। पहले भी हमले होते थे, कोई कुछ नहीं बोलता था, कुछ नहीं करता था, दिल्ली के अखबारों में एक छोटी-सी खबर छप जाती थी।''आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद उरी और पुलवामा हमलों के बाद दस दिन के भीतर पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की गई। उन्होंने कहा, ''पूरी दुनिया में दो ही देश ऐसे थे जो अपनी सीमा और सेना की सुरक्षा के लिए हमेशा सम्मान के साथ तत्पर रहते थे। ये देश हैं- अमेरिका और इजराइल। उन दो देशों की सूची में मेरे महान देश भारत का नाम जोड़ने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। गृह मंत्री ने कहा कि इसी के साथ आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टालरेंस की नीति' शुरू हुई। जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के मूल में अनुच्छेद 370 था। उन्होंने देश के संविधान निर्माताओं का धन्यवाद दिया कि उन्होंने अनुच्छेद 370 में ही इसको हटाने के बीज डाल दिये थे। शाह ने कहा कि इसी सदन ने पांच अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 को समाप्त कर दिया। हमारे संविधान निर्माताओं का वह स्वप्न कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान नहीं होंगे। उन्होंने जम्मू कश्मीर में विभिन्न वर्गों को दिये गये आरक्षण लाभ की ओर सदन का ध्यान दिलवाया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग हिसाब मांगते हैं कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद क्या विकास हुआ। उन्होंने कहा कि जिसकी आंख साबुत हो, उसे दिखाया जा सकता है किंतु जिसने काला चश्मा पहन रखा हो, उसे कैसे दिखाया जा सकता है?

# पीएम मोदी 24 अप्रैल को आयेंगे बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को बिहार आयेंगे। वे पंचायती राज दिवस पर मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। भाजपा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीएम मोदी अपने बिहार दौरे के दौरान पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन और बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे। इससे साथ ही वह बिहार को कई अन्य विकास



योजनाओं का भी सौगात दे सकते हैं।

# वज्रपात से तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मौसम ने करवट ले ली है। राज्यभर में पिछले 24 घंटों में कई जिलों में बारिश हुई है। इसके साथ ही वज्रपात ने भी कहर बरपाया है। तीन लोगों की ठनका की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतकों के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**रोहतास में युवक की गई जान :**

रोहतास में एक युवक की वज्रपात से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मोहम्मद अनवर के रूप में हुई है। सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के सरोज गांव में यह हादसा हुआ। वह खेत में घास काटने गया था। इसी दौरान तेज गर्जन के साथ ठनका गिरा। इसकी चपेट में आने से मौके पर ही अनवर की मौत हो गई।

**गया में बच्ची की मौत :**

गया जिले में भी वज्रपात ने कहर बरपाया। यहां पर 10 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। इमामगंज प्रखंड के कोठी थाना क्षेत्र का यह मामला है। जहां के बधौता गांव निवासी उपेंद्र भारती की 10 साल की बच्ची ठनका की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मासूम बच्ची खेत में बंधी बकरी को लाने गई थी, तभी शिकार हो गई। पुलिस ने शव एएनएमएमसीएच पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**बक्सर में युवक की मौत :**

इसके अलावा बक्सर में भी 22 साल के युवक की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त दीपक नुनिया के रूप में हुई है। यह घटना इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मंगोलपुर गांव की है। बताया जाता है कि दीपक खेत में घास काटने गया था इसी दौरान ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

**दो दिनों के लिए अलर्ट :**

पटना मौसम विभाग लगातार बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी कर रहा है। विभाग ने 22 मार्च के लिए सभी 38 जिलों के लिए अलर्ट जारी है। इसमें से 33 जिले के लिए येलो अलर्ट जबकि 5 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि ऐसे मौसम को देखते हुए अगर बहुत जरूरी ना हो तो लोग घर से बाहर नहीं निकलें। बिजली चमकने और बारिश के आने पर पक्के मकान में शरण लें।




# नीतीश कुमार से बड़ा देशभक्त पूरे हिन्दुस्तान में नहीं : अशोक चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान का अपमान करने के विपक्ष के आरोपों के बीच जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार से बड़ा देशभक्त इस पूरे हिन्दुस्तान में नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने अपने शासनकाल में बिहार की परंपरा और इतिहास के लिए बिहार दिवस का आयोजन किया। 55 सालों तक जिन लोगों ने बिहार पर राज किया उनको कभी इस बात की चिंता नहीं हुई कि बिहार की अस्मिता के लिए बिहार अवतरण दिवस मनाने का काम



करें। अशोक चौधरी ने कहा कि जब बंगाल से बिहार अलग हुआ उस तारीख को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न सिर्फ बिहार दिवस मनाया बल्कि बिहार गान और बिहार गीत के जरिए राज्य की भावी पीढ़ी को गौरव का बोध महसूस हो इसके लिए काम किया। वैसे नेता को लेकर इस तरह की बात कहीं से जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के बाद पूरा विपक्ष हताश और निराश है। इसलिए विपक्ष ऐसे मामलों को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है जो विधानसभा चुनाव में कोई इश्यू ही नहीं है। नीतीश कुमार चाहे केंद्र में मंत्री रहे हों चाहे बिहार में पिछले 20 साल से मुख्यमंत्री रहे, लेकिन किसी भी व्यक्ति ने उनकी ईमानदारी या कार्यशैली पर सवाल नहीं उठाया। अब इन लोगों ने राष्ट्रगान को लेकर इस तरह का मुद्दा बनाया है। अशोक चौधरी ने कहा कि जाने अनजाने में इस तरह की कुछ घटनाएं हो जाती हैं। नीतीश कुमार जैसे नेता के लिए जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल विपक्ष के लोग कर रहे हैं, यह ठीक नहीं है। जिनके खुद के थाली में 75 छेद हैं, वे ऐसी बातें कर रहे हैं। इनके नेता से लेकर पूरा परिवार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है, ऐसे लोग आज नीतीश कुमार पर टीका टिप्पणी कर रहे हैं। नीतीश कुमार की प्रदेश के प्रति भक्ति पर क्या कोई प्रश्नचिह्न उठा सकता है? यह बिना किसी मुद्दे के इसे मुद्दा बनाकर नीतीश कुमार को नीचे गिराने की विपक्ष की साजिश है। वहीं राबड़ी देवी की इस मांग पर कि नीतीश कुमार की दिमागी हालत ठीक नहीं है तो वह अपने बेटे निशांत को मुख्यमंत्री बना दें। अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा से परिवारवाद के विरोध में बात करते रहे हैं, विरोधी दल के लोग तो चाहते हैं कि इसमें नीतीश कुमार को घेरा जाए। नीतीश कुमार और उनके बेटे निशांत को तय करना है कि वह कब राजनीति में आएंगे। राज्य की सत्ता पर पूरी तरह से नीतीश कुमार की पकड़ है। नीतीश कुमार से बड़ा देशभक्त इस हिन्दुस्तान में नहीं है।

# राष्ट्रगान के अपमान की बात पर गरमायी सियासत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाते हुए विपक्ष सदन के अंदर और बाहर हंगामा मचाते हुए उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। शुक्रवार को इसी मुदे को लेकर बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों को चलने नहीं दिया। दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्ष खास कर राजद के आरोपों के बाद जदयू ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बचाव करते हुए अब लालू यादव और राबड़ी देवी पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि 26 जनवरी 2002 को राष्ट्रगान के समय लालू यादव और राबड़ी देवी अपनी जगह पर बैठे थे। इसे लेकर उनके खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ था। उन्होंने कहा कि इसी तरह 15 अगस्त 1997 को लालू यादव ने तिरंगा उल्टा फहरा दिया था। यह भी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान था। उन्होंने एक तस्वीर भी दिखाई जिसमें लालू यादव और राबड़ी देवी बैठी हैं। ऐसे में राष्ट्रगान के दौरान सम्मानजनक मुद्रा में खड़े रहना जरूरी है। राष्ट्रगान के दौरान व्यक्ति के अंदर देशभक्ति की भावना होनी चाहिए और व्यक्त भी करनी चाहिए। राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 की धारा 3 में अपराध तभी माना गया है जब कोई व्यक्ति राष्ट्रगान के वक्त व्यवधान पैदा करे। यानी अगर किसी व्यक्ति द्वारा राष्ट्रगान बजते रहने के दौरान उनके कृत्य से किसी प्रकार का व्यवधान पैदा होता है तो इसे कानून के तहत 3 साल की सजा दिए जाने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन करने पहुंचे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान बजाया जाना था, लेकिन उन्होंने इसे शुरू होने से पहले ही रुकवा दिया। मुख्यमंत्री ने मंच से इशारे में कहा कि पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा। मुख्यमंत्री का संकेत मिलते ही मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान बंद करा दिया। इसके बाद नीतीश कुमार स्टेडियम का चक्कर लगाने के लिए निकल गए। स्टेडियम का चक्कर लगाने के बाद मुख्यमंत्री वापस मंच पर लौटे और दोबारा राष्ट्रगान बजाया गया। इस दौरान भी नीतीश कुमार हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते रहे।

# 49 भूमिहीन परिवारों को मिला आशियाना, चेहरे पर आयी मुस्कान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के हांसडीह में तकरीबन 49 बेघर भूमिहीन परिवारों को आशियाना बनाने का ठिकाना मिल गया है जहां शुक्रवार को सभी बेघर लोगों ने वहां पर जाकर अपना बांस बल्ला गाड़कर अपना आशियाना बनाने की कवायद शुरू कर दिए हैं। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि खाता संख्या 180, खेसरा संख्या 265 के तहत हांसडीह आईटीआई के पास में जमीन आवंटित की गई है। दरअसल बताया जाता है कि भूमिहीनों को बसाने के लिए सरकार ने बसेरा अभियान के तहत सभी भूमिहीनों को बासगित पर्चा



दिया था, लेकिन वर्ष 2009 के बाद इन सबों को दखल दहानी नहीं हो पाया था, लगातार लोग आंदोलनरत थे, ऐसे में अब उन सबों को जमीन चिन्हित कर दी गई है। सभी बेघर लोग को आशियाना बनाने के लिए ठिकाना मिल गया है। इसके साथ ही सरकार से मिली हुई जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाने, पेयजल के सुविधा की मांग किए हैं। आवास का ठिकाना मिलने पर सभी 49 परिवारों के चेहरे पर मुस्कान छा गई है जिसमें सावित्री देवी, दौलती देवी, लीला देवी, कांति देवी, कंचन देवी समेत परिवार हैं इसके साथ ही भाकपा माले के जिला सचिव कमलेश कुमार, खेग्रामस के प्रखंड सचिव संजय कुमार, जिलाध्यक्ष नागेश्वर पासवान, रमेश चौधरी, प्रखंड सचिव राकेश कुमार आदि शामिल रहे हैं।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक ने दिया 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** वैशाली रेल प्रेक्षागृह, हाजीपुर में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया। समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह एवं अन्य उपस्थित गणमान्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह सहित मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। आज के इस समारोह में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा वर्ष





2023-24 में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिये कुल 92 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु विभागों/मण्डलों के मध्य दक्षता एवं सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान किया गया। समारोह के दौरान समग्र क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य दक्षता के लिए 2023-24 का महाप्रबंधक दक्षता शील्ड पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल को प्रदान किया गया जबकि रनर्स अप कप धनबाद मंडल को मिला। पूर्व मध्य रेल में सफाई अभियान के लिए बड़े स्टेशनों की श्रेणी में राजेन्द्रनगर को, मध्यम श्रेणी के स्टेशनों में रक्सौल स्टेशन को तथा छोटे स्टेशनों की श्रेणी में वैशाली स्टेशन को स्वच्छता शील्ड प्रदान किया गया। जनशिकायत निवारण में श्रेष्ठ प्रदर्शन से संबंधित रेल मदद शील्ड समस्तीपुर मंडल को दिया गया। मीडिया से बेहतर समन्वय हेतु समस्तीपुर मंडल को जनसंपर्क शील्ड प्रदान किया गया। समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि पूर्व मध्य रेल अपनी स्थापना काल से अब तक के अविस्मरणीय सफर के दौरान कई उपलब्धियां हासिल कर चुका है। साथ हीं इसी अवधि में 149 मिलियन टन से अधिक माल लदान किया गया जो पिछले वर्ष के इसी अवधि से 2.61 प्रतिशत अधिक, अन्य कोचिंग से 247 करोड़ रुपए प्राप्त हुए जो 2.3 प्रतिशत अधिक, स्क्रैप बिक्री से 258 करोड़ रुपए प्राप्त हुए जो 22 प्रतिशत अधिक है। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव एवं सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं पांचों मण्डलों से आए अधिकारीकण, महिला कल्याण संगठन की सदस्यायें, पूर्व मध्य रेल के मान्यता प्राप्त यूनियन के अधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में रेलकर्मी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे ।

# नीतीश के बचाव में उतरे विजय सिन्हा और विजय चौधरी

## मुख्यमंत्री को राजद जैसे दल से राष्ट्रगान के सम्मान की बातें सीखने की जरूरत नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर राष्ट्र गान का अपमान करने के कथित आरोपों को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सीएम के खास मंत्रियों में से एक विजय कुमार चौधरी ने मीडिया से बातचीत की। विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री को राजद जैसे दल से राष्ट्रगान के सम्मान की बातें सीखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश का राष्ट्रगान के दौरान अचानक से हिलना-डुलना महज एक संयोग था,क्योंकि वे शायद वहां की स्थिति को समझ नहीं सके थे। कई बार ऐसा होता है, लेकिन इसका मतलब राष्ट्रगान का अपमान करना नहीं था। उन्होंने राजद को याद दिलाया कि विधानसभा में ही विपक्ष के सदस्यों ने राष्ट्रगीत बजने के समय खड़ा होना उचित नहीं समझा था। तब राजद ने उन लोगों का बचाव किया था। आज सीएम नीतीश संयोग से कुछ ऐसा कर गए तो हंगामा किया जा रहा है। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी जो सीएम नीतीश के बेहद खास माने जाते हैं ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रगान के प्रति सम्मान का भाव हमेशा से नीतीश कुमार में रहा है। इन मामलों में हमलोग उनसे सीखते रहे हैं। इसलिए मुद्दाविहीन विपक्ष अब इसे लेकर हंगामा कर रहा है। उनकी राजनीतिक नैया डूब रही है। इसलिए वे इन मुद्दों पर नीतीश कुमार के खिलाफ हंगामा कर रहे हैं जबकि सीएम नीतीश हमेशा से राष्ट्रीय प्रतीकों का उचित सम्मान करते रहे हैं। राजद द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के बाद जदयू ने जहां सीएम नीतीश का बचाव किया है, वहीं लालू यादव और राबड़ी देवी पर राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाया है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि 26 जनवरी 2002 को राष्ट्रगान के समय लालू यादव और राबड़ी देवी अपनी जगह पर बैठे थे। इसे लेकर उनके खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ था। उन्होंने कहा कि इसी तरह 15 अगस्त 1997 को लालू यादव ने तिरंगा उल्टा फहरा दिया था। यह भी देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान था। उनहोंने एक तस्वीर भी दिखाई जिसमें लालू यादव और राबड़ी देवी बैठे हैं। दरअसल, गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन करने पहुंचे थे। कार्यक्रम में सीएम के मंच पर पहुंचने के बाद राष्ट्रगान बजाया जाना था, लेकिन उन्होंने इसे शुरू होने से पहले ही रुकवा दिया। सीएम ने मंच से इशारे में कहा पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा। मुख्यमंत्री का संकेत मिलते ही मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान बंद करा दिया। इसके बाद नीतीश कुमार स्टेडियम का चक्कर लगाने के लिए निकल गए। बाद में वे राष्ट्रगान के बजने के दौरान ही कुछ लोगों को अभिवादन करते नजर आए।

# पदभार संभालते ही एक्शन में दिखे थानेदार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थानाध्यक्ष के पद पर पदभार संभालते ही अनिल कुमार पहले ही दिन एक्शन में दिखे। दरअसल शुक्रवार की शाम मसौढ़ी थाना के नए थानाध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला और कुछ ही देर में गश्ती पार्टी के साथ पहले शहर में मसौढ़ी थाना से कर्पूरी चौक तक पैदल मार्च करते हुए कर्पूरी चौक के पास सघन बाइक चेकिंग अभियान चलाया जहां पर कई बाइक के साथ जुर्माना रसीद करते हुए मीडिया के माध्यम से संदेश दिए कि मसौढ़ी में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, हर मोहल्ले में पेट्रोलिंग टाइट की जायेगी। इसके अलावा थाना में पदस्थ सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी पदाधिकारी अपने केसेस को डिस्पोजल पर ध्यान दें वारंटी की धर पकड़ करें।

# जीरो लैब में चलाया गया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने जीरो लैब, उद्योग भवन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पटना शहर के हर कोने को चमकाना है और इसके लिए हर व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता शहर की पहली पहचान है। बाहर से कोई भी व्यक्ति आता है तो वह शहर का आकलन स्वच्छता के आधार पर ही करता है। स्टार्टअप के क्षेत्र में भी स्वच्छता के लिए काम करने वाली इकाइयों के लिए बहुत स्कोप है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में पटना की स्थिति को बेहतर करने के उद्देश्य से हम सबको काम करना चाहिए और जरूर से जरूर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम अभियान में हिस्सा लेना चाहिए। अभियान के दौरान जीरो लैब की लीड दीप्ति आनंद, शिखा सिन्हा, रितेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में स्टार्टअप उद्यमी मौजूद रहे।

# बी.डी. कॉलेज के एमबीए विभाग में यूनियन बजट 2025-26 पर सेमिनार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना (पटना पीयू) के एमबीए विभाग में शुक्रवार को यूनियन बजट 2025-26 पर एक क्लासरूम सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का नेतृत्व डॉ. अशोक कुमार साव, समन्वयक, एमबीए एवं विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग ने किया। कार्यक्रम में बजट के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा हुई और इसके प्रभावों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। सेमिनार की शुरूआत में डॉ. अशोक कुमार साव ने बजट की बुनियादी बातों को स्पष्ट करते हुए इसके विविध आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को बजट की जटिलताओं को समझने के लिए एक ठोस





आधार प्रदान किया। इसके बाद एमबीए विभाग के प्राध्यापकों - रूपेश, बालकृष्ण, सोहेल, उदय और दीपा कुमारी ने बजट के विभिन्न पक्षों जैसे आर्थिक नीतियों, कर सुधारों और सामाजिक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। इन शिक्षकों ने बजट के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का गहन विश्लेषण प्रस्तुत कर छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाई। कार्यक्रम में डॉ. वीरेंद्र मंडल ने भी अपने विचार साझा किए और बजट के संदर्भ में आर्थिक विकास की संभावनाओं पर जोर दिया। इस अवसर पर एमबीए के छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने बजट से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार विस्तार से रखे और इसके विभिन्न पहलुओं पर सवाल उठाए जिससे सेमिनार में एक जीवंत चर्चा का माहौल बना। सेमिनार के समापन पर डॉ. विशाल विजय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और छात्रों के सक्रिय योगदान की सराहना की और इस तरह के आयोजनों के महत्व पर बल दिया। यह सेमिनार न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें वर्तमान आर्थिक परिदृश्य को समझने का एक व्यावहारिक मंच भी प्रदान किया।

# स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, नरगदा, दानापुर कैंट, पटना में वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा यूकेजी से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि एपीसीएल के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विजय प्रकाश ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, धैर्य और टीम भावना को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने





विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना बेहद आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ खेलों का समन्वय बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। 21 से 24 मार्च 2025 तक चलने वाले इस खेल महोत्सव का शुभारंभ चार मशालों के प्रज्वलन के साथ हुआ जिसे विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने मिलकर जलाया। 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, तीन-पैर दौड़, चम्मच-मार्बल दौड़, चॉकलेट दौड़ और एकाग्रता खेल सहित कई प्रतियोगिताओं में छात्रों ने जोश और उमंग के साथ भाग लिया। खेल मैदान में रंग-बिरंगे झंडों और छात्रों की उत्साही भागीदारी से माहौल ऊर्जा और उमंग से भर गया। खिलाड़ियों की ऊर्जा बनाए रखने के लिए आयोजन स्थल पर ग्लूकोज पेय की व्यवस्था की गई थी। विद्यालय परिवार और शिक्षकों के सहयोग से यह आयोजन बेहद सफल रहा। खेलकूद समारोह छात्रों में अनुशासन, खेल भावना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# गरमा फसल की तैयारी, 1100 एकड़ बीज वितरण का लक्ष्य

## मूंग, मरुआ, उरद, कौनी, सूर्यमुखी के बीजों का किया जा रहा वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** खरीफ और रबी फसल के बाद अब मसौढ़ी में गरमा फसल लगाने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर सरकारी स्तर से भी तैयारी चल रही है और मसौढ़ी में गरमा फसलों के लिए बीज वितरण शुरू हो गया है। मसौढी प्रखंड में लगभग 1100 एकड़ में गरमा फसल की खेती होती है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्यक्षण योजना में 100% अनुदान किसानों को गरमा फसलों की बीज उपलब्ध कराने के लिए आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। अभी गरमा मूंग और उड़द दाल के बीज के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया चल रही है। मक्का, उड़द और मूंग के बीज में 50% तक का अनुदान है। बीज किसानों को मुफ्त में मिलेंगे, लेकिन यह सीमित संख्या में किसानों को दिए जाते हैं जिसमें 88 क्विंटल मूंग, 20 क्विंटल मक्का, 14 क्विंटल उरद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# गोलीबारी में दो को लगी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** थाना क्षेत्र के अचुआरा गांव में शुक्रवार को सुबह लगभग 8 बजे आपसी विवाद में एक बार फिर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना में दो लोगों को गोली लगने से जख्मी होने की सूचना है। कन्हैया कुमार नामक व्यक्ति को पैर में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि दोनों तरफ से गोलीबारी की घटना हुई है, लेकिन कन्हैया कुमार के पक्ष की तरफ से यह कहा जा रहा है कि इधर से गोलीबारी नही की गई है। कुल 10-15 राउंड फायरिंग की बात की जा रही है। इस घटना में दूसरे पक्ष के पुष्कर कुमार भी घायल हुए हैं। हालांकि पुष्कर को मारने अपने को गोली लगने की बात कही, लेकिन अनुमंडल अस्पताल में जब चिकित्सक ने उसे एक्सरे के लिए कहा गया उसने एक्सरे कराने से इनकार किया। मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंची और घायलों को बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज कराने के बाद पटना रेफर कर दिया गया है।

# चैती छठ को लेकर एसडीएम ने मणिचक धाम का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** लोक आस्था का महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान चैती छठ को लेकर विधि व्यवस्था के संधारण की तैयारी शुरू कर दी गई है। ऐसे में शुक्रवार को मसौढ़ी एसडीएम अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में मणिचक धाम का निरीक्षण किया गया जहां श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता, बैरिकेडिंग, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का जायजा लिया गया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित हो जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को जल्द से जल्द आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उनके साथ मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार, सिटी मैनेजर, शेखर कुमार प्रसाद, मणीचक धाम प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव नवल भारती, अमीन रामाधार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश कुमार ने वरिष्ठ नेताओं से की शिष्टाचार मुलाकात, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक राजेश कुमार आज प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पटना पहुंचे। पटना पहुंचने पर वे सबसे पहले एयरपोर्ट से सीधे अपने भूतनाथ स्थित आवास पर पहुंचे। आवास पर पहुंचने के बाद उनकी पत्नी रेखा दास सहित उनके परिजनों ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर और आरती उतारकर अभिनंदन किया। साथ में उनके चाचा रामनरेश राम और पुत्र सिद्धांत व अभव्य सहित कांग्रेस नेतागण मौजूद रहे। इसके बाद नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विधायक राजेश कुमार ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से स्वयं उनके आवास पर जाकर मुलाकात का सिलसिला शुरू किया जो देर शाम तक चला जिसमें उन्होंने



विधान परिषद में दल के नेता पूर्व अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा, विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के पूर्व नेता अजीत कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष प्रो. रामजतन सिन्हा, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व विधान पार्षद डॉ समीर कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता प्रेमचंद मिश्र सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से शिष्टाचार मुलाकात किया। सभी वरिष्ठ नेताओं ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया और मजबूती से बिहार में सांगठनिक कार्यों के लिए उनको समर्थन देने का वादा किया।

# बिहार दिवस पर कार्यक्रमों की झड़ी

## जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में तीन दिवसीय कार्यक्रम की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर जिले में तीन दिवसीय कार्यक्रम 22 मार्च से 24 मार्च तक मनाने की घोषणा की गई है। 22 मार्च को मुख्य कार्यक्रम जगजीवन स्टेडियम में 5 बजे संध्या से आयोजित किया गया है जबकि सुबह 5:30 बजे मीडिया, प्रशासन तथा आम नागरिकों के साथ मिनी मैराथन रखा गया है जो कि समाहरणालय कैमूर से शुरू होते हुए शहर के मुख्य भाग होते हुए पुनः समाहरणालय में समाप्त होगा। सुबह 6:30 बजे प्रभातफेरी का आयोजन किया गया है। सुबह 9:00 बजे सदर अस्पताल भभुआ में रक्तदान शिविर पोषण मेला और हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार दोपहर 2:30 बजे से 4:30 के बीच मिनी खेल महोत्सव फुटबॉल मैच सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ में आयोजित किया जा रहा है। 23 मार्च संध्या 5:00 बजे जगजीवन स्टेडियम भभुआ में साइंस शो का आयोजन किया गया है जबकि सुबह 10:00 बजे मिनी खेल महोत्सव में कबड्डी ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। इसी प्रकार 24 मार्च को भी खेल प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की पहली कड़ी में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें समीर परिमल राज्य कर उपायुक्त वाणिज्य कर विभाग पटना भी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। काव्य जगत के नामचीन शख्सियत शंकर कैमूरी के नेतृत्व में अन्य कई कवि भी अपने काव्य पाठ का लोहा मनवाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों में प्रमोद पांडे संगीत शिक्षक प्लस टू उच्च विद्यालय भभुआ, विमलेश शर्मा संगीत शिक्षक, आशीष मिश्रा संगीत शिक्षक, अविनाश कुमार संगीत शिक्षक के साथ-साथ डी ए वी स्कूल जद्दूपुर की टीम भी अपना जौहर दिखाएंगे। सांस्कृतिक संध्या में कैमूर की स्वर कोकिला एवं अपने आवाज से जादू बिखेरने वाली सुश्री तनु यादव को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। सांस्कृतिक संध्या की दूसरी कड़ी में कोलकाता से मधुरिमा बसु को बुलाया गया है जो कि जी सारेगामा फेम है तथा लोकप्रिय गायिका हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि बिहार दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में पूरा जिला प्रशासन तत्पर से कार्य कर रहा है। सभी नगर वासियों और जिलेवासियों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम के अनुसार समय से सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# रालोमो 14 अप्रैल को मनाएगा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रालोमो के प्रदेश नेता अशोक राम ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि पटना 24 स्टैंड रोड पार्टी कैम्प कार्यालय में राष्ट्रीय लोक मोर्चा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह की तैयारी की अहम बैठक हुआ। बैठक प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष मदन चौधरी की मौजूदगी में हुई। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित हुए साथ में प्रदेश पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम ने कहा राष्ट्रीय लोक मोर्चा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का जयंती 14 अप्रैल को पटना में होगी। समारोह का उद्घाटन रालोमो सुप्रीमो पूर्व केंद्रीय मंत्री सह वर्तमान राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा करेंगे। समारोह में हजारों की संख्या में सभी जिला से नेता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करने वाले में सुकुल राम, महेंद्र बैठा, पप्पू चौधरी, अकालु राम, ई राज कुमार पासवान, जितेंद्र राम, लक्ष्मी पासवान, रविन्द्र कुमार, संतोष गोंड, देवानंद राम, राम अवतार राम, नीरज कुमार, मनोज राम सभी लोगों ने अपना विचार रखे।

# लेट्स इंस्पायर बिहार, कार्यक्रम में पहुंचेगा अ.क.स परिवार : नन्दन गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 22 मार्च को बिहार स्थापना दिवस और लेट इंस्पायर बिहार के चतुर्थ वर्षगांठ पर 'आइए मिलकर प्रेरित करें बिहार' के संयोजक देश के चर्चित आईपीएस अधिकारी विकास वैभव के नेतृत्व में विकसित बिहार संकल्प सम्मान 2025 के अंतर्गत पटना स्थित बापू सभागार में 22 मार्च को प्रातः 9:30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जहां बिहार के शिक्षा व्यवस्था, युवा शक्ति, विकसित बिहार और बिहार की दशा और दिशा पर सकारात्मक प्रकाश डाला जाएगा वही रोहतास जिले की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था




अभिनव कला संगम के द्वारा भी डिहरी ऑन सोन स्टेशन रोड से भी भारी संख्या में वाहनों के द्वारा संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में निकाली जाएगी संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया 'लेट इंस्पायर बिहार' का उद्देश्य देश के मानस पटल पर बिहार को अपने पुराने गौरव गाथा, बिहार की संस्कृति, सभ्यता, शिक्षा व्यवस्था, हुनर कौशल, युवा शक्ति, नारी सम्मान के उद्देश्य के साथ प्रेरित करना और निरंतर समाज के प्रति अपनी अग्रेत्तर भूमिका निभाने का दायित्व और संकल्प है महज यह कार्यक्रम नहीं है बल्कि एक उद्वेलित संकल्प है। कार्यक्रम में बिहार के बेहतरी के लिए लाखों सम्मानित बिहारवासी शामिल होंगे।

# चार आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के चार आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में शराब तस्कर व वारंटी शामिल है। 124 लीटर देशी व दस लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 69 हजार 500 रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# घटिया सड़क निर्माण का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी क्षेत्र के चकनहा पंचायत के ग्रामीणों ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग के एसडीओ मनोज कुमार को घेरा। ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ निर्माण के द्वारा वर्ष 2023, 24 में 88 लाख 28 हजार817 रुपए की लागत से पी डब्लू डी परसबनी गांव से नावाडीह तक 3 किलोमीटर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य हुआ था, लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद ही उक्त सड़क टूटने लगा है। इसी



संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, रोहतास को पत्र लिखकर जांच की मांग किया था जिसमें जिलाधिकारी उदिता सिंह ने पथ निर्माण विभाग के एसडीओ को जांच करने का आदेश दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार घटिया किस्म के मटेरियल डालकर सड़क निर्माण कराया था। इसलिए इतना जल्द सड़क खराब हो गया। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि बोर्ड पर 3 किलोमीटर सड़क निर्माण लिख दिया गया है, लेकिन ढाई किलोमीटर ही बना है। बाकी सरकारी राशि का आपस में बंदरबाट किया गया है जिसमें जांच करने पर दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। मौके पर उप मुखिया सत्येंद्र कुशवाहा, उप सरपंच सुरेंद्र सिंह, पंच व भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता राम सिंहासन सिंह, सत्येंद्र मास्टर, लोक मोर्चा के बलबीर सिंह समेत अन्य लोग शामिल हुए।

# जन सुराज पार्टी ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय ईदगाह मोहल्ला मोड़ एक होटल में गुरुवार शाम जनसुराज नेता समीर कुमार द्वारा रमजान के मौके पर गुरुवार शाम दवात-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य सह पूर्व आईजी जितेंद्र मिश्रा, पूर्व डीएम सह कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह मौजूद थे। इफ्तार में भारी संख्या में रोजेदार शामिल थे। मौके पर नवीनगर की पार्टी के अर्चना यादव, डॉ सी के सिंह, गणेश पांडेय, धनु श्रीवास्तव, छठु यादव, डॉ कुमार रोहित, बबलू खान, श्रीकांत तिवारी, संजय पासवान, जावेद अहमद, जमशेद आलम, वार्ड पार्षद सैफुल हक, मुजीबुल हक, तोराब नियाजी, कक्कू खान आदि शामिल थे।

# किसान संकल्प मड़ई का उद्घाटन, धरना जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कृषि भूमि की 1 करोड़ 28 लाख रुपए प्रति एकड़ मुआवजा की मांग को लेकर पिछले 1 वर्ष 79 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसानों ने किसान संकल्प मड़ई का उद्घाटन किया। उद्घाटन विमलेश पांडेय अध्यक्ष किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर, अवधेश सिंह प्रभारी, अभिमन्यु सिंह अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन कैमूर ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर किसानों ने जय जवान जय किसान किसान मजदूर एकता जिंदाबाद 4 लाख में दम नहीं 1 करोड़ 28 लाख से कम नहीं का नारे लगा रहे थे। अनिश्चितकालीन धरना में शामिल दर्जनों किसानों को संबोधित करते हुए विमलेश पांडेय अध्यक्ष किसान



संघर्ष मोर्चा कैमूर ने कहा अनिश्चितकालीन धरना किसानों के अद्भुत साहस जीवटता एवं संकल्प को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा किसानों के चले 1 वर्ष 79 दिन अनिश्चितकालीन धरना में किसानों के सहयोग की सराहना की। पाण्डेय ने कहा किसानों की 1 करोड़ 28 लाख रुपए प्रति एकड़ कृषि भूमि की मुआवजा के लिए लंबा संघर्ष चलेगा। अनिश्चितकालीन धरना में किसानों को धूप एवं बरसात से बचने के लिए किसान संकल्प मड़ई बनाई गई है। उन्होंने कहा मड़ई बता रही है कि किसान आंदोलन लंबा चलेगा। अध्यक्ष ने कहा अनिश्चितकालीन धरना मड़ई बना लेने से कैमूर प्रशासन के माथे पर बल आ रहा है। भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य के लिए एनएचएआई से अधिकृत पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड कंपनी के बेस कैंप स्थल मसोई पर किसानों ने 2 जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। भारत माला परियोजना बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे के लिए कैमूर जिले के 1060 किसानों की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि अधिग्रहण की गई है। किसानों को मुआवजा के नाम पर झुनझुना थमा दिया गया है। किसान 1 करोड़ 28 लाख रुपए प्रति एकड़ कृषि भूमि की मुआवजा की मांग को लेकर किसानों ने परियोजना शुरू नहीं होने दिया है। जिलाधिकारी कैमूर के लाख प्रयासों के बाद किसानों की मुआवजा दुना हुआ है। किसानों ने दुगुना मुआवजा को किसानों ने नकार दिया। अनिश्चितकालीन धरना में भूपेंद्र सिंह राजनाथ सिंह रामाशंकर पाण्डेय अंजनी पाण्डेय विजय शंकर तिवारी बबन पाण्डेय विक्रमा पाण्डेय पप्पू पाण्डेय बलेश्वर पाण्डेय सुरेन्द्र राय केशव राय पदसंभव पाठक ठकुरहट बिजरा रामपुर निसिजा एवं माधवपुर के किसान शामिल हुए।

# सड़क का होगा निर्माण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** लोकसभा 2024 चुनाव प्रचार के दौरान शिवसागर प्रखंड के कुम्हाऊ के ग्रामीणों ने कुम्हाऊ गांव से एनएच 2 कुम्हाऊ गेट तक सड़क बनवाने के लिए विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह से आग्रह किया था। तत्पश्चात, इस प्रस्ताव को लेकर उन्होंने जुलाई 2024 के मानसून सत्र में सदन में सवाल उठाया था। अब उस पर कार्रवाई करते हुए इस सड़क का निर्माण होने जा रहा है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लिए विशेष शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** स्थानीय प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित लाभुकों की समस्याओं के निवारण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। बीडीओ रवींद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के तहत कई पेंशन योजनाएं संचालित है जिनमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक सुचारू रूप से पहुंचाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए 20 से 28 मार्च तक प्रखंड



परिसर में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में नए पात्र लाभुकों से आवेदन लिया जायेगा तथा प्राप्त आवेदनों की त्वरित कार्रवाई कर वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी। इसके साथ ही पेंशनधारियों के पेंशन भुगतान में हुई त्रुटियों का सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर मे 18 लाभार्थियों द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ सुगमता से दिलाना है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में आकर लाभ उठाने की अपील किया।

# विधायक राजेश राम को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठन में मिलेगा प्रतिनिधित्व : मोहन राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मेहतर सेवा संघ बिहार के संरक्षक तथा कैमूर कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी मोहन राम ने कुटुंबा विधान सभा के विधायक राजेश राम को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दिल से मुबारक बाद दिया है। संघ संरक्षक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन राम ने अपने वक्तव्य में कहा है कि वर्ष 2025 में ही बिहार विधान सभा का चुनाव संपन्न होने जा रहा है। चुनाव के मद्देनजर रखते हुए कांग्रेस की केंद्रीय कमिटी के शीर्ष नेतृत्व ने दलित समाज से आने



वाले विधायक राजेश राम जैसे परिपक्व एवं प्रतिभावान व्यक्ति को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी की जिम्मेदारी देकर पार्टी व समाजहित में बड़े ही प्रशंसनीय व सराहनीय कार्य किया है। मोहन राम ने कहा है कि विधायक राजेश राम के प्रदेश अध्यक्ष बनने से समाज के घोर उपेक्षित जमीनी कार्यकर्ताओं को अवश्य तरजीह मिलेगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**DWSD/GAR-RM-08** / 2024–25
(द्वितीय सूचना)
दिनांक–**21.03.2025**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 22-03.2025 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 28.03.2025 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28-03.2025 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)
10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डंडई, मझिआँव एवं बरडीहा | GAR/RM-01 | 300 Nos. | 2,91,837/- | 6,000/- | 750/- | 04 Months |
| 2 | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | GAR/RM-02 | 300 Nos. | 2,91,837/- | 6,000/- | 750/- | 04 Months |
| 3 | मेराल, रमकंडा एवं चिनियाँ | GAR/RM-03 | 400 Nos. | 3,89,116/- | 8,000/- | 750/- | 04 Months |
| 4 | गढ़वा, डंडा, एवं रंका | GAR/RM-04 | 450 Nos. | 4,37,755/- | 9,000/- | 750/- | 04 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट **dwsd.jharkhand.gov.in** तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.348921 Drinking Water and Sanitation(24-25):D


# वरिष्ठ नागरिकों के बीच वितरित किए सहायता उपकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रखण्ड के देवडीही पंचायत सरकार भवन (मिनी ब्लॉक) पर 'आसरा सासाराम' द्वारा शिविर लगाकर वरिष्ठ नागरिकों को कान का मशीन, कमर बेल्ट, छड़ी, ह्वील चेयर, कमोड चेयर सहित अन्य सहायता उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी झेल रहे बुजुर्गों के चेहरे सहायता उपकरण पाकर खिल उठे। संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय 'एलौंन' ने कहा कि वृद्धजनों की देखभाल करना युवा पीढ़ी की महती जिम्मेदारी होती है। बुढ़ापे में शारीरिक परेशानियों के कारण बुजुर्गों को विशेष सहायता एवं देखभाल की जरूरत होती है। शिविर लगाने के लिए आसरा के निदेशक डॉ. संजीव कुमार का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा व सहयोग करने वाले युवा एवं संस्थाएं हमेशा धन्यवाद के पात्र होते हैं।

# पूर्व भीम आर्मी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों ने किया पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** भीम आर्मी रोहतास एवं आजाद समाज पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में बिहार में बढ़ते अपराध एवं खासकर रोहतास जिले में व्यापक स्तर पर अनुसूचित जाति, पिछड़ा एवं अकलियत समाज पर तेजी से वृद्धि हो रहे अत्याचार को लेकर पूर्व भीम आर्मी जिला अध्यक्ष रोहतास अमित पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों के साथ सासाराम पोस्ट ऑफिस चौक पर नीतीश कुमार का पुतला दहन कर प्रतिरोध व्यक्त किया गया। अमित पासवान ने कहा कि संपूर्ण बिहार में विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। नीतीश कुमार से बिहार नहीं संभल रहा है। न्याय इंसाफ एवं जुल्म के विरुद्ध भीम आर्मी हमेशा लड़ाई लड़ते रहेगी। वहीं गुड्डू राम एवं पूर्व चेनारी विधानसभा प्रत्याशी डॉ रामाधार पासवान ने एक स्वर में कहा कि दलित समाज के विभिन्न पार्टी में जितने सांसद



और विधायक हैं वे सब गुलाम हैं दलितों से उन्हें कोई प्रेम नहीं रहा। राज्यपाल के नाम रोहतास जिलाधिकारी के द्वारा निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। रोहतास जिले के कछंवा थाना के लेवा में 16 वर्षीय अनुसूचित जाति समाज से आने वाली रचना पासवान की निर्मम हत्या कर दी गई थी, लेकिन अबतक रोहतास पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं हो पाई है। सासाराम मुफसिल थाना के ग्राम छोटका मोर में दलित युवक रितेश रविदास की गोली मारकर घायल कर दिया गया इसमें भी अबतक अपराधी पुलिस के गिरफ्त से दूर है। रोहतास जिले के दावथ थाना के जगोधरा में अरुण पासवान की हत्या को हुए आज 3 महीना हो गया, लेकिन अबतक मुख्य आरोपी अबतक फरार है। रोहतास जिले के मोकर के धर्मेंद्र राम जिनकी हत्या कर दुर्घटना का रूप दिया जा रहा है। मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो। औरंगाबाद जिले में दलित छात्रा कोमल पासवान की गाड़ी से रौंदकर निर्मम हत्या कर दी गई एवं ठीक दो दिन बाद औरंगाबाद जिले में ही रणजीत पासवान पत्रकार की निर्मम हत्या कर दी गई इसमें शामिल सभी आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। बिहार राज्य में लंबे समय से अनुसूचित जाति आयोग को भंग कर दिया गया है जिससे दलितों पर अत्याचार में वृद्धि हुई है तत्काल अनुसूचित जाति आयोग को पुनः बहाल किया जाए। पुतला दहन कार्यक्रम में अमित पासवान, गुड्डू कुमार, चंद्रभान प्रताप, डॉ. रामाधार पासवान, रोहित पासवान, अमित सम्राट, झंडू पासवान, बसंत बिंद, गोल्डन पासवान, छोटू कुमार, सोनू पासवान, मंटू कुमार, कमलेश पासवान, गोलू कुमार, अजय राम, टाइगर पासवान, दीपक कुमार मौजूद रहे।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Short Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/42/ 2024-25 | Laying of paver block from bombay Restaurant to near Gandhi Maidan via Birsa chowk and drain opposite bombay restaurant in ward no. 23 under Medininagar municipal corporation | 24,94,860/- | 49,900/- | 5,000/- | 4 माह |
| 2 | UDHD/MMC/43/ 2024-25 | Stainless Steel Railing in Ambedkar Park In ward no. 24 Under Medininagar Municipal Corporation. | 9,29,208/- | 18,600/- | 5,000/- | 3 माह |
| 3 | UDHD/MMC/44/ 2024-25 | Renovation of ward development centre at ward no- 23 under Medininagar Municipal Corporation | 23,46,297/- | 47,000/- | 5,000/- | 6 माह |
| **Part – B** | | | | | | |
| 1 | Date Of Publication Of Tender | | 21/03/2025 At 03:00 PM | | | |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | | 21/03/2025 At 03:00 PM | | | |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | | 21/03/2025 At 03:00 PM | | | |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | | 04/04/2025 AT 02:00 PM | | | |
| 6 | Date Of Bid Opening | | 05/04/2025 AT 02:00 PM | | | |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation | | | |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 | | | |

**NOTE :-** Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 348894 District (24-25)_D

# आवास योजना के लक्ष्य को समय पर पूरा करें : उपविकास आयुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 की आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) सर्वे एवं स्वच्छता से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवास योजना के लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे शीघ्र संपन्न करने पर बल दिया, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। इसके अतिरिक्त, स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता से जुड़े कार्यों पर भी चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रतिदिन प्रत्येक पंचायत में कचरा उठाव करवाना सुनिश्चित करेंगे। स्वच्छता पर्यवेक्षक द्वारा इस कार्य हेतु कोताही बरतने पर चयनमुक्त करने का निर्देश दिया गया। डोर टू डोर जाकर घर का रजिस्ट्रेशन करवाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बहुलक टोलों में शत्-प्रतिशत शौचालय आच्छादन करायें। इसके लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इस समय-सीमा के अन्दर शौचालय शत्-प्रतिशत आच्छादन का कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में प्रशिक्षु वरीय उपसमाहर्त्ता-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी सिरदला अमरनाथ कुमार, प्रशिक्षु वरीय उपसमाहर्त्ता-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी काशीचक मनोज कुमार चौधरी, निदेशक डीआरडीए धीरज कुमार के साथ-साथ अन्य प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# 75 लाख के लिए भाईयों ने रची चचेरे भाई की हत्या की साजिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** नालंदा पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर एक जघन्य हत्या का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने बताया कि प्रॉपर्टी डीलर नीरज कुमार उर्फ मुन्नू की हत्या उसके ही चचेरे भाईयों और दो अन्य साथियों ने मिलकर की थी। घटना का मूल कारण पारिवारिक विवाद और आर्थिक लेन-देन रहा। पुलिस के अनुसार, नीरज कुमार की शादी अप्रैल 2025 में तय थी, जिसके लिए उसने अपनी पैतृक जमीन बेच दी थी। इस बिक्री से प्राप्त 75 लाख रुपये की हिस्सेदारी को लेकर नीरज के चचेरे भाइयों केशव कुमार, हर्षित कुमार और हरिओम कुमार ने गांव के दो अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 17 मार्च की रात करीब 9 बजे आरोपियों ने नीरज कुमार को गोली मार दी और हत्या को छिपाने के लिए उसका शव गांव के पूरब स्थित एक कुएं में फेंक दिया। अगले दिन, 18 मार्च को राजगीर थाना क्षेत्र के नई पोखर मोहल्ले के पास से नीरज का शव बरामद हुआ। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) राजगीर के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। जांच के दौरान मिले ठोस साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी में केशव कुमार, हर्षित कुमार, हरिओम कुमार, सौरव कुमार उर्फ ममू, केशव कुमार उर्फ सोना हत्या में इस्तेमाल हथियार और अन्य सबूत बरामद पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक पिस्तौल, 7.62 एमएम का एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इसके अलावा, घटनास्थल से आरोपी हरिओम कुमार का टूटा चश्मा, मृतक नीरज कुमार का मोबाइल फोन, एयरबड और चश्मा भी पुलिस के हाथ लगे हैं। पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने जनता दरबार में समस्याओं का किया निवारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार में आम जनता की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया गया। आयोजित इस जनता दरबार में 63 फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और तत्क्षण उनका समाधान किया गया। मुख्य रूप से आज जनता दरबार में जमीन विवाद, विद्युत, आपसी विवाद, आदि से संबंधिम शिकायतें आय। जनता दरबार में ग्राम-अम्बेदकर नगर, भदौनी के उर्मिला देवी द्वारा जमीन अतिक्रमण के संबंध में, ग्राम-छतिहर के कुमारी वन्दना द्वारा रैयती जमीन पर बना मकान को अवैध रूप से ध्वस्त करने के संबंध में, मो0-गोंदापुर के अर्चना कुमार द्वारा जमीन उपलब्ध करने के संबंध में, सुलेखा कुमारी, रिंकु कुमारी, रश्मि कुमारी आदि के द्वारा एएनएम के मानदेय से ईपीएफ में अंशदान की कटौती के संबंध में आवेदन दिया। जिलाधिकारी द्वारा कुछ आवेदन को संबंधित पदाधिकारी से बात कर ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया एवं अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास निपटारा के लिए भेज दिया गया। जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ढोल बजाकर फरार सात आरोपितों के घर चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चेरो ओपी पुलिस ने बाजार में फरार चल रहे सात आरोपियों के घरों पर शुक्रवार को इश्तेहार चिपकाया गया। पुलिस ने ढोल बजाकर सार्वजनिक रूप से यह संदेश दिया कि आरोपी जल्द से जल्द आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उनकी संपत्ति कुर्क करने की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि पांच महीने पहले छापेमारी के दौरान शराबियों द्वारा पुलिस पर किए गए हमले में एक दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना के संबंध में दर्जनों लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में कई आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# म्यांमार का 30 सदस्यीय राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा नालंदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** बौद्ध अध्ययन और विरासत के क्षेत्र में भारत के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने के लिए म्यांमार की 30 सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को नव नालंदा महाविहार पहुंची। कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने अतिथियों को बौद्ध परंपरा के अनुसार स्वागत किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल के साथ दोनों देशों के बीच बौद्ध अध्ययन और विरासत के क्षेत्र में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने के लिए आयोजित संवाद एक मूल्यवान मंच सावित हुआ। जिसमें प्राचीन नालंदा महाविहार के अकादमिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक पहलुओं पर विद्वानों ने अपने विचार रखे। संवाद की शुरूआत मुख्य अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद डॉ. धम्म ज्योति के साथ भिक्षु संघ ने मंगल पाठ किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे म्यांमार के उपमहानिदेशक हट्टन आंग क्याओं ने दोनों देशों के बीच बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में प्राचीन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों पर अकादमिक सहयोग और विनिमय कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महाविहार द्वारा बौद्ध विरासत के संरक्षण और प्रचार पर कृतज्ञता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय की संयुक्त सचिव अनीता शुक्ला बौद्ध अध्ययन में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में महाविहार की भूमिका पर खुशी जाहिर करते हुए कहा इस प्रकार के संवाद दोनों देशों के बीच आपसी समझ को प्रोत्साहित करेगी। संवाद की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने नालंदा को प्राचीन ज्ञानपीठ के रूप में रेखांकित किया। बौद्ध दर्शन, संस्कृति और अंतरधार्मिक संवाद को बढ़ावा देने में महाविहार की भूमिका को विस्तार से बताया। कहा इस तरह के संवाद से द्विपक्षीय अकादमिक संबंध व साझा विरासत को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान नालंदा की विरासत और निरंतरता पर आधारित विशेष फिल्म के माध्यम से अतिथियों को नालंदा की समृद्ध ऐतिहासिक और शैक्षिक विरासत की झलक दिखाई गई। मंच का संचालन डॉ. सोनम लामो तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुरेश कुमार ने किया। प्रतिनिधि मंडल ने नव नालंदा महाविहार के देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुस्तकालय में संरक्षित रखे दुर्लभ पांडुलिपियों को देखा। इसके बाद ह्वेनत्सांग स्मृति भवन, सांस्कृतिक ग्राम तथा प्राचीन नालंदा महाविहार के भग्नावशेषों का अवलोकन किया।

# दरावां पैक्स अध्यक्ष रजनीश को सहकारिता मंत्री ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** प्रखण्ड के दरावां पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार को पटना में आयोजित एक समारोह में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन अंतर्गत वर्ष 2023-24 में प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट कार्यकलाप पर नवादा जिला में दरावां पैक्स को तीसरे स्थान पर चयनित होने पर प्रदान किया गया है। पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत पुरस्कार स्वरूप माननीय मंत्री के द्वारा विभाग के सौजन्य से दरावां पैक्स समिति के खाता में दो लाख रुपये भी प्रदान किया गया है। सम्मान मिलने से उत्साहित पैक्स अध्यक्ष रजनीश ने कहा कि यह सम्मान दरावां पैक्स के किसानों की देन है। जिन्होंने हम पर भरोसा कर लगातार चौथी बार सेवा करने का मौका दिया। जिनके भरोसे पर वे लगातार उतरने का प्रयास कर रहे हैं। पैक्स अध्यक्ष रजनीश को मंत्री के द्वारा सम्मानित होने पर कौआकोल के पत्रकार नवीन कुमार, शिवशंकर सिंह, रौशन कुमार सोनु, कुमार सानू, दशरथ मिस्त्री, कुमार सानू, राजीव रंजन, शैलेश कुमार आर्य, अमित कुमार, अजय कुमार, रामनुग्रह सिंह समेत पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, नरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार आदि ने उन्हें बधाई दिया है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** प्रशासन के द्वारा सड़क दुर्घटना को कम करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। हाल के दिनों में नवादा सांसद विवेक ठाकुर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए पदाधिकारिओं को कई आवश्यक निर्देश दिया गया था।यातायात पुलिस ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने में लगे है,बावजूद वाहन चालक अपने करतूत से बाज नहीं आते,जिससे आए दिन किसी न किसी सड़क मार्ग पर सड़क हादसे में लोगों की जान जा रही है।ताजा मामला वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के नवादा-वारिसलीगंज पथ पर मंजौर गांव पास की है,जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने विपरित दिशा से आ रही एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के गड़ेरी बिगहा गांव निवासी रामदेव पाल का 25 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और वारिसलीगंज-नवादा पथ को जाम कर दिया।घटना की सूचना बाद दलबल के साथ पहुंचें थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रुपेश कुमार सिन्हा सड़क जाम कर लोगों को समझाने में लगे हैं। वहीं एफएसएल टीम को घटना की सूचना दिया गया। सूचना बाद घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल की टीम ने कई प्रदर्श को एकत्रित कर जांच के लिए साथ ले गई।

# 11 अप्रैल को अपनी ताकत दिखाएगा जन सुराज : ललन यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जन सुराज पार्टी की 11 अप्रैल को पटना में होने वाले रैली की तैयारी की बैठक को लेकर पूर्व आईएएस अधिकारी एवं जन सुराज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ललन यादव आज नवादा पहुंचे । पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ललन यादव ने कहा कि आगामी 11 अप्रैल को पार्टी की ओर से पटना में एक बड़ी रैली आयोजित की जा रही है और इस रैली में बड़ी संख्या में बिहार के कोने -कोने से लोग आ रहे हैं । उन्होंने कहा कि मै प्रेस के माध्यम से जनता से अपील करता हूं कि आप लोग भी बड़ी संख्या में पटना पहुंचे और इस डबल इंजन की सरकार को बता दें कि अब बिहार की जनता बदलाव चाहती है । उन्होंने कहा कि हमारे नेता प्रशांत किशोर पिछले दो सालों से पैदल चल रहे हैं जनता की समस्या को सुन रहे हैं वो शिक्षा और रोजगार की बात करते हैं। बिहार में पलायन कैसे रुकेगा वो उसकी बात करते हैं। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बताया की हमारा संगठन पूरे बिहार बहुत मजबूती के साथ काम कर रहा है और हमारी पार्टी पूरी ताकत के साथ 243 सीट पर चुनाव लड़ेगी। आपको बता दें कि इस बैठक में जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार, जिला महासचिव अरविंद प्रसाद, जिला मुख्य प्रवक्ता गुलाम मुस्तफ़ा उर्फ़ महताब आलम जिला अभियान संयोजक सूर्यदेव प्रसाद, जिला महिला अध्यक्ष गायत्री देवी, जिला किसान अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कृष्ण, नवादा अनुमंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, रजौली अनुमंडल अध्यक्ष नरेश चौधरी एवं स भी प्रखंड के अध्यक्ष, पूर्व मुखिया कन्हैया बादल, वरिष्ठ कार्यकर्ता उदय शंकर सहित सैकड़ों जन सुराज के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राचार्य के पद पर चयनित हुए डॉ गजेन्द्र प्रसाद गदकर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा(नालंदा)।** स्थानीय एस यू कॉलेज, हिलसा के प्रभारी प्राचार्य डॉ गजेंद्र प्रसाद गदकर बिहार विश्विद्यालय सेवा आयोग द्वारा प्राचार्य पद पर हुए इंटरव्यू में चयनित हुए हैं। इस सूचना पर महाविद्यालय में हर्ष व्यक्त किया गया। शुक्रवार को उनके कॉलेज आगमन पर उनकी प्रोन्नति पर महाविद्यालय के कल्चरल सोसाइटी के छात्राओं द्वारा फूल माला और अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के प्राध्यापकों और कर्मियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ गजेन्द्र प्रसाद जी ने श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय के संस्थापक बाबा विष्णुप्रकाश उदासीन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि महाविद्यालय परिवार और हिलसा के शिक्षा प्रेमियों के द्वारा उन्हें काफी स्नेह और सहयोग दिया गया है जिसके वे आभारी हैं। विदित है कि डॉ गजेंद्र मगध विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक पद पर भी कार्य कर चुके हैं। शुक्रवार को आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कॉलेज के सभी अध्यापक और कर्मी उपस्थित रहे।

# एमएलसी अशोक यादव ने विद्यालय भवन, पिंक शौचालय व वीरू कुंआ के लिए सदन में रखी मांग




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा एमएलसी अशोक यादव द्वारा नवादा के विकास को लेकर लगातार सदन में आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को तारांकित प्रश्न के माध्यम से सदन में कहा नवादा सदर प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, शाहपुर का भवन काफी जर्जर अवस्था में है। किसी भी समय अप्रिय घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है, प्रा. ति. शाहपुर के भवन का नवनिर्माण कराने हेतू सान में सरकार से एक स्पष्टय वक्तव्य की मांग किया गया। अशोक कुमार ने नवादा जिला में प्रखंड मुख्यालय रोह बाजार में पिंक टॉयलेट नहीं है। यहां 12 पंचायत के सैकड़ो महिलाओं खरीदारी के लिए प्रतिदिन रोह बाजार आया करती है। रोह बाजार मे पिंक रॉयलेट निर्माण कराने के लिए सदन में सरकार से एक स्पष्ट वक्तव्य की मांग किया गया साथ हीं अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से एमएलसी ने नवादा जिला के प्रखंड रोह बाजार में ऐतिहासिक एवं बहुचर्चित वीरु कुंआ को विकसित कराने हेतु सदन के माध्यम से सरकार से मांग किये।

# एसडीओ ने राइस मिलरों के साथ की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** अनुमंडल क्षेत्र में धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर अधिप्राप्ति में तेजी लाने को लेकर एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने राइस मीलरों एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान एमओ राजेश कुमार एवं बीसीओ राकेश कुमार भी मौजूद रहे। एसडीओ ने बताया कि जिलाधिकारी नवादा के द्वारा आपूर्ति टास्क फोर्स का गठन कर धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर प्राप्ति में तेजी लाने को लेकर निर्देश दिया गया था। एसडीओ ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा गया कि धान क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनके हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पारदर्शी एवं समयबद्ध भुगतान प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने और कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा करने पर जोर दिया। साथ ही,उन्होंने सभी राइस मिलरों से सीएमआर आपूर्ति (चावल आपूर्ति) प्रक्रिया में तेजी लाने की बात कही है।साथ ही एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सीएमआर आपूर्ति प्रक्रिया में तेजी लाने और धान अधिप्राप्ति को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने समितियों के माध्यम से अधिक से अधिक धान की खरीद सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी,सभी गोदाम प्रबंधक सीएमआर, तेयार एग्रो इन्डस्ट्रीज प्रा. लि. अकबरपुर,मेसर्स श्री महाबीर राईस मील मेसकौर, खनवां मेसर्स मां काली राईस मील नरहट,मेसर्स नवादा एग्गो राईस मील, रोह नवादा एवं ए0 वी0 एग्रोटेक मिल्स,एलएलपी मेसकौर के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मीरा कुमार से मिले बिहार कांग्रेस अध्यक्ष व नेता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री मीरा कुमार से शुक्रवार को बिहार कॉंग्रेस के नए अध्यक्ष राजेश कुमार एवं संजय पासवान उर्फ डीसी पासवान ने मुलाकात की । इस दरम्यान नेताओं ने बिहार की राजनीति और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर घंटों बातचीत किया। ऐसे में दलित चेहरा पर हीं भरोसा जताते हुए कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी ने औरंगाबाद के कुटूम्बा विधानसभा के विधायक राजेश कुमार को बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किया गया। जिसको लेकर बिहार प्रदेश के नए अध्यक्ष राजेश कुमार ने कांग्रेस नेता डीसी पासवान के संग उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात किया। अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस महागठबंधन के साथ मजबूती से चुनाव लड़ेगी और इसको लेकर कांग्रेस पूरी तैयारी कर लिया है। उन्होंने कहा बिहार चुनाव को लेकर बातचीत हुआ जिसमें उन्होंने कुछ दिशानिर्देश दिए और हमलोगों का विचार लिए।

# शराब के साथ चार लोगों को उत्पाद बलों ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के बिहार झारखंड के सीमावर्ती स्थित समेकित जांच पर उत्पाद बलों ने आंध्र प्रदेश के विशाखापतनम से आ रहे एक लग्जरी कार से चार बोतल विदेशी शराब बरामद किया साथ ही कार में सवार रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई राजेश कुमार पटेल के नेतृत्व में उत्पाद बलों से सहयोग से सघन जांच किया जाता है। इस दौरान झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। शुक्रवार की अहले सुबह उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार एवं एएसआई सौरभ कुमार द्वारा एक कार को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में कार के अगले, बीच वाले एवं पीछे वाले सीट से 750 एमएल वाले ब्लेंडर्स प्राइड के कुल चार बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया। वहीं कार में सवार रहे चारों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान आंध्र प्रदेश के विशाखापतनम थाना क्षेत्र निवासी स्व. सुब्बा राव के पुत्र बि. अजय कुमार,स्व. सुब्बा राव के पुत्र पि. वि. वि. राम मोहन राव,स्व. सीताराम के पुत्र शिवा प्रसाद एवं गंगाधर के पुत्र अ. श्री कृष्णा के रूप में हुई है। गिरफ्तार लोगों ने बताया कि वे आंध्र प्रदेश के विशाखापतनम से ही शराब लेकर स्वयं के उपयोग के लिए लेकर चले थे। वहीं दूसरी ओर भोजपुर क्लासिक बस पर सवार एक यात्री के पास से 750 एमएल वाले आइकॉनिक व्हिस्की नामक एक बोतल शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान छपरा जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के मदनसाठ गांव निवासी रमेश सिंह के पुत्र पुरुषोत्तम सिंह के रूप में हुई है।

# साहू समाज ने जितेंद्र व अरविंद को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिला तैलीक साहू सभा की ओर से सेलिब्रेशन होटल के हॉल में एक सम्मान समारोह मनाया गया। जिला तैलीक साहू सभा के जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी , जिला महामंत्री बनाया एवं नवादा जिला तैलीक साहू सभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता को जेडीयू ने नवादा जिला महामंत्री बनाया। इसी खुशी को लेकर बिहार प्रदेश तैलीक साहू सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव की अध्यक्षता में सैकड़ों तेली साहू बंधुओं ने अरविंद कुमार गुप्ता और जितेंद्र कुमार गुप्ता को फूल माला एवं अंग वस्त्र पहना कर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने काफी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नवादा में भाजपा और जेडीयू दोनों राजनीति पार्टी ने तेली जाति को सम्मान दिया, इसलिए हम सभी हृदय से आभार धन्यवाद करता हूं। प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज संजय साव ने कहा कि हमारा नवादा साहू समाज के जिला अध्यक्ष अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता को जेडीयू ने जिला महामंत्री और नवादा साहू समाज के जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता को भाजपा अपने पार्टी में नवादा जिला महामंत्री का दायित्व देकर जो सम्मान दिया है इसके लिए भाजपा एवं जेडीयू दोनों पार्टी के

CMYK

# बोधगया शंकराचार्य मठ और मगध विश्वविद्यालय के बीच ऐतिहासिक समझौता

## शैक्षणिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में सहयोग से शोध और अध्ययन को मिलेगा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** भारतीय शिक्षा और आध्यात्मिक परंपरा के समन्वय को एक नई दिशा देते हुए बोधगया शंकराचार्य मठ और मगध विश्वविद्यालय के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य शैक्षणिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सहयोग को सुदृढ़ करना है जिससे शोध कार्य को प्रोत्साहन मिलेगा और समाज के आर्थिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास में योगदान संभव हो सकेगा। यह पहल न केवल दो संस्थानों के बीच संबंधों को पुनर्जनन देगी, बल्कि बोधगया को वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में और अधिक स्थापित करने में भी मदद करेगी। समारोह में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. शाही, कुलसचिव डॉ. बिपिन कुमार, विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी, प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग के



शिक्षकगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों पक्षों ने इस सहयोग के दीर्घकालिक प्रभावों पर विचार-मंथन किया और इसे एक मील का पत्थर बताया।

**ज्ञान परंपरा को मिलेगी नई ऊर्जा**

इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने कहा कि शंकराचार्य मठ के आशीर्वाद और सहयोग से ही मगध विश्वविद्यालय की स्थापना संभव हो सकी थी। उन्होंने इस ऐतिहासिक संबंध को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का नैतिक दायित्व है कि वह इस सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्द्धन में अपना योगदान दे। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही एक राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें मठ के ऐतिहासिक महत्व, उसकी वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाओं पर मंथन किया जाएगा। साथ ही विश्वविद्यालय के शोधार्थियों को मठ से जुड़े विषयों पर शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रो. शाही ने यह भी जोड़ा कि इस सहयोग से प्राचीन भारतीय दर्शन और आधुनिक विज्ञान के बीच एक सेतु स्थापित होगा, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़े रखने में मदद करेगा।

**विश्वविद्यालय और मठ के संबंध होंगे और प्रगाढ़**

मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बिपिन कुमार ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय और मठ के बीच वर्षों से औपचारिक मात्र रह गए संबंधों को फिर से मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यदि मठ की सहमति हो, तो विश्वविद्यालय उसके प्रबंधन में भी सहयोग कर सकता है, क्योंकि दोनों संस्थान एक-दूसरे के अभिन्न अंग हैं। डॉ. कुमार ने आगे बताया कि इस समझौते के तहत संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, कार्यशालाएं और प्रकाशन भी संभव होंगे जो दोनों संस्थानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि मठ के प्राचीन ग्रंथों और दस्तावेजों का डिजिटलीकरण कर उन्हें शोध के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है जिससे वैश्विक शोध समुदाय को भी लाभ होगा।

**आध्यात्मिक और शैक्षणिक समन्वय से होगा सर्वांगीण विकास**

इस अवसर पर शंकराचार्य मठ के महंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि शंकराचार्य मठ भारतीय दर्शन, वैदिक ज्ञान और आध्यात्मिक धरोहर के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में समर्पित एक प्रतिष्ठित संस्था है। उन्होंने कहा कि यह समझौता ज्ञान परंपरा को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा, जिससे समाज का सर्वांगीण उत्थान होगा। उन्होंने इस सहयोग को बोधगया के वैश्विक आध्यात्मिक महत्व के साथ जोड़ते हुए कहा कि यह पहल बौद्ध और हिंदू परंपराओं के बीच एक सांस्कृतिक सेतु का भी काम करेगी, क्योंकि बोधगया दोनों धर्मों के लिए पवित्र स्थल है। महंत ने यह भी आशा जताई कि यह सहयोग युवाओं को आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिकता के प्रति जागरूक करेगा, जो आधुनिक जीवन की चुनौतियों से निपटने में सहायक होगा।

**वैश्विक प्रभाव और भविष्य की संभावनाएं**

इस समझौते से बोधगया में शैक्षणिक और आध्यात्मिक समन्वय को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय और मठ के संयुक्त प्रयासों से शोध और अध्ययन के नए अवसर खुलेंगे जिससे समाज को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के मार्ग प्रशस्त होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित करेगा क्योंकि यह प्राचीन ज्ञान और आधुनिक शिक्षा के बीच संतुलन का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसके अलावा यह सहयोग पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा दे सकता है जिससे बोधगया का आर्थिक विकास और तेज होगा। इस प्रकार यह समझौता एक ऐसी नींव रखता है जो आने वाले वर्षों में शिक्षा, शोध और आध्यात्मिकता के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। यह बोधगया को न केवल एक तीर्थस्थल के रूप में, बल्कि एक ज्ञान और चिंतन के केंद्र के रूप में भी स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# डीएम ने 250 व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुना, दिए दिशा निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित डीएम का जनता दरबार स्थगित रहने के बाद भी समाहरणालय में अनेकों आवेदक आने की सूचना पर डीएम स्वयं समाहरणालय पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुना। डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम ने लगभग 250 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में डीएम द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा डीडीसी, एडीएम, एसडीओ संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास / मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त/ डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बंटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए। उन सभी आवेदन के आलोक में डीएम ने संबंधित सीओ तथा थानाध्यक्ष एवं एसडीओ तथा डीएसपी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए। जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी/ पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे।

# बिहार में बैंक हड़ताल स्थगित, मांगों पर सकारात्मक वार्ता के बाद निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में 24 और 25 मार्च को प्रस्तावित बैंक हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय आज दिल्ली में हुई एक अहम बैठक के बाद लिया गया जिसमें यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यू.एफ.बी.यू.), चीफ लेबर कमिश्नर, डीएफएस सचिव और वित्त मंत्रालय के सचिव शामिल थे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स, बिहार स्टेट यूनिट के संयोजक राजू कुमार सिंह और ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (ए.आई.बी.ओ.सी.) बिहार राज्य इकाई के सचिव अमरेश विक्रमादित्य ने संयुक्त बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार और बैंक प्रबंधन की ओर से सभी मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया गया है जिसके चलते हड़ताल को एक या दो महीने के लिए स्थगित किया गया है। संघ नेताओं के अनुसार आगामी बैठक अप्रैल के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी जिसकी निगरानी स्वयं चीफ लेबर कमिश्नर करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स, इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आई.बी.ए.), डीएफएस और वित्त मंत्रालय के बीच होने वाली चर्चाओं पर उनकी सीधी नजर रहेगी। इस फैसले के बाद बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों को राहत मिली है क्योंकि दो दिवसीय हड़ताल से बैंकिंग सेवाओं के ठप होने की संभावना थी। अब आगामी वार्ता के नतीजों पर बैंक कर्मचारियों की निगाहें टिकी रहेंगी।

# मगध विश्वविद्यालय में पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के आयोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा पीएच.डी. एडमिशन टेस्ट 2022-23 के सफल आयोजन हेतु कुलपति प्रो. एस.पी. शाही की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा नियंत्रक, सहायक परीक्षा नियंत्रक, केंद्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुचारु आयोजन हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



**निष्पक्षता एवं गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम**

परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर उड़नदस्ता दल एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। परीक्षा में अनुशासन बनाए रखने हेतु बिहार विश्वविद्यालय परीक्षा अधिनियम 1981 के तहत परीक्षा केंद्राधीक्षकों को परीक्षा की गोपनीयता एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों और परीक्षा आयोजन से जुड़े शिक्षकों के लिए मोबाइल फोन का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई परीक्षार्थी या नियुक्त शिक्षक इस नियम का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**शिक्षकों की अनिवार्य उपस्थिति**

मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गया कॉलेज, अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज एवं मिर्जा गालिब कॉलेज में परीक्षा के आयोजन हेतु नियुक्त शिक्षक 23 मार्च 2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। अनुपस्थिति की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित करना है, ताकि योग्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# मारपीट का अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के चंदैनी गांव से जमीन विवाद में मारपीट का प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया है। जानकारी देते हुए आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि वादी मोहन यादव ग्राम चंदैनी के द्वारा बीते ढाई माह पूर्व फर्द बयान के आधार पर आंती थाना कांड संख्या 3/25 दर्ज कराई गई थी जिसमें जमीन विवाद में मारपीट के प्राथमिकी अभियुक्त राकेश कुमार पिता सलम यादव ग्राम चंदैनी को पुलिस बल के सहयोग से एस आई मीरा कुमारी ने गिरफ्तार किया और अग्रेतर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है। वहीं, ग्राम आंती से टुलू पासवान पिता कृष्णा पासवान को बीते छः दिन पूर्व पोखरा में मछली पकड़ने को लेकर हुए दो समुदाय के बीच विवाद और मारपीट मामले में गिरफ्तार किया गया है और अग्रिम कार्रवाई जारी है।

# बाढ़ थर्मल पावर प्लांट के स्टेज-1 की तीसरी इकाई हुई सिंक्रोनाइज

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर हुई थी प्लांट की स्थापना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर स्थापित बिहार के बाढ़ में मौजूद राज्य का पहला सुपर पॉवर थर्मल प्लांट के स्टेज-1 की तीसरी इकाई को शुक्रवार को सिंक्रोनाइज कर दिया है। इसे 26.3.25 से 72 घंटे के लिए पूरी क्षमता पर चलाया जाएगा। ताकि इस नई इकाई से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया जा सके। इस तरह बाढ़ सुपर पॉवर थर्मल प्लांट के स्टेज-1 के तीन और स्टेज-2 की दो इकाई पूरी तरह से बिजली का उत्पादन करना शुरू हो जाएगा। इस थर्मल पॉवर प्लांट के स्टेज-1 में बनी तीन इकाईयों में प्रत्येक से 660 मेगावाट क्षमता की है जबकि स्टेज-2 की दो इकाईयों की भी क्षमता 660 मेगावाट की है। इस तरह स्टेज-1 की तीनों इकाईयों से कुल 1980 मेगावाट हो जाएगा और दूसरे स्टेज की दो



इकाईयों से 1320 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। इसमें बिहार को स्टेज-1 की तीनों इकाईयों से 61 फीसदी यानी 1202 मेगावाट मिलेगी तथा स्टेज-2 की दो इकाईयों से 87 फीसदी यानी 1153 मेगावाट बिजली मिल रही है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि बाढ़ थर्मल पावर प्लांट बिहार की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहतर नेतृत्व और राज्य में सुशासन की वजह से संभव हो पाया है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य को निर्बाध एवं सस्ती बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी जिससे औद्योगिक क्षेत्रों, कृषि, व्यापार और घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बाढ़ विद्युत ताप परियोजना का सफल क्रियान्वयन बिहार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ राज्य के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इसकी आधारशिला 1999 में रखी गई थी। उस समय मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केंद्र सरकार में मंत्री थे। पहले इसमें 660 मेगावाट की सिर्फ तीन यूनिटें बनाने की योजना थी। परंतु बाद में इसके दूसरे चरण को मंजूर करते हुए 660 मेगावाट की दो अतिरिक्त यूनिटों को बढ़ाया गया। इस तरह इस संयंत्र के स्टेज-1 में तीन तथा स्टेज-2 में दो यूनिटें बनाने की योजना को मूर्तरूप दिया गया, जो अब जाकर पूरा हो गया है। राज्य सरकार ने इस बाढ़ थर्मल पॉवर प्लांट की जमीन के अधिग्रहण में एनटीपीसी को काफी सहयोग किया। जमीन अधिग्रहण में कई बार स्थानीय स्तर पर कई विवाद भी हुए, लेकिन राज्य सरकार ने विशेषतौर पर पहल करते हुए इसका समाधान कराया और जरूरत के मुताबिक जमीन इस पॉवर प्लांट को मुहैया कराई। राज्य सरकार ने इसमें आने वाली विधि-व्यवस्था की समस्या का भी विशेष पहल करते हुए समाधान कराया।

# बी. डी. कॉलेज में विश्व कविता दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना के अंग्रेजी विभाग द्वारा विश्व कविता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक भव्य कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी काव्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन का उद्देश्य साहित्यिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देना और भाषाई विविधता को बढ़ावा देना था, जो यूनेस्को द्वारा निर्धारित विश्व कविता दिवस के उद्देश्यों के अनुरूप है। कार्यक्रम में छात्रों ने विविध विषयों पर आधारित कविताओं का सजीव और भावनात्मक प्रस्तुतिकरण किया जिससे पूरे माहौल में काव्य रस घुल गया। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों की इस उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। प्रतियोगिता ने साहित्यिक प्रेमियों को एक मंच प्रदान किया, जिससे वे अपनी अभिव्यक्ति और सृजनात्मकता को निखार सकें।

# बिजहारा गांव में भाईचारे और संस्कृति का अनूठा संगम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के बिजहारा गांव आज अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और आपसी भाईचारे के लिए चर्चा में है। यह न केवल अपने प्राकृतिक और धार्मिक वैभव के लिए जाना जाता है, बल्कि हिंदू- मुस्लिम एकता का एक जीवंत उदाहरण भी पेश करता है। उक्त गांव के सामाजिक कार्यकर्ता महताब अंसारी के अनुसार बिजहारा 'हिंदू- मुस्लिम, भाई-भाई' का पैगाम देता है। यहां 52 बीघा जमीन में तालाब और किनारे दक्षिण छोर पर 13 वर्ष पूर्व गांव के सहयोग से बना सूर्य मंदिर गांव की शान है। मंदिर के बगल में मध्य विद्यालय है जहां बच्चे पढ़ते हैं। छठ पूजा में बिजहारा के तालाब और सूर्य मंदिर विशेष आकर्षण का केंद्र होता है जब सैकड़ों श्रद्धालु सूर्य को अर्घ्य देते हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**सं. 29245688, दानापुर, दि. 23.10.2024**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (भंडार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्यों हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :– **1. आपूर्ति का नाम एवं स्थान** : सप्लाई, इंस्टॉलेशन एण्ड कमिशनिंग ऑफ ट्रॉली माउन्टेड मोबाइल सिवेज इवैक्युएशन मशीन। मेक– डीबीएक्सटी ऑर सिमिलर. **2. निविदा संख्या** : 29245852A, **3. इ.एम.डी.** : रूपये 1,62,250.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय** : दिनांक 08–04–2025 को 14.00 बजे तक।, **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : दिनांक 08–04–2025 को 14.00 बजे।, **6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in, 7.** कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक कार्यालय, दानापुर। **नोट** : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा । यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा ।

वरीय मंडल सामग्री प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/02323/डीएनआर/भंडार/टी/24–25/32


# दहेज हत्या और हत्या के प्रयास मामले में 3 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिला पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो दहेज के लिए हत्या और एक हत्या के प्रयास का मामला शामिल है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कार्रवाई कर एक आरोपी को दबोच लिया जबकि अन्य मामलों में भी तेजी दिखाई। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र में 12 मार्च को एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज को लेकर हत्या का आरोप लगाया था। शिकायत के बाद पुलिस ने कांड संख्या-238/25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने आरोपी राकेश मांझी (निवासी तेतरिया, गया) को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। 28 फरवरी को कोंच थाना क्षेत्र में एक महिला पर जानलेवा हमला हुआ था। आरोप है कि संतोष गोस्वामी ने अपने साथियों संग घर में घुसकर पीड़िता को बुरी तरह पीटा। मामला कांड संख्या-139/25 के तहत दर्ज किया गया। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए संतोष गोस्वामी (निवासी कोंच, गया) को गिरफ्तार कर लिया। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है। वहीं अलीपुर थाना क्षेत्र में 19 मार्च को एक विवाहिता की दहेज हत्या कर दी गई। परिजनों को मोबाइल पर सूचना मिली कि उसकी हत्या कर दी गई है। अलीपुर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करते हुए आरोपी भुईनी देवी उर्फ ललपरिया देवी (निवासी कुर्था, अरवल) को गिरफ्तार कर लिया। गया पुलिस तीनों मामलों में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गौरतलब है कि जिले के एसएसपी आनंद कुमार ने स्पष्ट किया कि दहेज उत्पीड़न और हिंसा के मामलों में पुलिस कठोर कार्रवाई कर रही है।

# जीविका द्वारा कोंच में रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेले का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत जीविका द्वारा प्लस टू हाई स्कूल, खेल मैदान, कोंच में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। स्थानीय विधायक अनिल कुमार शर्मा, जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट, बीडीओ विपुल भरद्वाज सहित जीविका की जिला टीम ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी है कि जीविका द्वारा कोंच में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। मेरी इच्छा है की अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार का लाभ मिले और इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन होता रहे। जीविका मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह अच्छा कार्य कर रही है। जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने कहा नौकरी जो भी हो यदि आपके रूचि की है तो जरूर करना चाहिए। एक बार अनुभव मिल जाये तो आप आगे बढ़ सकते हैं। आगे बढ़ने के लिए आर्थिक सशक्तिकरण बेहद जरुरी है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक ग्रामीण युवाओं को रोजगार का अवसर मिले। हम इस प्रकार के रोजगार मेलों का आयोजन करते रहेंगे। बीडीओ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा जीविका विगत वर्षों में ग्रामीण लोगों के लिए एक वरदान की तरह साबित हुआ है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की माताओं एवं बहनों के जीवन में एक बदलाव लेकर आया है। यह मैंने अपने नौकरी के कार्यकाल में अनुभव किया है। अपने लोगों की मानसिक चेतना को बदलने का कार्य किया है। रोजगार मेला में कुल 1015, ग्रामीण युवाओं ने निबंधन कराया जिसमें से 350 युवाओं का चयन रोजगार हेतु प्रस्ताव पत्र हेतु किया गया। युवाओं ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामणी कौशल्य योजना अंतर्गत निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण, ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संसथान में स्वरोजगार हेतु पंजीयन भी युवाओं ने निबंधन कराया। मेले में युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसरों की जानकारी के साथ-साथ स्वरोजगार करने के विषय में भी जानकारी दी गई। विभिन्न कंपनियों के स्टालों युवाओं को जानकारी दी गई। विधायक सहित सभीअधिकारियों ने सभी रोजगार स्टॉल का निरिक्षण किया। प्रबंधक रोजगार विमलेश विक्रांत ने मंच से डीडीयू-जीकेवाई के विषय में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

## खोया-पाया

मैं रेखा शर्मा, उम्र लगभग 50 वर्ष, पति श्री नागेन्द्र कुमार शर्मा, ग्राम-कतरु बिगहा, थाना-परवलपुर, जिला-नालंदा, बिहार, वर्तमान मु. खटकाचक राजकीय मध्य विद्यालय गली, नैली, थाना-मगध मेडिकल, गया-823001 की निवासी हूं। मैं शपथ पत्र संख्या 13872, दिनांक 20.03.2025 द्वारा घोषणा करती हं कि मेरा आधार नं. 7919 99262212 है। मैंने खाता संख्या 68 (पु.) प्लॉट संख्या 242 (पु.),1724 (नया), रकबा 1500 वर्ग फीट अर्थात 3.44 डिसमिल मौजा-माड़नपुर, महल्ला-खटकाचक, थाना-सिविल लाइन, जिला- गया में केवाला सं. 152 दिनांक -05-01-2010 को श्री शंकर सिंह पिता-स्व. गोविन्द सिंह से खरीदी थी। जिसकी चौहद्दी है- उत्तर 12 फीट प्रस्तावित रास्ता, दक्षिण-भूषण प्रसाद, पूरब-अमीन साहब, पश्चिम-सीता कहार है। यह कि दिनांक 11.02.2025 से आवश्यक कार्य हेतु केवाला सं.-152 का फोटो कॉपी कराने हेतु गया कचहरी के पास गयी थी, उसी दरम्यान मेरा केवाला कहीं रास्ते में गिर गया। मैंने अपना दस्तावेज खोजने का काफी प्रयास किया, परन्तु नहीं मिल पाया। मैं एस.बी.आई. बैंक से गृह लोन (ऋण) लेने के लिए यह शपथ पत्र दर्ज कर रही हूं। अगर किसी को मिले तो कृपया इस मोबाइल नंबर-8146371361 पर संपर्क करें। मैंने नजदीकी सिविल लाइन थाना में सनहा दिनांक 02.03.2025 को दर्ज कराया है जिसका सनहा संख्या SDE No. 112/25 है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**OFFICE OF THE GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-IV, MEDININAGAR**
**Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand ,e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**E- Tender Notice**

**e-NIT No.-577 /PR/ JUSNL/ 2024-25**

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Outsourcing of manpower (Highly skilled/ skilled/ITI trained and Unskilled Khalasi/ supporting staff) for operational work at 132/25 kV Railway TSS Nagar Untari for the period from 01.05.2025 to 31.03.2026. |
| Period of Work | 01.05.2025 to 31.03.2026. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs. 5,900.00/- (Rupees Five Thousand and Nine Hundred) only. |
| Earnest Money Deposit | Rs. 75,400.00/- (Rupees Seventy Five Thousand and Four Hundred) only. |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 24.03.2025 at 03.00 PM to 13.04.2025 upto 4:00 PM. |
| Start Date and time of upload of BID | 24.03.2025 at 03:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 13.04.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 14.04.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on. |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand. |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhand tenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 7488012827 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 348981 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV, Medininagar


CMYK

# बिहार दिवस विशेष

बिहार स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर 'नवबिहार टाइम्स' आपके समक्ष प्रस्तुत करता है एक विशेष परिशिष्ट, जो इस गौरवमयी राज्य की अनुपम यात्रा का साक्षी बनता है। 22 मार्च, 1912 को बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और तब से यह भूमि अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, ऐतिहासिक वैभव और अथक संघर्षों के लिए जानी जाती है। इस परिशिष्ट के माध्यम से हम बिहार की उस विरासत को सलाम करते हैं, जो नालंदा के ज्ञान से लेकर गंगा के तट तक फैली है। यहां की कहानियां, यहां के लोगों का जज़्बा और यहां की प्रगति के स्वप्न इस संकलन में समाहित हैं। हमारा उद्देश्य न केवल अतीत की झांकी प्रस्तुत करना है, बल्कि वर्तमान की उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं को भी रेखांकित करना है। बिहार दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता और आत्मगौरव का प्रतीक है। आइए, इस अवसर पर अपने बिहार के प्रति प्रेम, समर्पण और गौरव का उत्सव मनाएं। बिहार, एक ऐसा प्रदेश जो अपने गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और प्रबुद्ध परंपराओं के लिए समूचे विश्व में विख्यात है। नालंदा और विक्रमशिला की ज्ञान गंगा से सिंचित यह भूमि न केवल भारत की बौद्धिक चेतना की जन्मस्थली रही है, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक आंदोलनों की धुरी भी रही है। बिहार केवल एक राज्य नहीं, एक जीवंत सांस्कृतिक धरोहर है, जो गर्व से अपने अतीत को सीने से लगाए भविष्य की ओर बढ़ता है। यह धरती हमें सिखाती है कि जड़ें कितनी भी गहरी हों, आकाश को छूने का हौसला कभी कम न हो।

# बिहार का पृथक राज्य के रूप में निर्माण

बिहार का एक पृथक राज्य के रूप में निर्माण और इससे उड़ीसा (अब ओडिशा) तथा झारखंड के अलग होने की कहानी भारत के औपनिवेशिक और स्वतंत्रता के बाद के इतिहास से गहराई से जुड़ी हुई है। यह प्रक्रिया ब्रिटिश शासन के दौरान प्रशासनिक और राजनीतिक बदलावों से शुरू हुई और स्वतंत्र भारत में क्षेत्रीय पहचान, संस्कृति, भाषा और आर्थिक असमानताओं के आधार पर आगे बढ़ी। इसे विस्तार से समझने के लिए हमें ऐतिहासिक संदर्भ, आंदोलनों और महत्वपूर्ण घटनाओं को देखना होगा। औपनिवेशिक काल में बिहार का इतिहास 18वीं और 19वीं सदी में बिहार, झारखंड और ओडिशा का क्षेत्र ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के अधीन बंगाल प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। 1756 में बिहार मुगल साम्राज्य के बंगाल सूबे का हिस्सा था और 1765 में इलाहाबाद की संधि के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार और उड़ीसा के क्षेत्रों में कर संग्रहण का अधिकार (दीवानी) मिला। इस समय तक यह क्षेत्र प्रशासनिक रूप से एकीकृत था, लेकिन सांस्कृतिक और भाषाई विविधता स्पष्ट थी। बिहार में मैथिली, भोजपुरी और मगही जैसी भाषाएं बोली जाती थीं, जबकि उड़ीसा में उड़िया और झारखंड क्षेत्र में जनजातीय भाषाएं प्रचलित थीं। बंगाल से अलगाव और बिहार- उड़ीसा प्रांत का गठन 19वीं सदी के अंत तक बंगाल प्रेसीडेंसी बहुत विशाल हो चुकी थी, जिसके कारण प्रशासनिक कठिनाइयां बढ़ रही थीं। बिहार के लोगों में यह भावना भी थी कि बंगाल के प्रभुत्व के कारण उनकी जरूरतों और पहचान की उपेक्षा हो रही है। इस असंतोष ने पृथक बिहार आंदोलन को जन्म दिया। सच्चिदानन्द सिन्हा और महेश नारायण जैसे नेताओं ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया। 1876 में मुंगेर से प्रकाशित एक पत्रिका में 'बिहार बिहारियों के लिए' शीर्षक से इसकी मांग उठाई गई थी। 1906 में महेश नारायण द्वारा प्रकाशित 'बिहारी टाइम्स' (बाद में ''बिहारी'' नाम से) ने भी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। इस आंदोलन का परिणाम 1911 में देखने को मिला, जब ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम के दिल्ली दरबार में बंगाल विभाजन को रद्द करने और बिहार व उड़ीसा को बंगाल से अलग करने की घोषणा की गई। 22 मार्च 1912 को औपचारिक रूप से बिहार और उड़ीसा प्रांत का गठन हुआ, जिसमें वर्तमान बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्से शामिल थे। पटना इस संयुक्त प्रांत की राजधानी बनी। यह बिहार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था, जिसे आज भी बिहार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### उड़ीसा का बिहार से अलग होना : उड़िया पहचान और आंदोलन

बिहार और उड़ीसा के संयुक्त प्रांत के गठन के बाद भी उड़िया भाषी लोगों में असंतोष बना रहा। उनकी भाषा, संस्कृति और इतिहास बिहार से भिन्न था। उड़िया बुद्धिजीवियों और नेताओं ने तर्क दिया कि बिहार के साथ रहने से उनकी पहचान और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उड़िया साहित्य, कला और परंपराओं की समृद्धि को संरक्षित करने के लिए एक अलग प्रांत की मांग तेज हुई।

### 1936 में उड़ीसा का अलगाव

उड़ीसा के लोगों के लगातार दबाव और ब्रिटिश सरकार की प्रशासनिक सुविधा के लिए 1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत बिहार और उड़ीसा को अलग करने का निर्णय लिया गया। 1 अप्रैल 1936 को उड़ीसा एक पृथक प्रांत के रूप में अस्तित्व में आया। शुरू में इसमें छह जिले शामिल थे और बाद में इसकी सीमाओं का विस्तार हुआ। उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर बनाई गई। यह भाषाई आधार पर भारत में पहला राज्य था, जो आगे चलकर स्वतंत्र भारत में राज्य पुनर्गठन का आधार बना। उड़ीसा का नाम बाद में ''ओडिशा'' कर दिया गया। इस अलगाव के बाद बिहार का क्षेत्रफल कम हुआ, लेकिन यह अभी भी एक बड़ा और समृद्ध प्रांत था।

### झारखंड का बिहार से अलग होना

झारखंड का क्षेत्र, जो मुख्य रूप से छोटानागपुर पठार और संथाल परगना को शामिल करता है, प्राकृतिक संसाधनों, विशेष रूप से खनिजों, से भरपूर था। यहां की जनजातीय आबादी (जैसे संथाल, मुंडा, हो, ओरांव) की संस्कृति, भाषा और जीवनशैली बिहार के मैदानी क्षेत्रों से अलग थी। ब्रिटिश काल में भी इस क्षेत्र को विशेष रूप से प्रशासित किया जाता था, लेकिन बिहार के साथ इसका एकीकरण बना रहा।

### झारखंड आंदोलन की शुरुआत

झारखंड को बिहार से अलग करने की मांग औपनिवेशिक काल से ही शुरू हो गई थी। 1929 में जयपाल सिंह मुंडा ने साइमन कमीशन के समक्ष झारखंड को अलग राज्य बनाने की मांग रखी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। 1939 में उन्होंने आदिवासी महासभा की स्थापना की। स्वतंत्रता के बाद 1947 में जयपाल सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के सामने यह प्रस्ताव दोहराया। झारखंड की मांग का आधार यह था कि बिहार सरकार इस क्षेत्र के खनिज संसाधनों का दोहन तो कर रही थी, लेकिन यहां के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा था। इसके बजाय यह क्षेत्र आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ता जा रहा था।

### आंदोलन का विकास

1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की स्थापना बिनोद बिहारी महतो, शिबू सोरेन और एके रॉय ने की। निर्मल महतो ने ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) बनाई। 1988 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ''वनांचल'' नाम से अलग राज्य की मांग को समर्थन दिया। इस आंदोलन में आदिवासी और गैर-आदिवासी दोनों शामिल हुए। 1990 के दशक में यह मांग और तेज हुई। 1994 में भारत सरकार ने एक आयोग गठित किया, जिसने 1996 में झारखंड को अलग राज्य बनाने की सिफारिश की।

### 2000 में झारखंड का गठन

लंबे संघर्ष और राजनीतिक दबाव के बाद 2000 में संसद ने बिहार पुनर्गठन अधिनियम पारित किया। 15 नवंबर 2000 को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के दिन झारखंड को बिहार से अलग कर भारत का 28वां राज्य बनाया गया। रांची इसकी राजधानी बनी। बाबूलाल मरांडी झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने। इस विभाजन से बिहार का बड़ा खनिज समृद्ध क्षेत्र अलग हो गया, जिसके बाद बिहार मुख्य रूप से कृषि आधारित राज्य बन गया। बिहार का पृथक राज्य के रूप में निर्माण 22 मार्च 1912 को हुआ, जब यह बंगाल से अलग हुआ। इसके बाद 1 अप्रैल 1936 को उड़ीसा और 15 नवंबर 2000 को झारखंड के अलग होने से बिहार की सीमाएं और पहचान बदलती गई। ये विभाजन प्रशासनिक सुधार, भाषाई विविधता, सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक असमानताओं के परिणाम थे। आज बिहार, ओडिशा और झारखंड तीन अलग-अलग राज्य हैं, जिनका अपना विशिष्ट इतिहास और विकास पथ है।

# बिहार का निर्माण डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की देन



डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा बिहार के निर्माण में एक केंद्रीय और प्रेरणादायी व्यक्तित्व थे, जिन्हें आधुनिक बिहार का निर्माता भी कहा जाता है। उनका योगदान न केवल बिहार के गठन में बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और संविधान निर्माण में भी उल्लेखनीय रहा। सच्चिदानंद सिन्हा का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे एक स्वतंत्रता सेनानी, विधिवेत्ता, पत्रकार और समाज सुधारक थे। बिहार के निर्माण में उनकी दूरदर्शिता और अथक प्रयासों ने इस राज्य को न केवल एक भौगोलिक पहचान दी, बल्कि इसे सांस्कृतिक और प्रशासनिक रूप से सशक्त बनाने की नींव भी रखी। आज बिहार स्थापना दिवस (22 मार्च) उनके योगदान को याद करने का अवसर है। बिहार के निर्माण में उनकी भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण थी। 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में बिहार बंगाल प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। सच्चिदानंद सिन्हा ने बिहार की विशिष्ट सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक पहचान को उजागर करते हुए इसे बंगाल से अलग करने की वकालत की। उन्होंने तर्क दिया कि बिहार की जनता की प्रगति तभी संभव है जब इसे प्रशासनिक और राजनीतिक रूप से स्वतंत्र इकाई बनाया जाए। डॉ. सिन्हा ने बिहार के बुद्धिजीवियों, नेताओं और जनता को एकजुट किया। उन्होंने 1911 में बिहार प्रांतीय सम्मेलन की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो बिहार के पृथक्करण के लिए एक मंच बना। उनके प्रयासों से यह मांग ब्रिटिश सरकार तक पहुंची और जनमत को संगठित करने में सफलता मिली। एक प्रख्यात वकील, पत्रकार और शिक्षाविद् के रूप में सिन्हा ने अपने लेखों और भाषणों के माध्यम से बिहार की उपेक्षा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया। उनकी विद्वता और तर्कशक्ति ने ब्रिटिश प्रशासन को बिहार को अलग प्रांत बनाने के लिए मजबूर किया। इसके परिणामस्वरूप, 22 मार्च 1912 को बिहार और उड़ीसा को बंगाल से अलग कर एक नया प्रांत बनाया गया। डॉ. सिन्हा ने बिहार में शिक्षा के विकास को भी प्राथमिकता दी। वे पटना विश्वविद्यालय के पहले उप-कुलपति रहे और बिहार की जनता में राजनीतिक चेतना जगाने के लिए ''हिंदुस्तान रिव्यू'' जैसे प्रकाशनों का संपादन किया। इससे बिहार के लोगों में अपनी पहचान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी। बिहार के गठन के बाद भी सिन्हा का योगदान जारी रहा। वे संविधान सभा के अंतरिम अध्यक्ष बने और भारतीय संविधान के निर्माण में भागीदारी की। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण था, जो बिहार के साथ-साथ पूरे देश के लिए प्रेरणादायक रहा।



बालिकाओं को प्रोत्साहित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# बिहार : औद्योगिक, आर्थिक और कृषि प्रगति का नया अध्याय

बिहार, जो कभी अपनी आर्थिक और औद्योगिक पिछड़ेपन के लिए चर्चा में रहा, आज तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हाल के वर्षों में राज्य ने औद्योगिक विकास, आर्थिक मजबूती और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। नवीनतम आंकड़े और सरकारी प्रयास बिहार को एक उभरते हुए आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की कहानी बयां करते हैं। यहां की मिट्टी अब केवल खेती के लिए ही नहीं, बल्कि उद्योगों और निवेश के लिए भी उपजाऊ साबित हो रही है। आइए, बिहार की इस सकारात्मक यात्रा पर एक नजर डालें।



### आर्थिक प्रगति :

#### तेजी से बढ़ता सकल राज्य घरेलू उत्पाद

बिहार की अर्थव्यवस्था ने पिछले एक दशक में जबरदस्त उछाल देखा है। बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर 8.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो 2011-12 के 2.47 लाख करोड़ रुपये से लगभग 3.5 गुना की वृद्धि दर्शाता है। 2024-25 के लिए जीएसडीपी में 13.5% की नाममात्र वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जो इसे 9.76 लाख करोड़ रुपये तक ले जाएगा। यह वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है और बिहार को देश के तेजी से बढ़ते राज्यों में शामिल करती है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 2023-24 में यह 66,828 रुपये दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.8% अधिक है। स्थिर कीमतों पर भी प्रति व्यक्ति आय 36,333 रुपये तक पहुंच गई, जो आर्थिक समृद्धि का संकेत है। सेवा क्षेत्र (58.6%), उद्योग (21.5%) और कृषि (19.9%) अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ बने हुए हैं, जिसमें सेवा और उद्योग क्षेत्रों का योगदान लगातार बढ़ रहा है।

### औद्योगिक विकास : निवेश का नया केंद्र

बिहार में औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। झारखंड के अलग होने के बाद खनिज संसाधनों की कमी के बावजूद, राज्य ने कृषि-आधारित और अन्य उद्योगों में अपनी ताकत को पहचाना और उसका लाभ उठाया। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रयासों से पिछले कुछ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में 742.54 करोड़ रुपये का निवेश आया है। हल्दीराम जैसे बड़े ब्रांड ने बिहार में अपना प्लांट स्थापित करने की घोषणा की, जो यहां के औद्योगिक माहौल में विश्वास को दर्शाता है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन बरौनी रिफाइनरी की क्षमता को दिसंबर 2025 तक बढ़ाने की योजना बना रहा है, जिससे न केवल ऊर्जा क्षेत्र को बल्कि रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। बेगूसराय जैसे क्षेत्र औद्योगिक विकास के नए केंद्र बन रहे हैं, जहां एनएचएआई, एनटीपीसी जैसे प्रोजेक्ट्स में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो रहा है। इन परियोजनाओं से लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है, साथ ही राज्य को लगभग 9,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो रहा है। बिहार सरकार की उद्योग-हितैषी नीतियां, जैसे सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम और सब्सिडी योजनाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं।




बिहार के विकास की रूपरेखा तय करते मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य



औरंगाबाद में बना बालिका आवासीय विद्यालय

# भारत में बिजली उत्पादन का प्रमुख केंद्र बना बिहार

बिहार हाल के वर्षों में भारत का एक प्रमुख बिजली ऊर्जा उत्पादन केंद्र बन गया है, विशेष रूप से ताप विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में इसकी भूमिका उल्लेखनीय है। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) और अन्य स्थानीय बिजली परियोजनाओं के सहयोग से औरंगाबाद, कांटी, बाढ़ और बरौनी जैसे क्षेत्रों में स्थित बिजलीघरों ने राज्य की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को काफी बढ़ाया है।

### बिहार की ऊर्जा परियोजनाओं का अवलोकन

#### औरंगाबाद में एनटीपीसी बिजलीघर

औरंगाबाद क्षेत्र में दो प्रमुख एनटीपीसी बिजली परियोजनाएं संचालित हैं। इनमें एक नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट है। इस परियोजना को कई चरणों में लागू किया जा रहा है। 2025 तक तीन इकाइयां (कुल 1,980 मेगावाट) वाणिज्यिक संचालन में आ चुकी हैं। पहली इकाई (660 मेगावाट) 6 सितंबर 2019 को चालू हुई, दूसरी इकाई (660 मेगावाट) 23 जुलाई 2021 को चालू हुई तथा तीसरी इकाई (660 मेगावाट) 6 मार्च 2022 को परीक्षण पूरा कर चालू किया गया। यह बिजलीघर 3,200 एकड़ में फैला है और सुपरक्रिटिकल तकनीक का उपयोग करता है जो पर्यावरण संरक्षण और कुशल उत्पादन पर केंद्रित है। वर्तमान में नबीनगर बिजलीघर बिहार को लगभग 1,680 मेगावाट बिजली प्रदान करता है, जो इसके कुल उत्पादन का 85% से अधिक है। शेष बिजली अन्य राज्यों को आपूर्ति की जाती है। नबीनगर चरण-II परियोजना में 2,400 मेगावाट (3×800 मेगावाट) की अतिरिक्त क्षमता जोड़ने की योजना है, जिसका निर्माण प्रगति पर है। यह परियोजना 1,400 एकड़ में फैली है और 2028 तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। दूसरी परियोजना रेलवे और एनटीपीसी संयुक्त परियोजना है। यह 250 मेगावाट की चार इकाइयों वाली एक परियोजना है, जो एनटीपीसी और भारतीय रेलवे के सहयोग से संचालित है। चौथी इकाई (250 मेगावाट) का परीक्षण 2021 में पूरा हो चुका है और यह वाणिज्यिक संचालन में है। बिहार को इससे लगभग 25 मेगावाट बिजली प्राप्त होती है, शेष मुख्य रूप से रेलवे की जरूरतों के लिए उपयोग होती है।



#### कांटी ताप बिजलीघर

मुजफ्फरपुर में स्थित कांटी बिजलीघर एनटीपीसी द्वारा संचालित है, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 610 मेगावाट है। इसका **पहला चरण :** 2×110 मेगावाट (पुरानी इकाइयों का नवीनीकरण), **दूसरा चरण :** 2×195 मेगावाट (नई इकाइयां)। 2025 तक, सभी इकाइयां संचालित हैं और बिहार को लगभग 500 मेगावाट की स्थिर आपूर्ति प्रदान कर रही हैं।

#### बाढ़ सुपर थर्मल पावर स्टेशन

बाढ़ बिजलीघर बिहार की सबसे बड़ी ताप विद्युत परियोजनाओं में से एक है, जिसकी कुल क्षमता 3,300 मेगावाट है। इसे दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहला चरण: 3×660 मेगावाट (कुल 1,980 मेगावाट)। पहली इकाई (660 मेगावाट) : नवंबर 2021 में चालू। दूसरी इकाई (660 मेगावाट) : 31 जुलाई 2023 को चालू। तीसरी इकाई (660 मेगावाट) : 2025 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद। दूसरा चरण : 2×660 मेगावाट (कुल 1,320 मेगावाट) का होगा। इन दोनों इकाइयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और 2027 तक पूरा होने की संभावना है। बाढ़ बिजलीघर बिहार को लगभग 1,500 मेगावाट बिजली प्रदान करता है, जो राज्य की औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण है।

#### बरौनी ताप बिजलीघर

बरौनी में एनटीपीसी द्वारा संचालित यह बिजलीघर 720 मेगावाट की कुल क्षमता के साथ कार्यरत है। पहला चरण : 2×110 मेगावाट (पुरानी इकाइयां, नवीनीकृत)। दूसरा चरण: 2×250 मेगावाट (नई इकाइयां, 2018 और 2021 में चालू)। यह बिजलीघर बिहार को 600 मेगावाट से अधिक बिजली प्रदान करता है।

#### नवीकरणीय ऊर्जा :

बिहार सरकार सौर ऊर्जा पर भी ध्यान दे रही है। 2030 तक 3,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य है, जिसमें से 500 मेगावाट के प्रोजेक्ट्स शुरू हो चुके हैं।

#### हरित ऊर्जा :

हाइड्रोजन और बायोमास आधारित परियोजनाओं पर भी शोध जारी है। इस प्रकार बिहार की ऊर्जा परियोजनाएं राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ देश की ऊर्जा जरूरतों में भी योगदान दे रही हैं। 2025 तक 5,540 मेगावाट की चालू क्षमता और भविष्य में 9,000 मेगावाट से अधिक की संभावित क्षमता के साथ, बिहार ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य बनने की ओर अग्रसर है।

# बिहार : केवल एक राज्य नहीं, एक जीवंत सांस्कृतिक धरोहर

बिहार, भारत के पूर्वी भाग में स्थित एक प्राचीन राज्य, अप नी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। यह वह भूमि है जहां सभ्यता का प्रारंभिक विकास हुआ, धर्म और दर्शन ने जन्म लिया और कला, शिक्षा व संस्कृति का अभूतपूर्व उत्कर्ष देखने को मिला। बिहार की सांस्कृतिक विरासत का आधार इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, भाषाई विविधता, धार्मिक महत्व, लोक परंपराएं और कलात्मक अभिव्यक्तियां हैं। यहां की मिट्टी में इतिहास की परतें दबी हैं, जो इसे एक अनूठा सांस्कृतिक केंद्र बनाती हैं। बिहार की सांस्कृतिक विरासत एक ऐसी गाथा है जो प्राचीन काल से आधुनिक युग तक फैली हुई है। यहां की धरती ने धर्म, शिक्षा, कला, और साहित्य को जन्म दिया और पोषित किया। मगध की शक्ति, बौद्ध और जैन धर्म का उदय, लोक परंपराओं की जीवंतता और भाषाई समृद्धि इसे एक अनूठा सांस्कृतिक केंद्र बनाती है। आज भी बिहार अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा हुआ है और यह विश्व को यह संदेश देता है कि सच्ची विरासत समय के साथ और मजबूत होती है। बिहार की यह धरोहर न केवल भारत का गर्व है, बल्कि मानव सभ्यता के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय भी है।

### ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और सभ्यता का उद्गम

बिहार का इतिहास प्राचीन मगध साम्राज्य से शुरू होता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली साम्राज्य था। मगध की राजधानी पाटलिपुत्र (आधुनिक पटना) न केवल एक राजनीतिक केंद्र था, बल्कि सांस्कृतिक और बौद्धिक गतिविधियों का भी गढ़ था। यहां से मौर्य और गुप्त वंशों ने शासन किया, जिन्होंने भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। सम्राट अशोक, जिन्होंने बौद्ध धर्म को अपनाकर इसे विश्व भर में फैलाया, बिहार की देन है। गुप्त काल को भारत का स्वर्ण युग कहा जाता है, जब कला, विज्ञान, साहित्य और वास्तुकला का अभूतपूर्व विकास हुआ। बिहार के नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालय शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय केंद्र थे, जहां दूर-दूर से विद्वान ज्ञान अर्जन के लिए आते थे। उमगा और देव बिहार की गौरव गाथाएं हैं।

### धार्मिक और दार्शनिक योगदान

बिहार को ''धर्म की भूमि'' कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। यहां बौद्ध धर्म और जैन धर्म का उदय हुआ। बोधगया, जहां गौतम बुद्ध को बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई,



आज भी बौद्ध तीर्थस्थलों में सर्वोच्च स्थान रखता है। राजगीर और वैशाली जैसे स्थान बौद्ध और जैन परंपराओं से जुड़े हैं। वैशाली में भगवान महावीर का जन्म हुआ जो जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। इसके अलावा बिहार हिंदू धर्म के लिए भी महत्वपूर्ण है। गया में पिंडदान की परंपरा और पटना के पास हरिहर क्षेत्र का मेला धार्मिक आस्था का प्रतीक है। सूफी संतों की दरगाहें, जैसे मखदूम शाह की दरगाह पटना में, सूफी संस्कृति को दर्शाती हैं। यह धार्मिक विविधता बिहार की सांस्कृतिक समृद्धि का आधार है।

### भाषा और साहित्य

बिहार की सांस्कृतिक विरासत का एक प्रमुख हिस्सा इसकी भाषाएं और साहित्य है। यहां मैथिली, भोजपुरी, मगही, अंगिका और हिंदी बोली जाती है, जो अपनी साहित्यिक परंपराओं के लिए जानी जाती हैं। मैथिली में विद्यापति का भक्ति और प्रेम काव्य मध्यकालीन साहित्य का अनमोल रत्न है। भोजपुरी लोकगीत और साहित्य आज भी ग्रामीण जीवन की भावनाओं को व्यक्त करते हैं। संस्कृत साहित्य में भी बिहार का योगदान रहा है, खासकर नालंदा और विक्रमशिला के विद्वानों के माध्यम से। आधुनिक काल में रामधारी सिंह ''दिनकर'' जैसे कवियों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया।

### लोक कला और परंपराएं

बिहार की लोक संस्कृति जीवंत और रंगीन है। मधुबनी चित्रकला (मिथिला पेंटिंग) विश्व प्रसिद्ध है, जो अपने जटिल डिजाइनों और प्राकृतिक रंगों के लिए जानी जाती है। यह कला मूल रूप से महिलाओं द्वारा घर की दीवारों पर बनाई जाती थी और अब वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बना चुकी है। सिक्की कला (सूखी घास से बनी वस्तुएं) और टिकुली कला भी यहां की पारंपरिक हस्तशिल्प हैं। लोक नृत्य जैसे झिझिया, नटुआ और छऊ बिहार की सांस्कृतिक जीवंतता को दर्शाते हैं। छठ पूजा, जो सूर्य और प्रकृति की उपासना का पर्व है, बिहार की सबसे बड़ी सांस्कृतिक पहचान है। यह त्योहार यहां की सामाजिक एकता और आध्यात्मिकता को उजागर करता है।

### संगीत और नाट्य परंपरा

बिहार का संगीत भी इसकी संस्कृति का अभिन्न अंग है। भोजपुरी लोकगीत, जैसे बिरहा और चैता, भावनाओं और जीवन के उत्सव को व्यक्त करते हैं। शास्त्रीय संगीत में भी बिहार का योगदान रहा है, विशेष रूप से मगध क्षेत्र से जुड़े गायकों और वादकों के माध्यम से। नाट्य परंपरा में ''भिखारी ठाकुर'' का नाम उल्लेखनीय है, जिन्हें ''बिहार का शेक्सपियर'' कहा जाता है। उनकी ''बिदेसिया'' शैली ने ग्रामीण जीवन और सामाजिक मुद्दों को मंच पर प्रस्तुत किया।

### वास्तुकला और पुरातात्विक धरोहर

बिहार की वास्तुकला में बौद्ध स्तूप, मंदिर, और मध्यकालीन संरचनाएं शामिल हैं। बोधगया का महाबोधि मंदिर, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, बौद्ध वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है। नालंदा के अवशेष और केसरी का स्तूप पुरातात्विक महत्व के हैं। मौर्यकालीन अशोक स्तंभ और गुप्तकालीन मूर्तियां कला के शिखर को दर्शाती हैं। मध्यकाल में शेर शाह सूरी द्वारा निर्मित रोहतास का किला और पटना का गोलघर भी बिहार की स्थापत्य कला का हिस्सा हैं।

CMYK

# अधिक से अधिक अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पीएम इंटर्नशिप योजना को लेकर एक समीक्षा बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई। उक्त बैठक में सरकार द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार इस योजना के तहत अधिक से अधिक अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन कराने पर चर्चा की गई। योजना की जानकारी देते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी द्वारा बताया गया कि इस योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए अभ्यर्थी को पीएम इंटर्नशिप. एमसीए.गो.इन पर लॉगिन कर यूथ रजिस्ट्रेशन पर जाकर अपना डिटेल भर कर सब्मिट कर देना है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले अभ्यर्थियों में से योग्य अभ्यर्थियों को देश की शीर्ष स्तर की कम्पनियों अपने यहां 6 माह से एक वर्ष तक कार्य करने संबंधी सघन प्रशिक्षण देंगी। इस दौरान अभ्यर्थी को एक मुश्त 6000 रूपया एवं इसके अतिरिक्त प्रतिमाह 5000 रूपया भी कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। इस योजना के तहत शैक्षणिक योग्यता- 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई, पॉलीटेक्निक अथवा बीए, बीएसी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बीफार्मा इत्यादि एवं उम्र सीमा आवेदन के दिन 21 से 25 वर्ष होना चाहिए। आवेदन की अंतिम तिथि अभी तक 31 मार्च 2025 रखी गई है। इस बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिले के सभी सरकारी आईटीआई, सीतयोग इंजिनियरिंग कॉलेज, इंजिनियरिंग कॉलेज अरथुआ, एसएन सिन्हा कॉलेज, अनुग्रह स्नातक कॉलेज, पॉलीटेक्नीक कॉलेज के प्रतिनिधियों के साथ ही जिले के सभी कुशल युवा केन्द्रों एवं प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रतिनिधी उपस्थित थे। अंत में जिलाधिकारी श्रीकांत




# शिक्षाविद् फगुनी राम को पुस्तकालय की श्रद्धांजलि

**हसपुरा/नबिटा संवाददाता।** हसपुरा के जलपुरा गांव के शिक्षाविद और सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय के आजीवन सदस्य फगुनी राम के निधन पर शुक्रवार को हसपुरा बाजार में शोक सभा आयोजित की गई। पुस्तकालय निदेशक चंद्रेश पटेल की अध्यक्षता में हुई इस सभा में इलाके के जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि फागुनी राम ने उस दौर में शिक्षा की अलख जगाई जब प्रखंड में स्कूलों की संख्या बेहद कम थी। बिना सरकारी नौकरी के बच्चों को पढ़ाने वाले फागुनी बाद में पुस्तकालय के सदस्य बने और सामाजिक जागरूकता फैलाते रहे।

## फुटपाथ पर जूते सिलते हैं पंचायत के सरपंच



**गोह (औरंगाबाद)। (नवबिहार टाइम्स संवाददाता, सुखेंद्र कुमार):** औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड की ग्राम पंचायत अमारी से एक प्रेरक और भावुक कहानी सामने आई है। दोनों पैरों से दिव्यांग लालदेव दास, जो निमड़ा टोले के केवल विगहा गांव के निवासी हैं, कई वर्षों से फुटपाथ पर जूते-चप्पल सिलकर परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे हैं। लेकिन किस्मत ने उन्हें ऐसा मोड़ दिया कि ग्रामीणों ने उन्हें 2016 से लगातार दो बार ग्राम कचहरी का सरपंच चुन लिया। लालदेव बताते हैं कि वे भले ही रोजी-रोटी के लिए जूते सिलते हों, लेकिन हर शनिवार को ग्राम कचहरी लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करते हैं। उनका घर भी सादगी भरा है–पीएम आवास योजना से दो कमरे बने हैं, बाकी हिस्सा कच्चा और फूस का है। आठवीं तक पढ़ाई करने वाले लालदेव कहते हैं, राजनीति का मकसद सिर्फ सेवा है। उनकी यह कहानी समाज में सेवा और संघर्ष की अनूठी मिसाल पेश करती है।

## विद्युत चोरी पकड़ने को विभाग का सख्त अभियान

**रफीगंज, औरंगाबाद।** विद्युत चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने रफीगंज में जोरदार छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज के नेतृत्व में यह कार्रवाई कजपा पंचायत के खरांटी टोला सैफगंज और पचरिया में की गई। सैफगंज में अंबिका सिंह और पचरिया में अंबिका यादव के घरों में बिना कनेक्शन के बिजली उपयोग पकड़ा गया। अंबिका सिंह पर 23,125 रुपये और अंबिका यादव पर 17,936 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, रफीगंज शहर के अब्दुलपुर में प्रमोद कुमार के घर भी छापा मारा गया। उनका कनेक्शन बिल न भरने के कारण पहले काटा जा चुका था, फिर भी वे अवैध रूप से बिजली इस्तेमाल कर रहे थे। उन पर 17,907 रुपये का जुर्माना ठोका गया। तीनों के खिलाफ रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने पुष्टि की कि मामले की जांच जारी है। इस अभियान में कनीय अभियंता रविशंकर कुमार, मारुति नंदन प्रियदर्शी, दीपक भारती, अजीत कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

## सड़क हादसे ने छीनी वार्ड सदस्य की जान

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज-गुरारू पथ पर चरकावां नोनिया टील्हा के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में न्यू एरिया राजा बगीचा के 47 वर्षीय फिरोज अली की दर्दनाक मौत हो गई। फिरोज मूल रूप से कैमूर जिले के भभुआ बबुरा गांव के निवासी थे और पिछले 11 सालों से रफीगंज में घर बनाकर रह रहे थे। उनकी पत्नी रहतमुन निशा प्राणपुर विद्यालय में शिक्षिका हैं, जबकि फिरोज बबुरा गांव में वार्ड सदस्य के रूप में निर्वाचित थे। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। नगर पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान ने बताया कि फिरोज अपने भतीजे शबाहत अली को सुल्तानपुर गांव पहुंचाने बाइक से गए थे, जो भोपाल से रफीगंज स्टेशन पर आए थे। सुल्तानपुर से लौटते वक्त यह हादसा हुआ। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि सुबह 4 बजे सूचना मिलते ही पुलिस टीम, जिसमें एएसआई बबनजीत कुमार और डायल 112 शामिल थे, मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया।


बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



संजय कुमार सिंह
विकास अधिकारी
भारतीय जीवन बीमा निगम, औरंगाबाद

बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सत्य प्रकाश उर्फ बिट्टू
दवा व्यवसायी- सह- समाजसेवी
औरंगाबाद (बिहार)

बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता
संस्थापक- सह- व्यवस्थापक
नीलकंठ महादेव सेवा समिति
औरंगाबाद (बिहार)

बिहार दिवस 2025
उन्नत बिहार विकसित बिहार
पटना गांधी मैदान-22-24 मार्च 2025
बिहार राज्य सहकारी बैंक लि०
THE BIHAR STATE CO-OPERATIVE BANK LTD.
Ashok Rajpath, Patna-800 004 : 916123505604 helpdesk@biharscb.co.in, www.biharscb.co.in

Loan Facilities & Schemes at BSCB Ltd.
ऋण सुविधाएं और योजनाएं
"सपनों को साकार करने का सही ऋण विकल्प आपके लिए"
- Loan Against Property - संपत्ति पर ऋण
- SHG-Self Help Group - स्वयं सहायता समूह
- JLG-Joint Liability Group - संयुक्त देयता समूह
- NSEL - महिला सशक्तिकरण ऋण (Nari Shakti Empowerment Loan)
- Home Loan - गृह ऋण
- Vehicle Loan - वाहन ऋण
- Education Loan - शिक्षा ऋण
- Gold Loan - गोल्ड ऋण
- Kissan Credit Card - किसान क्रेडिट कार्ड
- Personal Loan - व्यक्तिगत कर्ज
- Over Draft - ओवर ड्राफ्ट

Deposit & Saving Scheme
जमा और बचत योजनाएं
- सभी जमा योजनाओं पर आकर्षक लाभ
(R.D., F.D., L.D., S.T.D., M.I.S.)
PACS as DMA
- मोबाइल एप से एजेंटों के माध्यम से दैनिक जमा योजना
- जमा राशि पर 75% ऋण की सुविधा
- जमा राशि की जानकारी SMS से
- बाल बचत योजना (BBY

Other Schemes & Facilities
अन्य योजनाएं एवं सुविधाएं
नारी शक्ति उद्यमी योजना
- अटल पेंशन योजना
- प्रधानमंत्री जनधन योजना
- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना
- बाल विकास योजना
ई-स्टाम्पिंग और ई-कोर्ट सुविधाएं
- प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना
- QR Code सुविधाएं



"हर जमा के साथ मिले वित्तीय स्थिरता और बेहतर लाभ का भरोसा।" "सही योजना के साथ सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ाएँ।"

OUR BRANCES: BANKIPUR | NEW SACHIVALYA | NEW MARKET | MAURYALOK | KANKARBAGH | NALA ROAD MUSSALHPUR HAAT | MOTIHARI | BIHAT | DARBHANGA | CHAPRA | SAHARSA | MADHEPURA

"For all 'Terms & Conditions" and Information/guidelines please visit BSCB branch | सभी नियम एवं शर्तों और सूचना/ दिशा-निर्देशों के लिए कृपया BSCB शाखा पर जाएं।

ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल, जमुई (बिहार)
की ओर से आप सभी को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
आम नागरिकों से अनुरोध है कि ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों के दोनों किनारे पर कूड़ा-कर्कट या मिट्टी डालकर फ्लैंक ऊंचा न करें अन्यथा विभाग को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सड़कों के रखरखाव में नागरिकों से सहयोग आवश्यक है। कृप्या यह ध्यान रखें कि नालियों तथा चापाकल का अनावश्यक पानी सड़कों पर नहीं बहे।
ई. अरविन्द कुमार
कार्यपालक अभियंता

बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकीय मध्य विद्यालय
भरवार, देव (औरंगाबाद)
धनंजय कुमार
प्रधानाध्यापक

बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



विकास कुमार
थानाध्यक्ष
दाउदनगर (औरंगाबाद)

ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल, किशनगंज-1 (बिहार)
की ओर से आप सभी को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
आम नागरिकों से अनुरोध है कि ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों के दोनों किनारे पर कूड़ा-कर्कट या मिट्टी डालकर फ्लैंक ऊंचा न करें अन्यथा विभाग को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सड़कों के रखरखाव में नागरिकों से सहयोग आवश्यक है। कृप्या यह ध्यान रखें कि नालियों तथा चापाकल का अनावश्यक पानी सड़कों पर नहीं बहे।
ई. गौरव कुमार
कार्यपालक अभियंता

बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महाराणा प्रताप महाविद्यालय
बेलसारा, देव (औरंगाबाद)
देव प्रखण्ड में उच्च शिक्षा के लिए एकमात्र संस्थान।
शुद्ध, स्वच्छ और रमणीक वातावरण में पठन-पाठन का बेहतर प्रबंध



डॉ. सत्यनारायण सिंह
प्राचार्य



डॉ. सुरेश पासवान
सचिव-सह-पूर्व मंत्री

ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार
कार्य प्रमंडल, त्रिवेणीगंज (सुपौल)
की ओर से आप सभी को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
आम नागरिकों से अनुरोध है कि ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों के दोनों किनारे पर कूड़ा-कर्कट या मिट्टी डालकर फ्लैंक ऊंचा न करें अन्यथा विभाग को कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा। सड़कों के रखरखाव में नागरिकों से सहयोग आवश्यक है। कृप्या यह ध्यान रखें कि नालियों तथा चापाकल का अनावश्यक पानी सड़कों पर नहीं बहे।
ई. जीवछ प्रसाद
कार्यपालक अभियंता

बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संस्थापक- लोकनायक जयप्रकाश नारायण
ग्राम निर्माण मंडल
सर्वोदय आश्रम, सोखोदेवरा (नवादा)
प्रभाकर कुमार — अध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल
अरविन्द कुमार — प्रधानमंत्री, ग्राम निर्माण मंडल
दिलीप कुमार मंडल — कोषाध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल
सुनील कुमार — मंत्री, ग्राम निर्माण मंडल, खादी ग्रामोद्योग समिति, गया
माखन लाल दास — परामर्शी, ग्राम निर्माण मंडल
जितेन्द्र कुमार — जिला मंत्री, जहानाबाद
शालीग्राम मंडल — जिला मंत्री, औरंगाबाद
दशरथ दास — जिला मंत्री, गया
अशोक कुमार — जिला मंत्री, नवादा

# पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य में लाएं तेजी : डीएम

## पंचायतो में खेल के मैदान के निर्माण कार्य में लाएं तेजी: डीडीसी, जिलाधिकारी एवं डीडीसी ने की ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शम्भू शरण पांडेय के साथ ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पंचायत सरकार भवन के संबंध में बताया गया कि जिले में पंचायत सरकार भवन का निर्माण भवन निर्माण विभाग एलएईओ एवं मुखिया के द्वारा कराया जा रहा हैद्य जिला में 52 पंचायत सरकार भवन ऐसे हैं जिसका निर्माण ग्राम पंचायत के मुखिया के द्वारा कराया जा रहा है उप विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया कि इस माह के अंत तक इन सभी के पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है। भवन निर्माण विभाग के द्वारा भी पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा हैद्य जहां कहीं भी जमीन संबंधी विवाद है उस पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को संबंधित अंचल एवं थाना के साथ संबंध बनाकर भूमि विवाद को समाप्त करने का निर्देश दिया गया इस संबंध में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को पर्यवेक्षण करने का भी निर्देश दिया गया। स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य द्वारा कराये जा रहे पंचायत सरकार भवन में 10 मामले ऐसे हैं जहां पर चिह्नित भूमि अतिक्रमित है। इस संबंध में संबंधित अंचल अधिकारी को एक सप्ताह के अंदर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप



विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया कि सभी पंचायतो में खेल के मैदान के निर्माण के कार्य में काफी प्रगति आई है। अभी तक 40 खेल के मैदान को पूर्ण कर लिया गया है। जिले में 415 खेल के मैदान बनाए जाने हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि 66 खेल के मैदान ऐसे हैं जहां अंचलाधिकारी के स्तर से भूमि संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। उनसे एक सप्ताह के अंदर आनापत्ती प्रमाण पत्र उपलब्ध करा देने की मांग की गई है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर बनाए जा रहे खेल मैदान को आगामी 5 अप्रैल तक पूर्ण करा देने का लक्ष्य रखा गया हैद्य मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर लाइट योजना की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में प्रथम और द्वितीय चरण के 90 प्रतिशत से अधिक सोलर लाइट का इंस्टॉलेशन कर दिया गया है। प्रथम और द्वितीय चरण अंतर्गत कुल 27490 सोलर लाइट के लक्ष्य के विरुद्ध 25280 सोलर लाइट को लगा दिया गया है। तीसरे चरण के अंतर्गत भी 15790 सोलर लाइट लगाने का लक्ष्य प्राप्त है। इस संबंध में चार एजेंसियों को कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है। एजेंसियों के द्वारा अभी सोलर लाइट सामग्री नहीं गिराया गया है। इस संबंध में निर्देश दिया गया कि सोलर लाइट से संबंधित वेयरहाउस चिन्हित कर दिया जाए जहां पर कार्यकारी एजेंसी अपना सामान रखेगी। बैठक में जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्वेता भारती, जिला पंचायत राज पदाधिकारी राम जन्म पासवान, निदेशक डीआरडीए जयराम चौरसिया एवं डॉक्टर कुंदन कुमार सहित ग्रामीण विकास के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि में सुधार तथा पलायन पर विराम है जन सुराज की प्राथमिकता : केके गिरि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरेराज (पूर्वी चम्पारण)।** विगत 35 वर्षो से सत्ता की कुर्सी पर सिर्फ़ दो हीं लोगों का कब्जा रहा है। जिन्होंने, राज्य में सभी व्यवस्थाएं चौपट कर दीं। शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में सरकार विफल साबित हुई है। खेती चौपट और परेशान हाल हैं, बावजूद इसके सरकार अपना पीठ थपथपाने से बाज नहीं आ रही है। उक्त बातें गोविन्दगंज विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी प्रत्याशी सह राज्य कोर समिति के सदस्य कमलेश कांत गिरि ने कही। उन्होंने कहा कि 1947 में स्वराज आया था और 78 वर्ष बाद 2025 में जन सुराज आया है, अब लोगों को अफ़सरशाही, भ्रष्टाचार और कुव्यवस्था से छुटकारा मिलेगा, चारों तरफ खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि पहले लोगों के पास विकल्प नहीं था, इसलिए कभी नागनाथ तो कभी सांपनाथ सत्ता पर काबिज़ होते रहे। अब लोग जागरूक हैं और विकल्प भी मिल चुका है, 2025 में हीं एक सबेरा ऐसा होगा जब बिहार विकास का इबारत लिखेगा। श्री गिरि ने कहा कि स्कूलों में पढ़ाई, अस्पतालों में दवाई और गरीबों को रसोई के साथ बेरोजगारी तथा पलायन नामक बीमारी का सदा के लिए अंत हो जाएगा। कृषि को मनरेगा से जोड़कर किसान एवं मजदूरों का कल्याण करना एवं वृद्धा पेंशन योजना में सुधार कर 2000 रुपए प्रति व्यक्ति करना जन सुराज की प्रथम प्राथमिकता है।

## एक नजर

### डीईओ पर नियमों की अनदेखी का आरोप

**मोतिहारी।** जिले के चिरैया प्रखंड अंतर्गत महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी में विभागीय नियमों की अनदेखी कर कनिष्ठ नियोजित शिक्षिका को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाए रखने पर समाजसेवी अमोद कुमार सिंह ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने डीईओ की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी को आवेदन भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। गौरतलब है कि विद्यालय के पूर्व प्रभारी एचएम सह वरीय विशिष्ट शिक्षक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने 30 जनवरी 2025 को डीईओ कार्यालय में प्रभार के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। इससे पहले, 30 नवंबर 2024 को प्रधानाध्यापक मो. कमरूल होदा के सेवानिवृत्त होने पर श्री सिंह ने पारिवारिक कारणों से प्रभार लेने में असमर्थता जताई थी, जिसके बाद कनिष्ठ शिक्षिका को प्रभारी बनाया गया। बाद में, 3 जनवरी 2025 को श्री सिंह की माताजी का निधन हो गया, जिसके बाद उन्होंने पुनः प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाए जाने का आवेदन दिया, लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में समाजसेवी अमोद कुमार सिंह ने डीईओ पूर्वी चंपारण संजीव कुमार से संपर्क कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की। उन्होंने डीईओ से पूछा कि वरीय शिक्षक के रहते हुए कनिष्ठ शिक्षक को प्रभारी बनाए रखने का आधार क्या है? इस पर डीईओ ने आश्वासन दिया कि मई महीने में वरीय शिक्षक को प्रभार दिए जाने संबंधी पत्र निर्गत किया जाएगा। श्री सिंह ने डीईओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह मामला अवैध लेन-देन का संकेत देता है, जिससे विभाग की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### श्रीमद्भागवत कथा हेतु निकली कलश यात्रा

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के बेला जितपुर गाँव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण संगीतमयी कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तहत शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा बेला जितपुर से प्रारंभ होकर गोला पकड़िया के तीयर व यमुनी नदी संगम तक पहुंची, जहां आचार्य अरुण तिवारी के मंत्रोच्चारण के बीच जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल लाया गया। गर्मी व लंबी दूरी के कारण कन्याओं व बच्चों के लिए जगह-जगह शरबत एवं फलाहार की व्यवस्था पूर्व प्रमुख सह भाजपा नेता गणेश प्रसाद यादव द्वारा की गई। यज्ञ आयोजक शिव शंकर यादव ने बताया कि 27 मार्च तक काशी-मथुरा से आए विद्वानों एवं भागवत कथा वाचिका सत्य हँसनी देवी गायत्री साहेब त्रिवेदी द्वारा सुमधुर कथा वाचन होगा। कलश यात्रा में भाजपा नेता गणेश यादव, शिवशंकर यादव, धर्मेंद्र यादव, दिनेश यादव, महेंद्र भगत, वीरेंद्र यादव, धीरेन्द्र कुमार, रामप्रवेश राय, सुरेंद्र राय, मुरारी ओझा, रामेश्वर चौधरी समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

### व्यवसायियों व प्रशासन के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी।** चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा होटल रामसन प्लाजा में जिला प्रशासन व व्यवसायियों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डीएम सौरभ जोरवाल, एसपी स्वर्ण प्रभात, नगर निगम आयुक्त सुमन सौरभ यादव, एसडीओ श्वेता भारती, ट्रैफिक डीएसपी नवल किशोर व साइबर डीएसपी अभिनव पराशर मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष अंगद प्रताप सिंह ने की, जबकि मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष मनीष कुमार ने किया। महासचिव आलोक कुमार ने व्यापारियों की समस्याएं व सुझाव प्रस्तुत किए। डीएम ने आश्वासन दिया कि प्रशासन व्यापारियों के लिए सदैव उपलब्ध रहेगा। एसपी ने साइबर क्राइम व अन्य सुरक्षा मुद्दों पर समाधान का भरोसा दिलाया। नगर निगम आयुक्त ने सफाई व अन्य सुविधाओं को ऑनलाइन करने की जानकारी दी। संवाद कार्यक्रम की खासियत यह रही कि कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया, जिससे व्यापारियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

### रेल मंत्री को मोतिहारी आने का निमंत्रण

**मोतिहारी।** पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री व सांसद राधा मोहन सिंह ने शुक्रवार को संसद भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर अपने क्षेत्र में चल रही विभिन्न रेल योजनाओं पर चर्चा की और उन्हें मोतिहारी आने का आमंत्रण दिया। रेल मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही मोतिहारी का दौरा करेंगे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गई।

### प्रखंड कार्यालय में आग, लाखों की संपत्ति खाक

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड कार्यालय के आरटीपीएस कक्ष में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। यह घटना गुरुवार रात 11 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह दूसरी बार आग लगने की घटना है, जिससे कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पहले भी पुराने प्रखंड कार्यालय में रखे कागजात जल चुके हैं। बीडीओ रणधीर कुमार ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा आगजनी की गई है। इसमें कंप्यूटर, फर्नीचर व महत्वपूर्ण कागजात जलकर नष्ट हो गए। अंचल गार्डों ने शोर मचाकर आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इंदिरा आवास योजना में अवैध उगाही

**केसरिया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में इंदिरा आवास योजना में अवैध उगाही का मामला सामने आया है। ताजपुर पटखौलिया पंचायत में लाभुकों से नाम जोड़ने और लेबर कार्ड बनवाने के नाम पर 500 से 1000 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। कुछ लाभुकों ने आरोप लगाया कि तीनों किस्तों की राशि देने के बदले एकमुश्त 20,000 रुपए वसूले गए। जो लाभुक रिश्वत नहीं दे रहे, उनकी राशि रोक दी जा रही है। इस मामले में जब अधिकारियों से शिकायत की गई, तो उन्होंने कार्रवाई करने की बजाय पीड़ितों को केस करने की सलाह दी। पंचायत की जनता ने आवास सहायक प्रवीण श्रीवास्तव व वार्ड सदस्य रमेश कुमार पर अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं। संबंधित अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला। वहीं, वीडियो कुमोद कुमार से भी संपर्क नहीं हो सका। आवास योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रशासन की निष्क्रियता से जनता में आक्रोश बढ़ रहा है।

### वाणावर पहाड़ परिभ्रमण को गईं छात्राएं

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टेहटा एवं कन्या मध्य विद्यालय टेहटा की छात्राओं को बिहार दिवस के मौके पर वाणावर पहाड़ का परिभर्मन कराया गया। इस दौरान छात्राओं को सम्राट अशोक द्वारा बनवाए गए मानव निर्मित गुफाओं का अवलोकन कराया गया। परिभ्रमण के दौरान छात्राओं ने पहाड़ी इलाका के पातालगंगा में लोमस ऋषि गुफा, सुदामा गुफा, कर्ण चोपड़ा गुफा को देखा एवं उसकी जानकारी स्थानीय गाइड से ली। इस बाबत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर कस्तूरबा विद्यालय एवं कन्या मध्य विद्यालय के छात्रों को वाणावर पहाड़ का परिभर्मन कराया गया है। जिससे छात्राओं में काफी खुशी और हर्षोल्लास देखा गया।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम पर एएनएम, जीएनएम, सीएचओ का गैरआवासीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** ज़िले के स्वास्थ्य केंद्रों के चयनित एएनएम, जीएनएम, सीएचओ और आरएमएनसीएचए काउंसलरों का बैच के अनुसार दो दिवसीय ग़ैरआवासीय प्रशिक्षण सदर अस्पताल स्थित एएनएम स्कूल कैंपस में आयोजित किया गया। इस सम्बन्ध में जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जीडी तिवारी ने बताया की इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य काउंसलिंग स्किल्स और परिवार नियोजन सेवा की बास्केट ऑफ चॉइस के बारे में सभी को मास्टर ट्रेनर बनाना है ताकि स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले लाभार्थियों को परिवार नियोजन के अस्थायी व स्थायी विधियों की जानकारी हो और जिले की लगातार बढ़ती जनसंख्या दर पर रोक लग सकें।एसीएमओ ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को परिवार नियोजन के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी ढंग से सेवाएं प्रदान कर सकें। इस पहल का लक्ष्य जिले का कुल जन्म दर (टीएफआर) घटाना है, जिससे समुदाय में परिवार नियोजन सेवाओं के प्रति जागरुकता बढ़े और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आए और उनके जीवन शैली में सुधार हो। इस प्रशिक्षण में पीएसआई इंडिया के जिला प्रतिनिधि अमित कुमार, पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर राणा फिरदौस, अरविन्द सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीएम नंदन झा ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है और जिले में बेहतर स्वास्थ्य परिणामों को सुनिश्चित करने में सहायक होगा। मौके पर एसीएमओ जीडी तिवारी, डीसीएम नंदन झा,पीएसआई इंडिया के जिला प्रतिनिधि अमित कुमार, पिरामल फाउंडेशन के डीसी मुकेश कुमार, प्रोग्राम लीडर राणा फिरदौस, अरविन्द सिँह, परिवार नियोजन सलाहकार असगर अली, सुधीर कुमार,अनिल मंडल, उपस्थित थे।

# शराब तस्करी का भंडाफोड़, पुलिस से बचने के दौरान कार दुर्घटनाग्रस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**जहानाबाद।** जिले के शकूराबाद थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान शराब से भरी एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया कि शकुराबाद में पुलिस वाहन जांच के दौरान मारुति ईको कार के चालक ने पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की इस दौरान पुलिस द्वारा पीछा किए जाने के दौरान रघुनाथगंज मोड़ के पास गाड़ी पलट गई।दुर्घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि एक व्यक्ति कार के अंदर फंसा हुआ है। पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को गाड़ी से बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। कार के पीछे वाले शीशे पर डॉक्टर लिखा हुआ पाया गया है। हालाकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि कार किसके नाम पर है। वहीं इस दौरान पुलिस द्वारा गाड़ी की तलाशी लिए जाने के दौरान पुलिस भी गाड़ी के अंदर का नजारा देखकर भौचक रह गई। कार से 500 लीटर से ज्यादा शराब पुलीस ने बरामद किया। कार की तलाशी लिए जाने के दौरान पुलिस का भारी मात्रा में शराब मिला । बरामद शराब में किंगफिशर बीयर (500 एमएल) का 958 केन,किंगफिशर बीयर (650 एमएल) का 8 बोतल,रॉयल चैलेंज (750 एमएल) 7 बोतल,स्टर्लिंग रिजर्व बी-7 (750 एमएल) 15 बोतल। कुल मिलाकर लगभग 500 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

इस दौरान पुलिस की कार्रवाई में अभय कुमार नामक व्यक्ति को शराब के तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के साथ-साथ एक मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए जहानाबाद सदर एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून लागू है इसके बावजूद तस्करी करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ आगे भी अभियान चलाकर उनपर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

# किशोर की हत्या मामले में एक को आजीवन कारावास व दूसरे को सात वर्षों की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश-22 रेशमा वर्मा ने फिरौती के लिए एक किशोर का अपहरण कर हत्या मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व 35 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड नही देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा अरेराज के मूल निवासी वर्तमान तुरकौलिया रघुनाथपुर गंडक कालोनी निवासी युवराज कुमार गिरी उर्फ चीकू गिरी को हुई है। वही दूसरे अभियुक्त हरसिद्धि थाना के दूधही गांव निवासी अमर सहनी के पुत्र टुन्ना सहनी को साक्ष्य छूपाने मामले में दोषी पाते हुए सात बर्षों का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। उक्त मामले में मलाही थाना के ममरखा भैया टोला निवासी ब्रजभूषण तिवारी ने तुरकौलिया रघुनाथपुर (ओपी) थाना कांड सं0-813/19 दर्ज



कराते हुए अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि उसका एकलौता 17 बर्षीय पुत्र साहिल कुमार उर्फ सिजू रघुनाथपुर स्थित आकाश कम्प्यूटर क्लास के बगल में डेरा लेकर रहता था और वह पालिटेक्निक कालेज का छात्र था। 15 नवम्बर 2019 की सुबह करीब 9:30 बजे से वह लापता हो गया। उसका मोबाइल भी बंद था। पुलिस मामले की तहकीकात में जूटी तथा मोबाइल लोकेशन व अन्य सूत्रों से तहकीकात करते हुए उसके संबंधी तक पहुंची तथा तीन युवक नीतीश तिवारी, युवराज कुमार गिरी व टूना सहनी को धर दबोचा। उसके निशानदेही पर 20 नवम्बर 2019 को रघुनाथपुर बालगंगा धनौती नदी किनारे शव को जमीन में गाडा था, उसे पुलिस ने खोज निकाला। पुलिस अनुसंधान पूरी कर तीनों नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित कर दिया। सत्यवाद बंद -58/2021 विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक जयराम सिंह ने दस गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा। विचारण के दौरान नीतीश तिवारी का वाद पृथक हो गया। न्यायधीश ने दोनों पक्षों के दलीलें सूनने के बाद उक्त सजा सुनाई। मृतक अपने माता -पिता का एकलौता संतान होने के कारण न्यायालय ने बिहार विक्टिम कंपनसेशन स्कीम 2014 के तहत सहायता दिलाने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक दुर्घटनाग्रस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** पकड़ीदयाल चोरमा पथ मे भंगहिया के पास देर रात अज्ञात वाहन के ठोकर से एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें बाइक चालक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।पकड़ीदयाल पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना गुरुवार के देर रात की है।मृतक युवक की पहचान चकिया के रमडीहा गांव निवासी सोनू पासवान के रूप में हुई। जो अपने ससुराल बड़कागांव जा रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने बताया कि पकड़ीदयाल दिग्गजचोरमा रोड में भंगहिया के पास अज्ञात वाहन के ठोकर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक बाइक चालक चकिया थाना के रामडीहा का सोनू पासवान था।

# दोहरे हत्याकांड के अभियुक्त भेजे गए जेल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** पुलिस ने दोहरे हत्याकांड के गिरप्तार नामजद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया। उक्त जानकारी डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को थाना परिसर में एक प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत हताहरपुर गांव में बीते बुधवार को देर शाम कलयुगी पुत्र, पुत्री तथा बहू ने अपने पिता श्रीभगवान साह व सौतेली मां रीनू देवी को लकड़ी के डंडा से मारपीट कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में गठित टीम ने छापामारी कर कांड संख्या 116/25 के नामजद तीन अभियुक्त पुत्र अभिषेक साह, पुत्री ज्योति देवी तथा बहु चांदनी देवी को हत्याकांड में प्रयुक्त लकड़ी के डंडा के साथ गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी दल में डीएसपी के अलावा इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार,अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार, पीएसआई राज कुमार राजू, अफजल रजा, साक्षी सेहा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# बिहार दिवस की तैयारी को ले एसडीओ ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों के अनुसार पकड़ी दयाल अनुमंडल में 22 मार्च को हर वर्ष की तरह होने वाले बिहार दिवस की तैयारी जोरों पर है। एसडीओ अविनाश कुमार द्वारा बैठक कर रूपरेखा तैयार की गई थी। इस कार्य हेतु अवर निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य राज को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है । वही आदित्य राज ने बताया कि पंचायत राज, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि कुल 14 विभागों के स्टॉल प्रदर्शनी के लिए अनुमंडल परिसर में लगाया जा रहा है। छात्रों के बीच पेंटिंग, रंगोली, चित्रकला, मूर्ति कला, वाद विवाद की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसडीओ द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर अनुमंडल कार्यालय को नीले बल्ब से सजाया गया है। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक मंचन भी किया जाएगा। स्थानीय कवि एवं साहित्यकारों को भी आमंत्रण दिया गया है। इस कार्य के लिए वरुणाहा स्कूल के शिक्षक रत्नेश कुमार एवं राजीव कुमार सिंह द्वारा छात्रों को तैयार किया जा रहा है। एसडीओ अविनाश कुमार ने 22 मार्च बिहार दिवस सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों को अनुमंडल कार्यालय में आने की अपील की है।

# खूनी संघर्ष मामले में मुखिया पत्नी के आवेदन पर 10 नामजद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** होली के रोज बखरी पंचायत के बैरागी टोला में हुए खूनी संघर्ष मामले में मुखिया जगन्नाथ राय की पत्नी मंजू देवी के आवेदन पर 10 नामजद एवं 40 - 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। आवेदन में चंचल यादव वीरेंद्र पटेल रजनीश पटेल अशोक यादव चेन्नई यादव सहित 10 नाम याद वह 40 50 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है।आवेदन में मंजू देवी ने बताया कि मेरे पति मुखिया जगन्नाथ राय के द्वारा मिलन समारोह मे गणमान्य जनता खाना खा रहे थे। उसी वक्त मेरे घर पर पूर्व के षड्यंत्र के तहत बीरेंद्र पटेल के दरवाजे पर सभी शराब पी रहे थे। हमारे पति जबसे मुखिया बने है तब से बीरेंद्र पटेल हमारे पति को रडार पर रखे है। राइफल फरसा आदि हरवे हथियार से लैस होकर पंचायत के लोगों को रोकने लगे तथा मेरे घर पर चढ़कर बीरेंद्र पटेल मेरे पति मुखिया जगन्नाथ राय को गाली गलौज करने लगे। फायर किए तो हमारे पति भागे। मेरे भैसुर के ऊपर जान मारने की नीयत से चंचल यादव फरसा चल दिए जिससे मेरे भैसुर का सर फट गया काफी खून बहने लगा। सुदामा राय मेरे देवर के सर पर फरसा चल दिए जो छटककर उनके गाल पर लगा और कट गया। जिससे काफी खून बहने लगा। वीरेंद्र पटेल अपने हाथ में लिए राइफल से मेरे पति के ऊपर फायर किए तो मेरे पति भाग कर जान माल की सुरक्षा हेतु अपने लाइसेंसी हथियार से हवाई फायर किए। पूर्व के दर्जनों आपराधिक मुकदमा का शागिर्द है वीरेंद्र पटेल। वीरेंद्र पटेल व उसका पुत्र कई कांड में संलिप्त है। रजनीश पटेल अपने हाथ में लिए पिस्टल से लगातार हवाई फायर करते रहे। मोतिहारी में भू माफिया, उच्च स्तरीय पहुंच, पुलिस पदाधिकारी का दलाली कर अनेक रुपया वसूल करते हैं। करोड़ों रुपए का अवैध संपत्ति अर्जित कर शूटरों को पाल-पोसकर हत्या करते हैं या करवाते हैं। मेरे मेन गेट को तोड़कर सभी लोग मेरे नाबालिक पुत्री का हाथ पकड़ कर कपड़ा फाड़ कर इज्जत लूटने का प्रयास किया। दो लाख रुपया पेटी अटैची में रखे सोना चांदी कीमत लगभग दस लाख रुपए चेन्नई राय लूट लिया। जान मारने की नीयत से मेरा गर्दन दबा दिए जिससे मेरा आवाज भी नहीं निकल रहा है। मेरे पति मेरे भैसुर पर जानलेवा हमला कर षड्यंत्र कर मेरे घर पर लूटपाट फायर की घटना को अंजाम दिया। वीरेंद्र पटेल चंचल यादव तथा चेन्नई यादव उर्फ रामचंद्र यादव मिलकर लाठी, रॉड से चार मोटरसाइकिल तथा एक सरकारी रिक्शा कुचल दिए। बता दें गत 14 मार्च को होली के दिन पूर्व के रंजिश को लेकर बैरागी टोला मे खूनी झड़प हुई थी। जिसमें 15 वर्षीय रोहित कुमार पिता शिवपूजन राय की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिसको लेकर पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मौके से हथियार खोखा शराब आदि बरामद किया था। इस बाबत थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# आज धूमधाम के साथ मनाया जाएगा बिहार दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** आज से 113 वर्ष पूर्व 22 मार्च 1912 को बंगाल से अलग होकर बिहार एक प्रांत के रूप में अस्तित्व में आयाद्य नए प्रांत के गठन के उपलक्ष में 22 मार्च को बिहार दिवस का आयोजन एक उत्सव के रूप में किया जाता है। जिसमें बिहार के गौरवशाली इतिहास और परंपरा को जानने और सीखने के साथ-साथ भविष्य के लिए एक नई दिशा तय करने का अवसर प्राप्त होता है। इस वर्ष बिहार दिवस की थीम 'उन्नत बिहार- विकसित बिहार' रखा गया हैद्य पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन बिहार दिवस को बड़ी धूमधाम के साथ आयोजित कर रहा है जिसमें जिला स्तर से लेकर प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर भी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई है।

जिला स्तर पर 7:50 बजे पूर्वाह्न में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर जिलाधिकारी




के द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। 8:00 बजे सुबह में पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी के परिसर से स्कूली बच्चों की प्रभात फ़ेरी निकाली जाएगी। 8:30 बजे वृक्षारोपण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।दिन में 11:00 बजे से 1:00 बजे अपराह्न तक पेंटिंग प्रतियोगिता, 1:00 से 3:00 बजे अपराह्न तक क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता तथा 3:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।संध्या 5:00 बजे बापूधाम ऑडिटोरियम मोतिहारी में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिलाधिकारी के द्वारा बिहार दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में जिला वासियों से बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई है।जिलाधिकारी के द्वारा पूर्व के बैठकों में सभी जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि बिहार दिवस के अवसर पर सभी कार्यालय की साफ-सफाई सहित उसे सजाने संवारने का कार्य करेंगेद्य बिहार दिवस के अवसर पर अनुमंडल, प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# अरेराज एसडीओ ने अंचल अधिकारियों के साथ की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज अरुण कुमार द्वारा अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचल अधिकारियों, राजस्व पदाधिकारियों एवं सभी राजस्व कर्मचारियों के साथ अनुमंडल कार्यालय अरेराज में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा राजस्व विभाग के सभी कार्यों की समीक्षा की गई एवं जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि दाखिल खारिज के सभी लंबित मामलों का समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित कराई जाए। परिमार्जन प्लस पर लंबित आवेदनो का निष्पादन नियमित रूप से किया जाए ताकि परिमार्जन का कोई मामला लंबित नहीं रहे। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा ई-मापी के माध्यम से प्राप्त आवेदन का निष्पादन, अभियान बसेरा 2, आधार सीडिंग इत्यादि में प्रगति लाने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को दिया गयाद्य लॉक जमाबंदी वाले मामलों का नियमानुसार निपटारा, भू लगान अद्यतनीकरण, पंजी 2 पर विद्यमान जमाबंदियों की ऑनलाइन एंट्री के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए गए।बैठक के सभी अंचल अधिकारियों को राजस्व कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक पद्धति से अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

# बिहार दिवस को लेकर सज-धजकर तैयार हुआ बेगूसराय

## दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार दिवस की तैयारी को लेकर जिला सज-धज कर तैयार हो चुका है। इस बार बिहार दिवस जिला में ऐतिहासिक रूप से मनाया जायेगा। जिले का गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर टेंड-पंडाल एवं सभी विभागों का स्टल लगाया जा रहा है। इसकी जानकारीबिहार दिवस को लेकर सभी चौक-चौराहों, महत्वपूर्ण स्थलों, बस स्टैंड एवं सार्वजनिक स्थानों पर नगर निगम प्रशासन द्वारा साफ-सफाई की जा रही है। साथ ही जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय एवं ग्राम पंचायतों में भी प्रशासन द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। सभी सरकारी भवनों को नीली रोशनी से सजाया जा रहा है। देते हुए जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बताया कि आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का थीम उन्नत बिहार, विकसित बिहार रहेगा। जिले के चार प्रमुख प्रवेश द्वार सिमरिया पुल, बरौनी जीरोमाईल, बछवाड़ा एवं साहेबपुर पर भव्य तोरण द्वार बनाया जायेगा। सभी कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग समिति का गठन किया गया है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस बार बिहार दिवस पर बेगूसराय जिला में दो दिवसीय 22 मार्च एवं 23 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 22 मार्च की सुबह 6.30 बजे प्रभात फेरी से होगी, इसके बाद 10 बजे विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टल का उद्घाटन एवं निरीक्षण, 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल बेगूसराय में किया जायेगा साथ ही श्रीकृष्ण इंडोर स्टेडियम, बेगूसराय में छात्र-छात्राओं की पेंटिंग, रंगोली, लेख प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद संध्या पांच बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया जायेगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ साधो द बैंड सुफी गायन, एहसान कुरैशी हास्य कलाकार एवं अल्तमश फरीदी पार्श्व गायक का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन 23 मार्च को सुबह सात बजे जिला अतिथि गृह में वृक्षारोपण का कार्यक्रम होगा। उसके बाद सध्या पांच बजे से पुरस्कार वितरण कार्यक्रम तथा स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ सिरसा रक्षित पार्श्व गायिका एवं मो दानिश पार्श्व गायक इंडियन आइडल फेम द्वारा प्रस्तुति की जायेगी। प्रभात फेरी में 700 छात्र-छात्राओं के साथ-साथ जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी भाग लेंगे। जो बेगूसराय पुलिस लाईन से नगर निगम चौक होते हुए गांधी स्टेडियम में समाप्त होगी।22 एवं 23 मार्च को संध्या 5 बजे से 8.30 रात्रि तक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# जगदीशपुर में रामनवमी शोभायात्रा को लेकर तैयारी जोरों पर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** भोजपुर के जगदीशपुर नगर में चैत्री नवरात्रि के महानवमी पर रामनवमी समिति, जगदीशपुर के तत्वाधान में निकलने वाले शोभायात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

नगर में बैनर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। समिति के पदधारकों और सदस्य प्रचार-प्रसार के साथ ही धन संग्रह अभियान भी चला रहे हैं। रामनवमी समिति के अध्यक्ष गणेश प्रसाद सोनी ने बताया कि इस बार की शोभायात्रा यादगार और ऐतिहासिक होगी। उत्तर प्रदेश सहित अन्य जगहों से झांकियां के साथ स्थानीय झांकी भी शोभायात्रा में शामिल होगी। समिति के पदधारक लगातार प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और लोगों को निमंत्रण भी दे रहे हैं। रामनवमी समिति के मयंक, कुमार आनंद, विशाल सिंह, दीपक कुमार, मनी सिंह राठौर, राकेश यादव, शिक्षक लालसाहब, नागेंद्र केसरी, रवि गुप्ता सहित अन्य समिति के मार्गदर्शक मंडली शोभायात्रा की सफल बनाने के लिए अपना योगदान दे रहे हैं।

## एक नजर

### महदेवा गांव में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के महदेवा गांव में पशुपालन विभाग की ओर से  निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत मुखिया विभा कुमारी ने किया। विभाग के दरभंगा क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ राम शंकर झा, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी दरभंगा डॉक्टर प्रमोद कुमार आर्य, डॉ शशांक शेखर, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार, पंचायत मुखिया विभा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम दौरान क्षेत्रीय निर्देशक डॉ राम शंकर झा ने शिविर के उद्देश्य के बारे में जानकारी दिया। साथ ही पशुपालकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बतलाया। शिविर में लोगो के बीच निशुल्क दवा का वितरण किया गया। मौके पर टीभीओ बंधार डा सुधाकर कुमार, टीभीओ बैद्यनाथपुर डा सुनील सिंह, डॉ श्याम किशोर, रमेश कुमार झा, बमबम झा आदि थे।

### 17 मामले में पांच निष्पादित

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया के द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 17 अपीलीय मामले की सुनवाई की गई। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामिण विकास विभाग से संबंधित मामले रहें। सुनवाई के दौरान कुल 5 मामले को निष्पादित किया गया।

### जनता दरबार में 47 लोगों की समस्याओं का किया गया निष्पादन

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय सभागार में डीएम के निर्देश पर अपर समाहर्ता भोजपुर द्वारा शुक्रवार को जिला जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न जगहों से आये फरियादियों ने अपनी अपनी समस्या रखी। जनता दरबार में कुल 47 लोगों ने एक एक कर अपनी समस्या रखी। अपर समाहर्ता द्वारा समस्याओं को सुनकर तुरत संबंधित अधिकारियों को निष्पादन करने का निर्देशित किया गया।

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मार्च में 12 नए शोरूम खोलेगा

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मार्च 2025 तक भारत में 12 नए शोरूम खोलने जा रहा है, जिससे इसकी वैश्विक उपस्थिति 13 देशों में 391 शोरूम तक पहुंच जाएगी। इस विस्तार में 600 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है और 406 नई नियुक्तियां की गई हैं। नए शोरूम मुंबई, पुणे, ओडिशा, झारखंड, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और वाराणसी में खुलेंगे। कंपनी 2025 में 60 नए शोरूम खोलने की योजना बना रही है। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि यह विस्तार उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय खरीदारी अनुभव देने और ब्रांड की विश्वसनीयता को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है।

### सस्ती लोकप्रियता पसंद सांसद हैं शाम्भवी : अमित

**ओईनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता) ।** यह सांसद भी अन्य सांसदों की तरह निकली। फर्क सिर्फ यह रहा कि पुर्व के सांसद सदन में उंघते रहते थे। मगर ये आये दिन उटपटांग ही सही मगर बोलती हैं। उक्त बातें भाकपा माले पूसा प्रखण्ड सचिव अमित कुमार ने शुक्रवार को संवाददाता से कही। वे पिछले दिनों संसद में शांभवी चैधरी द्वारा समस्तीपुर स्टेशन का नाम जननायक देश रत्न कर्पूरी ठाकुर के नाम पर रखने की मांग किए जाने पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। माले नेता ने कहा कि ऐसा कर उन्होंने अपनी अक्षमता और अपने क्षेत्र के बारे में अल्प जानकारी का परिचय दिया है। जो यह बताता है कि इन्हें समस्तीपुर में उनको सिर्फ कर्पूरी जी के बारे में ही पता है। माले नेता ने कहा कि ये भी भाजपा के रंग में रंगी दिख रही हैं। जिसे जनता की जरूरत से कोई मतलब ही नहीं होता।


### स्काउट गाइड के तहत सात दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्काउट गाइड के तत्वावधान में कोईलवर प्रखंड के अंबिका शरण सिंह उच्च विद्यालय जमालपुर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार से किया गया। इसके तहत जिला संगठन आयुक्त सह हिंदुस्तान स्काउट गाइड के ट्रेनर के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूरे कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त रणधीर कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के सभी सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा निर्गत पत्र के आलोक विद्यालयों के द्वारा निबंध कराने के बाद सभी विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो बच्चो का चयन कर उनको राज स्तरीय कार्यक्रमों में प्रदर्शन का मौका मिलेगा।

# वन दिवस पर पौधा लगाने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** विश्व वन दिवस के अवसर पर ललन पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर शाहपुर में पौधारोपण एवं ग्रंथ वितरण किया। पर्यावरणविद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कि वन दिवस मनाने का उद्देश्य उसका संरक्षण है।

वनों के महत्व और उनकी रक्षा की ज़रूरत के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्य करना होगा। उसके  संरक्षण के लिए ये उपाय किए जा सकते हैं। वनों को बचाने और वन क्षेत्र बढ़ाने का संकल्प लें। अपने हाथों में एक पौधा थामें और उसे धरती में लगाएं। पेड़ो की कटाई और क्षरण को रोकने के लिए प्रयास करें। वन के संरक्षण के लिए शासनिक-प्रशासनिक प्रयासों के साथ ही जन भागीदारी बढ़ाएं।

सह प्रमुख नित्यानंद ओझा ने कहा कि सबको पौधारोपण का संकल्प लेना होगा और अधिक से अधिक पौधा लगाकर बढ़ाना होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के एचएम अजित दुबे, सह सचिव संजय पांडेय, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि दक्षिण बिहार के सह प्रमुख नित्यानंद ओझा, जिला जल उपक्रम प्रमुख कमलेश सिंह, जिला प्रमुख मुकेश मिश्रा एवं विंध्याचल जयसवाल शामिल हुए।

# सरकार महिलाओं का लोन माफ करें : बंदना सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** समूह लोन जानलेवा साबित हो रहा है। महिलाएं घर-परिवार चलाने में कर्ज ले लेती हैं लेकिन आमदनी के आभाव के कारण समय पर न कर्ज चुका पाती है और न ही ब्याज भर पाती हैं। फलतरू कर्ज बढ़ता ही चला जाता है।

माइक्रोफाइनेंस कर्मी महिलाओं को घर पर आकर अपमानित करते हैं, घर में ताले लगा देती हैं, उठाकर ले जाने की धमकी, जेल भेज देने की धमकी तक दिया जाता है। उल्टे पति का प्रताड़ना झेलना पड़ता है और अंततः किंकर्तव्यविमूढ़ होकर कर्जदार महिलाएं आत्महत्या करने को विवश हो रही है। समस्तीपुर नगर निगम के भगीरथपुर में महिला द्वारा आत्महत्या का मामला हो या फिर जीतवारपुर के कर्जदार महिला द्वारा ट्रेन से कटकर जान देने जैसे रोज व रोज घटने वाले अनेकानेक घटना मामला समूह के कर्जदार से जुड़ी रहती है। उक्त बातें महिला संगठन ऐपवा सह भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य बंदना सिंह ने संवाददाताओं से एक अनौपचारिक भेंट के दौरान कही। उन्होंने लगातार दलित-गरीबों के गांव- टोले में बैठक से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कर्मी महिलाओं को लोन के प्रति प्रेरित कर लोन उठवा देता है। लोन से प्राप्त रुपये आवश्यक एवं अनावश्यक कार्य जैसे मोबाइल, दो चक्का वाहन, कपड़े, बच्चों के पढ़ाई लिखाई, बढ़ती महंगाई आदि में खर्च हो जाता है। इधर समूह लोन का ब्याज दर ब्याज बढ़ता ही चला जाता है, काम या फिर आमदनी के आभाव में न तो कर्जदार महिलाएँ को समय पर न ही सूद चुकाना संभव होता और न ही मुलधन। जिससे फाइनेंस कर्मी लगातार कर्जदार महिला को हरेक तरह से प्रताड़ित किया करते हैं।

# आग से बचाव को लेकर जागरुकता रथ रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और इस समय आग लगने की संभावना अधिक रहती है। उसको देखते हुए अग्निशमन विभाग ने आरा अग्निशमन कार्यालय से एक प्रचार प्रसार रथ रवाना किया। इस रथ में एलईडी के द्वारा लोगों को अगलगी के बचाव के तरीके आम लोगों के बीच में सिखाए जाएंगे। विभाग का कहना है कि जिले में 14 प्रखंड है और इन प्रखंडों में कई बड़े-बड़े बाजार हैं। जहां यह प्रचार प्रसार रथ लोगों के बीच जाएगा और लोगों का जागरूक करने का कार्य करेगा। साथ ही यह भी बताया की इस अभियान के तहत मॉक दिल द्वारा भी जागरूक किया जायेगा। ताकि गर्मियों के दिन में लोग सतर्क रहे। इस अभियान में जिला अग्निशमन पदाधिकारी सुभाष सिंह द्वारा अधिकारियों व कर्मियों को गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने का आदेश दिया है ताकि अगलगी से आम जनता का नुकसान ना हो सके। गौरतलब हो कि शहरी व देहाती क्षेत्र में प्रतिवर्ष आग लगी से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो जाती है। यहां तक की मानव व पशुधन की भी क्षति की सूचना मिलती रहती है। जिसको देखते हुए विभाग लोगों को जागरूक करने में जुटा हुआ है। जिससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुरक्षा मिल सके।

# पेड़ से लटका मिला शव

'नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के चकवा पंचायत अंतर्गत बौलीपुर गांव में श्याम बिहारी सिंह के बगीचे में आम के पेड़ से लटका एक 30 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान नारायणपुर गांव के स्व. बिभई मुसहर के पुत्र मुलुक मुसहर के रूप में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक अपने घर से शुक्रवार को सुबह 6:00 बजे निकला था। उसकी बहन बौलीपुर में रहती है। घटना की जानकारी मिलते ही जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह और थानाध्यक्ष विगाउ राम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को जांच उपरांत पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल में भेज दिया। एसडीपीओ ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई जख्म का निशान नहीं है, जिससे यह लगता है कि मृतक ने खुदकुशी की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का स्पष्ट कारण पता चलेगा। मृतक के बारे में बताया जाता है कि उसकी पहली शादी होने के बाद उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी, और दूसरी शादी के बाद उसकी पत्नी की मृत्यु हो गई थी।

# भोजपुरी महोत्सव 2025 : भाषा और संस्कृति का भव्य उत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, रमना मैदान, आरा में भव्य भोजपुरी महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। यह महोत्सव कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम तनय सुल्तानिया, डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने कहा कि भोजपुर जिले में पहली बार जिला प्रशासन द्वारा भोजपुरी महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भोजपुरी भाषा और इसकी समृद्ध कला शैली को नई पहचान देना है। उन्होंने कहा कि भोजपुरी किसी परिचय की मोहताज नहीं है, लेकिन इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हमें इसे अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक अपनाना होगा। महोत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों और संस्थानों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमें शिक्षा विभाग, नमामि गंगे, जीविका, उद्योग, सुधा डेयरी, चित्रकारिता/ पेंटिंग और खान-पान आदि शामिल थे। नमामि गंगे के स्टॉल पर युवाओं के लिए विशेष आकर्षण रहा, जहां रोचक पुस्तकों और कॉमिक बुक्स का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से भोजपुरी भाषा की समृद्धि, इसकी भावनात्मक गहराई और सामाजिक योगदान को रेखांकित किया।

# भाजपा समस्तीपुर दक्षिणी के जिलाध्यक्ष ने की 26 सदस्यीय जिला कमेटी की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**समस्तीपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल एवं संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया के सहमति से जिला संगठन का विस्तार करते हुए भाजपा समस्तीपुर जिला दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा ने अपने छब्बीस सदस्यीय जिला पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शशिधर झा, संचालन मुकेश कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन अरविंद कुशवाहा ने किया। नव मनोनित पदाधिकारियो में मनोरंजन मोदीन, कपिलदेव चैधरी, शैल कुमारी, संजय सिंह, जीतेन्द्र चैहान, सविता चैधरी, वीणा साह को जिला उपाध्यक्ष ललन सिंह, मनोज कुमार सिंह एवं अरविंद कुशवाहा को जिला महामंत्री, जगदेव राम, पुजा साह, रविन्द्र पासवान, रेखा देवी, सुमन देवी, अनीता साह, विकास सहनी एवं राजकुमार दास को जिला मंत्री, सौरभ शर्मा को कोषाध्यक्ष संजय सोनी एंव जितेन्द्र सिंहा को सह कोषाध्यक्ष शंभू गिरी को कार्यालय मंत्री दीपक महराज और नवीन कुमार झा को सह कार्यालय मंत्री अमित चैरसिया को मुख्यालय प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर श्री झा ने कहा कि पदाधिकारियों के मनोनयन में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि संगठन और पार्टी के मजबूती केलिए, प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किए जा रहे कामों को जन जन तक पहुंचाने में जुट जायें। मुझे विश्वास है कि आपके श्रम और समर्पण से अगामी चुनाव में बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता सामंत चैधरी, प्रो विजय कुमार शर्मा, विमला सिंह, प्रो अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, सुनील कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, नरेन्द्र चैधरी, सुनील राय, अधिवक्ता कृष्ण कुमार सहित अन्य मंचासीन नेताओं ने नव मनोनीत जिला पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं व्यक्त किया। बधाई देने वालों में सुनील कुमार राय, कृष्ण गोपाल शर्मा, विजय चैधरी, ललित कुमार,राजू पटेल सहित कई लोग शामिल थे।

# आधुनिक वाद्य यंत्रों के बीच बौनी बनी शहनाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** स्थानीय पटेल बस पड़ाव स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर स्थापित भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण शुक्रवार को हुआ। इसके पश्चात आयोजित 'शहनाई और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां' विषय पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि ख़ां साहब ने जिस तरह गंगा के किनारे मंदिर, मस्जिद आदि स्थानों पर शहनाई बजा बजाकर शहनाई को मान सम्मान दिलाया और विदेशों से ख्याति प्राप्त की। आज उसे पुनर्जीवित रखने की आवश्यकता है। शहनाई शुभ वाद्य यंत्र है। लेकिन आज समाज के बदलते परिवेश और संस्कृति के बीच डीजे जैसे वाद्य यंत्रों ने अपनी विशेष पहचान बना ली है। जिसके चलते आज लोक वाद्य यंत्र हो या फिर लोक कलाएं और पारंपरिक लोक संस्कृति विलुप्त होने की कगार पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेपी सेनानी सुशील तिवारी व संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह ने की। अवसर था खान साहब की जन्मतिथि का। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान द्वारा आयोजित परिचर्चा पर बोलते हुए डॉ जया जैन, डॉ किरण कुमारी, राष्ट्रीय स्वर्ण क्रांति सेना की अध्यक्ष पूनम सिंह, डॉ केडी सिंह, डॉ नन्द जी दुबे, अधिवक्ता देवी दयाल राम आदि ने कहा कि आज शहनाई वादकों की संख्याएं कम होती जा रही है। आरा और आस पास के क्षेत्रों में शहनाई वादक विलुप्त होते गए हैं। वक्ताओं ने कहा कि एक सर्वेक्षण के दौरान ये बातें उभर कर आई है। जो लोग भी शहनाई वादक थे वे आज अत्यंत आधुनिक वाद्य यंत्र के सामने बौना साबित हो गए है। जिसके कारण अपने परिवार के भरण पोषण के लिए शहनाई को शोभा की वस्तु बनाते हुए आधुनिक वाद्य यंत्रों के श्रेणी में आ गए है। वक्ताओं ने सरकार से मांग की है कि शहनाई जैसे वाद्य यंत्र और वादकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। ये खान साहब के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। कार्यक्रम में शामिल कृष्ण प्रताप सिंह उर्फ पप्पू जी, जितेंद्र कुमार सिंह, यशवंत सिंह, बुजुर्ग राम नारायण शर्मा, जितेंद्र पासवान, कन्हैया राम, व्यास कमलेश पासवान, पत्रकार विजय कुमार सिंह, गांधी जी व अन्य थे।

# कृषि में नवाचारी सांख्यिकीय विधियों पर हुआ विमर्श

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पूसा।** सांख्यिकीविदों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं को कृषि क्षेत्र में उत्पन्न एवं संभावित जटिलताओं व चुनौतियों का नवीन समाधान विकसित करने पर काम करना चाहिए। इन शब्दो के साथ डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के विद्यापति सभागार में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय कृषि सांख्यिकी सोसायटी के प्लैटिनम जुबली सम्मेलन के दूसरे दिन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीएस पांडेय ने जटिल कृषि चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतर विषयक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। इस क्रम में उन्होने डिजीटल क्रांति के इस दौर में डाटा की विश्वसनीयता और सुरक्षा के प्रति अगाह करते हुए सतर्क व सजग रहने की आवश्यकता जताई। बताते चलें कि संगोष्ठी के दूसरे दिन कृषि में नवाचारी सांख्यिकीय विधियों और अनुप्रयोग एवं इससे संबद्ध विषयों पर देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे विशेषज्ञों व वरीय वैज्ञानिकों ने एक सौ से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किये। इस दौरान विद्यापति सभागार एवं पंचतंत्र सभागार में अलग-अलग विषय पर आधारित तेरह तकनीकी सत्र आयोजित किए गये थे। इस अवसर पर सोसायटी के प्रेसिडेंट तथा पूर्व निदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ पद्म सिंह एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद निदेशक एवं कांफ्रेंस के सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने कीनोट स्पीच देते हुए सांख्यिकी के क्षेत्र में देश एवं विश्व भर में हो रहे बदलाव एवं देश के विकास में सांख्यिकी के विभिन्न अनुप्रयोग के विषय में विस्तार से चर्चा किया। वहीं तकनीकी सत्र और शोध पत्र प्रस्तुतियों में डिजिटल कृषि, सटीक खेती और डेटा-संचालित निर्णय लेने के विभिन्न आयामों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस क्रम में 20 से अधिक राज्यों के लगभग 250 प्रतिनिधियों ने अपने शोध, अनुभवों और अंतर्दृष्टियों को साझा किया, तथा कृषि अनुसंधान और नीति निर्माण में सांख्यिकीय विश्लेषण के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज सम्मेलन के तीसरे दिन समापन के पुर्व कृषि सांख्यिकी के भविष्य एवं नीति निर्णयों को आकार देने में सांख्यिकीविदों की भूमिका पर गहन चर्चा किया जाएगा।

CMYK

# किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन, फसलों के लगे स्टॉल

## कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी गई जानकारी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** संयुक्त कृषि भवन, औरंगाबाद के प्रांगण में आत्मा योजनान्तर्गत दो दिवसीय 'किसान मेला-सह-कृषि प्रदर्शनी' कार्यक्रम 2024-25 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन अपर समाहर्ता उपेन्द्र पंडित, जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद, सहायक निदेशक उद्यान सोनू कुमार, भूमि संरक्षण, उप निदेशक रवि कुमार, पौधा संरक्षण, सहायक निदेशक रॉकी रावत के द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में लगाए गए फसलों का अवलोकन के बाद उत्कृष्ट फसल के लिए किसानों प्रोत्साहित किया गया। प्रदर्शनी में आए उन्नत किस्म के उत्पादों का पदाधिकारियों ने अवलोकन किया। साथ ही कृषि वैज्ञानिक के द्वारा गरमा मौसम में उगाई जाने वाली फसलों की वैज्ञानिक खेती किसान भाई कैसे करें, ताकि फसलों की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ायी जा सके। अपर समाहर्ता उपेंद्र पंडित द्वारा बताया गया कि परम्परागत कृषि के अतिरिक्त नई तकनिकी आधारित विषेष फसलों पर यथा सरसो, मक्का, स्ट्राबेरी, पपिता आदि की खेती करने हेतु विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा गरमा बीज वितरण, गरमा अनुदान प्रत्यक्षण किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान एवं अन्य योजनाओं के बारे में जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। उन्होंने बताया कि विभाग किसानों को समय-समय पर कृषि सलाह के अलावा उन्नत बीज भी उपलब्ध करा रही है। अच्छी उत्पादन के लिए किसानों को मिट्टी का जांच भी जरूर कराना चाहिए। जांच कराने से मिट्टी के स्वास्थ्य की जानकारी मिलती है। इससे किसान जरूरत के अनुसार खाद-बीज का उपयोग कर अच्छी फसल ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार कृषि उपज बढ़ाने के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही हैं। योजनाओं की जानकारी भी किसानों को रहनी चाहिए। उससे किसान योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। किसानों की मदद के लिए कृषि मित्र सहित अन्य लोग भी मददगार होंगे। सहायक निदेशक पौधा संरक्षण रॉकी रावत ने कहा कि फसलों में ज्यादा रसायन का इस्तेमाल न करें। फसलों में जैविक खादों का प्रयोग कर पैदावार को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फसल की बुआई के समय देसी खाद जरूर डालें। इससे किसान फसल की लागत को कम कर अधिक मुनाफा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कीटों से फसल बचाने के लिए सोलर लाइट ट्रैप का इस्तेमाल करें। यह एक खास तरह की लाइट होती है, जिसे दिन में सोलर प्लेट से चार्ज करके रात में जलाया जाता है। इसकी रोशनी से कीट आकर्षित होकर जाल में फंस जाते हैं। जिला मिट्टी जांच प्रयोगशाला सहायक निदेशक के द्वारा बताया गया कि किसान भाई मिट्टी अवश्य जांच कराये एवं जांच के फलाफल के अनुरूप ही अपने खेत में उर्वरक की उपयोग करें ताकि मिट्टी का उर्वरा शक्ति कायम रहे। साथ ही सभी पदाधिकारी अपने-अपने विभाग में चलाई जा रही योजनाओं का विस्तृत जानकारी किसान बंधु को दिया गया। कार्यक्रम में वरिय वैज्ञानिक दीपक कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अजीत पासवान, दाउदनगर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार एवं मौसम वैज्ञानिक अनुप चौबे, नवनियुक्त प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, प्रखंड तकनिकी प्रबंधक, सहायक तकनिकी प्रबंधक एवं किसान मौजूद रहे।

# लोक शिकायत के आठ मामलों का समाधान, जिलाधिकारी ने दिए तत्परता बरतने के निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में लोक शिकायत से जुड़े 13 मामलों की सुनवाई की। इनमें से 8 मामलों का तत्काळ समाधान कर दिया गया, जबकि शेष 5 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली सुनवाई की तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोक शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निवारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी लोक प्राधिकारों को निर्देश दिया कि वे शिकायतों के समाधान में तत्परता, संवेदनशीलता और सक्रियता बनाए रखें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का प्रभावी और सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बदमाशों ने केन्द्रीय मंत्री के रिश्तेदार को मारी गोली



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चेरिया।** गुरुवार की देर शाम थाना क्षेत्र कुंभी गांव में केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री डा राज भूषण चौधरी निषाद के चचेरे मामा को नकाबपोश बाईक सवार तीन बदमाशों ने गोली मार कर जख्मी कर दिया। हालांकि गोली पीड़ित के पैर में लगी है। जिससे वे खतरे से बाहर बताएं जा रहे हैं। जानकारी अनुसार उक्त गांव निवासी भरत सहनी के 48 वर्षीय पुत्र मालिक सहनी को गोली लगी है। परिजनों के अनुसार मालिक गांव के ही भगवती स्थान चौक स्थित अपने परचून की दुकान को बंद करने की तैयारी में जुटे थे तभी बाइक सवार बदमाशों ने लगभग आधा दर्जन गोली चलाई जिसमें से दो गोली मालिक के पैर में लगी तथा अन्य गोलियां दुकान के फ्रीज व अन्य सामानों में धंस गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल स्थल पर पहुंच जख्मी को ईलाज के लिए भेजकर छानबीन में जुट गई। वहीं पुलिस सूत्रों की मानें तो बदमाशों की पहचान के उपरांत बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में ले कर पुछताछ कर रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बदमाश मालिक से बिना पैसा दिए सामान लेना चाहता था। सामान नहीं देने पर घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में एसपी मनीष ने प्रेस वार्ता कर बताया की घटना के छह घंटे के भीतर तीनो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके पास से एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन, एक खोखा, दो पिलेट, 3 मोबाइल और दो मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

# रमजान की नवाज अदा करने को लेकर उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में माहे मुबारक रमजान के तीसरे जुमा को नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों की भीड़ मस्जिद में उमड़ पड़ी। नावकोठी, समसा, देवपुरा, विष्णुपुर, रजाकपुर, खैरवन, हसनपुर बागर, छतौना, वृंदावन, पहसारा आदि मस्जिद में रोजेदारों ने बजमात नमाज अदा की। देश व समाज की सलामती के लिए दुआ मांगी। रमजान के पाक महीने में सबसे अहम मकाम जकात(दान) अदा करना है। रमजान के तीसरे जुमा को विष्णुपुर मस्जिद के इमाम मौलाना शमशेर रब्बानी साहब ने मस्जिद में खुतबे के दौरान कहा कि रमजान के महीने में की गयी इबादत जकात देने के बाद ही कुबूल होती है। जकात में हर मुसलमानों को अपने पूरे साल की बचत का 2.5 फीसदी हिस्सा जरूरतमंद को दान करने के लिए कहा गया है। मान्यता है कि बंदे रमजान के दिनों में जितना ज्यादा जकात करता है उसके घर में उतनी ज्यादा बरकत आती है। इससे जरूतमंद की मदद होती है और जकात करने वाले का रिश्ता अल्लाह से और मजबूत होता है। जकात में खर्च किये जाने वाला धन मेहनत की कमाई का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान में किये जाने वाले हर नेकी को खुदा 70 गुना इजाफा कर देते हैं। इसलिए बंदे को चाहिए कि अपने ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की रहमत बरकत को इबादत करके हासिल करें।

# नारी शक्ति रथ पंहुचा तेघरा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**तेघरा।** तेघरा प्रखंड स्थित शिवाय इन होटल के सभागार में जदयू नारी शक्ति रथ यात्रा का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तेघड़ा में सेकड़ों की संख्या में उपस्थित जदयू के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने नारी शक्ति रथ का भव्य स्वागत किया। यात्रा का नेतृत्व कर रहीं जदयू प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा नेत्री डा भारती मेहता का फूल-मालाओं और उत्साह के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी ने आयोजन को और अधिक सफल और प्रभावी बना दिया। जदयू प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा डा. भारती मेहता ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी सशक्त बिहार का सपना तभी साकार होगा। जब समाज के हर वर्ग से महिलाओं को बराबरी का अवसर मिलेगा। इस यात्रा ने पूरे राज्य में महिलाओं को एक नई ऊर्जा और विश्वास से भर दिया है। जदयू की यह पहल न केवल महिला सशक्तिकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बल्कि यह एक ऐसे समाज की नींव रख रही है। जहां महिलाएं आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनकर अपनी भूमिका निभा सकें। जदयू के जिला अध्यक्ष रूदल राय ने अपने प्रेरक संदेश के माध्यम से समाज के हर वर्ग को इस ऐतिहासिक पहल में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज का समग्र विकास असंभव है। पूर्व महिला आयोग सदस्या सह प्रदेश सचिव रीना चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति रथ महिला संपर्क यात्रा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह समाज में महिलाओं के योगदान को पहचानने और उन्हें सशक्त बनाने का हमारा संकल्प है। यह यात्रा जदयू के 'नारी सशक्त बिहार' के सपने को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से सशक्त करना। ग्रामीण और शहरी इलाकों में महिलाओं को जागरूक करना और सशक्तिकरण का संदेश देना।महिलाओं की समस्याओं को समझना और उनका समाधान सुनिश्चित करना। नारी शक्ति रथ अभियान मे पूर्व मंत्री मंजू वर्मा, पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय, प्रदेश नेत्री रेणुका कुशवाहा, उषा सिन्हा, राजकुमारी विभु, अनीता मिश्रा, फातिमा खातून, बीहट नगर परिषद चेयरमैन बबिता पासवान, शोभा देवी, नगर अध्यक्षा बबिता देवी, प्रेमलता देवी, जिला प्रवक्ता अरूण महतो, मीडिया सेल अध्यक्ष मोनू पटेल, अमर कुमार सिंह, विकाश कुशवाहा, शम्भू महतो, नन्दलाल राय आदि थे।

## एक नजर

### पीड़ित परिजनों से पूर्व विधायक ने की मुलाकात, मदद का दिया आश्वाशन

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शुक्रवार को मृतक रंजीत पासवान के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अन्याय और अत्याचार का विरोध करने वाली सोच को दबाने के उद्देश्य से रंजीत पासवान की हत्या की गई है। हम लोग उनकी सोच को मरने नहीं देंगे। जरूरत पड़ी तो सैकड़ो लोग रंजीत पासवान बनकर खड़े हो जाएंगे। उन्होंने पुलिस को एक सप्ताह के अंदर मुख्य अपराधी सहित घटना में संलिप्त सभी लोगों को गिरफ्तार करने का अल्टिमेटम देते हुए कहा कि प्रशासन इस जघन्य हत्याकांड में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है, अगर पुलिस एक सप्ताह के अंदर मामले का उद्भेदन नहीं करती है तो वे पुलिस की नींद हराम कर देंगे। जब तक अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे नहीं भेजेंगे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने सरकार से विधि - व्यवस्था दुरुस्त कर अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। इस मौके पर शिवपूजन मेहता, जैनेंद्र कुशवाहा, निर्भय पासवान, प्रेम चंद्रवंशी, अरविंद बोस समेत दर्जनों समाजसेवी उपस्थित थे।

### परिवार कल्याण परामर्श शिविर का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परिवार कल्याण परामर्श शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें चिकित्सकों की टीम ने 35 गर्भवती महिलाओं के प्रसवपूर्व जांच की। इसके तहत गर्भवती महिलाओं की ऊंचाई, वजन, हेमोग्लोबीन, मूत्र, ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, एचआईवी आदि की जांच की गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरीझने गर्भवती महिला को अपने भोजन में प्रोटीन युक्त तथा आयरन युक्त भोजन को शामिल करने की सलाह दी। इसके लिए नोनी का साग, रागी, पीले पके फल, दूध, मछली, कलेजी आदि को भोजन में लेना उपयुक्त बताया। प्रत्येक माह नियमित जांच कराने की सलाह दी गयी। सुरक्षित जच्चा बच्चा व सुरक्षित भविष्य के लिए यह जांच आवश्यक है। सभी लाभुकों को कैल्शियम,आयरन की गोली दी गयी। दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के लिए अस्थायी गर्भ निरोधक साधन में कंडोम अंतरा, छाया आदि का वितरण किया गया। मौके पर डॉ चंदन मिश्रा, डा दिनेश कुमार, बी सीएम उषा कुमारी, लैबटेक्नीशियन पंकज कुमार जोशी, काउंसर राजकुमार सिंहा, सीएच ओ रवि शंकर, एएनएम शालिनी, प्रभा, दीपा, मोनी सहित दर्जनाधिक आशा कार्यकर्ता, लाभुक आदि मौजूद थे।

### माले का रोषपूर्ण प्रदर्शन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले और अखिल भारतीय किसान महासभा के कार्यकर्ताओं ने कार्यालय कमलेश्वरी भवन से मार्च निकाल कर समाहरणालय के समक्ष कैंटीन चौक पर रोषपूर्ण प्रदर्शन कर मक्का अनुसंधान केंद्र का स्थानांतरण आदेश वापस लेने की मांग सरकार से की।प्रदर्शनकारियों को भाकपा माले जिलासचिव दिवाकर प्रसाद, अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलासचिव बैजू सिंह और जिलाध्यक्ष नवलकिशोर, खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्माऔर अध्यक्ष मोहम्मद इसराफिल, माले नगर सचिव राजेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह, इन्द्रदेव राम, मोहम्मद कमाल, अरविंद महतो, राजेन्द्र यादव, ललित यादव, अरूण मोची, कैलाश महतो (अधिवक्ता), विनय कुमार अम्बष्ट, साजन कुमार, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद मुशर्रफ, मोहम्मद अबूबकर, जय हिंद कुमार, अनिल महतो, रामचंद्र महतो, निवास कुमार, शामिल थे।

### स्क्रीनिंग ओपीडी का उद्घाटन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय ,बेगूसराय में भारतीय चिकित्सा केंद्रीय आयोग के निर्देशानुसार स्क्रीनिंग ओपीडी का उद्घाटन प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर पटना आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राध्यापक डा अमरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी ने उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय चिकित्सा केंद्रीय आयोग के मानक के अनुरूप अब हर आयुर्वेद महाविद्यालय में स्क्रीनिंग ओपीडी अनिवार्य कर दिया गया है। महाविद्यालय में उसी मानक को पूरा करने के लिए आज से स्क्रीनिंग ओपीडी प्रारंभ हो गई है। उद्घाटन के पूर्व उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार वर्मा ने प्राचार्य डक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी एवं डा अमरेंद्र कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया डा अमरेंद्र कुमार सिंह ने वर्तमान समय में स्क्रीनिंग ओपीडी की अनिवार्यता बताते हुए कहा कि आज जितने तरह के रोगी आ रहे हैं। उनकी स्क्रीनिंग अनिवार्य है। इस अवसर पर चिकित्सा डा भानु प्रताप राय, भारतीय चिकित्सा केंद्रीय आयोग के विशेषज्ञ डा वीजेंद्र कुमार, पूर्ववर्ती छात्र समिति के अध्यक्ष डा लाल कौशल कुमार एनाटमी विभाग के विभाग अध्यक्ष डा संतोष कुमार सिंह एवं डा रामसागर दास ने अपने उद्गार व्यक्त किया।

# अतिक्रमणकारियों के कब्जे में अनुमंडल मुख्यालय की सड़क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बलिया।** प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के इर्द-गिर्द सहित अनुमंडल मुख्यालय जाने वाले सड़क एवं अनुमंडल अस्पताल जाने वाले सड़क पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो गया है। जिससे अनुमंडल कार्यालय एवं अनुमंडलीय अस्पताल जाने में लोगों को तो फजीहत झेलनी ही पड़ती है। साथ ही साथ अधिकारियों को भी इसे रूबरू होना पड़ता है। विगत दिनों डीएम तुषार सिंगला के बलिया में प्रस्तावित जनता दरबार की सूचना

## लोगों को हो रही परेशानी

पर अधिकारी हरकत में आते हुए अवैध रूप से सड़क किनारे कठरा का गोमती पर दुकान चला रहे दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए 17 मार्च को तक अपना-अपना दुकान हटा लेने का निर्देश जारी किया था। बावजूद दुकानदारों की दिलेरी अधिकारियों पर भारी पड़ी। नोटिस के बावजूद भी आज भी सभी कठरे की दुकान जस का तस है। ऐन वक्त पर डीएम का दौरा रद्द होने पर अधिकारी भी बेखबर हो गये। आम लोगों में नोटिस चिपकाने के बाद चर्चा बन गई है की आला अधिकारी के दौरे पर स्थानीय अधिकारी नोटिस तो जारी कर देते हैं। बताया जाता है कि विगत दिनों एसडीओ रोहित कुमार बीडीओ सन्नी कुमार सीओ रवि कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर वाले नोटिस सभी अवैध दुकानों पर चस्पा दिया गया था। लेकिन इससे दुकानदारों के कान पर जू तक नहीं रेंगी। जिससे यह साफ झलकता है कि अवैध तरीके से प्रखंड मुख्यालय सहित अनुमंडल अस्पताल एवं अनुमंडल कार्यालय जाने वाले सड़क किनारे दुकान खोलकर बैठे दुकानदारों का मनोबल कितना बढ़ा हुआ है। लोगों में यह चर्चा भी है की कई रसूखदार लोगों के एक-एक दर्जन कठरे की दुकान है। जिस दुकान से 2000 से लेकर 3000 तक भाड़ा की वसूली की जाती है। इससे कुछ मुट्ठी भर लोग मालामाल हो रहे हैं। लेकिन आम लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। अब देखना है कि अधिकारियों के नोटिस का तामिला कब तक हो पता है।

# जहानाबाद में होमगार्ड अभ्यर्थियों ने निकाला मार्च




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** होमगार्ड शारीरिक जांच परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों का धरना और प्रदर्शन पिछले 18 महीने से जारी है। शुक्रवार को काको मोड़ से कारगिल चौक तक मार्च निकालकर अभ्यर्थियों ने सरकार से नियुक्ति पत्र जारी करने की मांग की। इसके बाद उन्होंने जिलाधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। बता दें कि वर्ष 2011 में होमगार्ड बहाली के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इसकी बहाली प्रक्रिया वर्ष 2022 में शुरू हुई जिसके तहत अब तक शारीरिक जांच परीक्षा आयोजित की गई है। बताया जाता है कि इस जांच परीक्षा में 705 अभ्यर्थी सफल हुए थे। लेकिन केवल 213 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति पत्र मिला, जबकि बाकी 492 अभ्यर्थी अब भी इंतजार कर रहे हैं। इधर, सरकार द्वारा होमगार्ड की नई बहाली के लिए विज्ञापन जारी किए जाने के बाद पुराने सफल अभ्यर्थी नाराज और चिंतित हैं। उनका कहना है कि पहले उन्हें नियुक्त किया जाए, उसके बाद नई बहाली हो। शारीरिक जांच परीक्षा में पास हो चुके अभ्यर्थी 1 नवंबर 2023 से जहानाबाद के कारगिल चौक पर धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि जब वे पहले ही परीक्षा पास कर चुके हैं, तो सरकार को उनकी नियुक्ति प्राथमिकता के आधार पर करनी चाहिए। वहीं आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों ने साफ तौर पर कहा है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन और तेज होगा। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला तो वे आगे उग्र प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# आरओबी निर्माण स्वीकृति से लोगो में हर्ष




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बखरी।** बखरी बाजार को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यहां की चिरप्रतीक्षित मांग आरओबी के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। बिहार सरकार के प्रस्ताव पर भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा गुरुवार को इसकी स्वीकृति मिली है। इस फैसले से स्थानीय लोगों में व्यापक हर्ष है। यह आरबीओ बखरी मुख्य बाजार स्थित सलौना रेलवे स्टेशन के पूर्वी गोढीयारी ढाला 6बी पर बनना है। जिसकी लंबे अर्से से मांग की जा रही थी। इस आरओबी के निर्माण से बखरी अनुमंडल, प्रखंड कार्यालय, अस्पताल, कोर्ट-कचहरी सहित खगड़िया जिले के अलौली, हरिपुर जाने वालों को घंटों जाम से निजात मिल जाएगी और बेहतर कनेक्टिविटी होगी। बखरी बाजार में इस आरओबी के निर्माण से आवाजाही सुगम होगा और के माल ढुलाई,व्यापार तथा रोजगार में भी लोगों को राहत मिलेगी। इस आरओबी के निर्माण से बखरीवासियों के अलावा आसपास के तीन जिलों बेगूसराय, खगड़िया समस्तीपुर के लिए वरदान साबित होगा। क्षेत्रीय सांसद गिरिराज सिंह ने भी समय समय पर इस आरओबी के लिए रेल प्रशासन का ध्यान आ.ष्ट कराया था। जबकि क्षेत्रीय विधायक सूर्यकांत पासवान ने भी इसे विधानसभा के पटल पर रखा था।रेल यात्री संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस आरओबी के निर्माण से लोगों को रोज रोज के जाम से निजात मिलेगी। भाजपा नेता रमाशंकर पासवान, कुंदन कानू, नीरज नवीन, विनोद राम,नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन, अमरनाथ पाठक, गौतम सिंह राठौड़, कृष्णमोहन पोद्दार, निकेत सिंह आदि ने इस आर ओ बी सांसद को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गोल इंस्टीट्यूट का मेडिको गेट टुगेदर कार्यक्रम संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** गोल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित मेडिको गेट टुगेदर कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस आयोजन में श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (ट्टखख्रएक्र), मुजफ्फरपुर के वे छात्र शामिल हुए, जिन्होंने गोल इंस्टीट्यूट से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर अपने सपनों को साकार किया। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह, सहायक निदेशक रंजय सिंह, आर एंड डी प्रमुख आनंद वत्स समेत कई प्रतिष्ठित डॉक्टर एवं सफल छात्र उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशकों ने बड़ी संख्या में सफल छात्रों को देखकर खुशी जताई और संस्थान की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान सफल छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए गोल इंस्टीट्यूट को अपनी सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने न केवल उनका अकादमिक मार्गदर्शन किया, बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाया। इस आयोजन ने गोल इंस्टीट्यूट और उसके पूर्व छात्रों के बीच के रिश्ते को और मजबूत किया, जिससे भविष्य में भी इस तरह के प्रेरणादायक कार्यक्रमों की उम्मीद बढ़ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह महाविद्यालय में स्मार्ट क्लास का हुआ उद्घाटन

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के पिपरा चांद परसा स्थित डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह महाविद्यालय में गुरुवार को रामसुभग कल्याण समिति के तत्वावधान में। पूर्व प्राचार्य बीके तिवारी व रामनाथ सिंह द्वारा विधिवत फीता काटकर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया संयुक्त रुप से किया गया। यह उद्घाटन कार्यक्रम प्रेम एयर ग्रुप की सहायक कंपनी एफिमेक एसोसिएट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर फंड से निर्मित किया गया है। पूर्व प्राचार्य श्री सिंह ने बताया कि स्मार्ट क्लास का उद्घाटन होने से छात्र छात्राओं में काफी हर्ष व्याप्त है। अब बच्चे आसानी से कंप्यूटर की पढ़ाई कर सकेगें।मौके पर संस्था के सचिव विमलेश कुमार विमल, मोहन सिंह, लालबाबू सिंह, हरेंद्र सिंह,भूषण सिंह, अवध कुमार सिंह,रामा शंकर सिंह, पूर्णेंदु प्रखर, रविरंजन, जय किशोर, निविका, अमरजीत, बिनोद ओझा आदि उपस्थित थे।



### शिवगंज चौक पर स्थापित होगी महात्मा गांधी की प्रतिमा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच के सदस्यों ने शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर शिवगंज चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। मंच के अध्यक्ष सागर श्रीवास्तव ने बताया कि राजकुमार शुक्ल की इस धरती पर चंपारण सत्याग्रह के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की एक भी प्रतिमा नहीं है। शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच एवं नगरवासी के सहयोग से शिवगंज चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। ताकि विश्व अहिंसा दिवस एवं शहिद दिवस के अवसर पर उनका चित्र रखकर अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया जा सके। अध्यक्ष ने बताया कि हमारी वर्षो की चाह है की किसी भी सार्वजनिक स्थल को चिन्हित कर पूज्य बापू की प्रतिमा स्थापित कराई जाए। मौके पर, चुन्नू पांडे बिट्टू जायसवाल, अफरोज आलम आदि उपस्थित थे।

### एक सप्ताह बंद रहेगा आधार सेंटर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड परिसर स्थित आधार पंजीकरण केंद्र अगले एक सप्ताह तक बंद रहेगा। केंद्र के बंद होने से आधार से संबंधित कार्य कराने वाले आवेदकों की परेशानी बढ़ गई है। शुक्रवार को केंद्र बंद रहने पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये कई आवेदकों को वापस लौटना पड़ा। वही आधार बनवाने आए सुभाष साह, सन्नी कुमार, प्रदीप शर्मा, इलायची देवी अफरोज आलम, पिंटू महतो आदि ने बताया कि आधार बनवाने के लिए प्रखंड आये थे। लेकिन आने के बाद पता चला कि केंद्र बन्द है। इधर आधार केंद्र के संचालक संदीप कुमार ने बताया कि सर्वर में तकनीकी गड़बड़ी के चलते केंद्र को फिलहाल एक सप्ताह के लिए बंद किया गया है। जिसकी सूचना केंद्र के बाहर चिपकाया गया है। साथ ही इसकी जानकारी प्रखंड के प्रधान लिपिक को भी दे दी गई है। ताकि आवेदकों को परेशान नहीं होना पड़े। सर्वर की गड़बड़ी ठीक होते हीं पुनः केंद्र का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

### कैम्प लगाकर बिजली बिल की वसूली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के माल्दा गांव में बिजली विभाग द्वारा एक विशेष कैम्प लगाकर करीब दो दर्जन उपभोक्ताओं का विपत्र ऑन द स्पॉट निष्पादित किया है। वहीं बकायेदारों से करीब तीन लाख रुपए की वसूली की गई है। जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के सहायक अभियंता चंदन कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के पुराने बिल में गड़बड़ी थी उसका समाधान कैम्प में कराया गया है। उन्होंने बताया कि करीब 24 उपभोक्ताओं का विपत्र सुधार हुआ। जबकि वित्तीय वर्ष समाप्त होने को लेकर बकायेदार उपभोक्ताओं से करीब तीन लाख रुपए की राशि भी जमा कराई गई। उन्होंने ये भी बताया कि आगे भी इसी तरह कैंप लगाकर विपत्र का सुधार किया जाएगा।

### पत्नी ने पति पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने एवं प्रताड़ित करने से तंग होकर पत्नी ने अपनी पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। मामला मैनाटांड थाना के अशोकवा पीपरा गांव का है। मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि किसकीनंदा देवी के आवेदन पर विजय पासवान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### मारपीट में पांच पर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना के संतपूर परसौनी गांव में घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर देने के मामले में केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि ध्रुव प्रसाद कुशवाहा के आवेदन पर राजेश कुशवाहा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं दूसरे पक्ष के निर्मला देवी के आवेदन पर ध्रुव कुशवाहा समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### सुखलही पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार हुए सम्मानित

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** के सुखलही पैक्स को मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत जिला स्तरीय द्वितीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसके तहत सुखलही पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार को सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार के द्वारा पटना में आयोजित समारोह में तीन लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। प्रोत्साहन राशि मिलने की खबर के बाद पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना में चयनित होकर सुजीत कुमार ने मैनाटांड़ का नाम रोशन किया है।



### नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष का स्वागत

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा व साठी मंडल के कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन वर्मा के आवास पर साठी सेमरी में अभिनन्दन किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने श्री वर्मा को पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष रौनक हुसैन अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अब्दुर्रहमान, साठी मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज वर्मा, अमित गिरि, जिउत साह, मुकेश कुमार आर, बब्लु कुमार, अमन कुमार, चन्दन कुमार आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना में घायल किशोरी की मौत के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम





**गुठनी /सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुठनी दरौली मुख्य मार्ग पर बरपलिया गांव के समीप आरबीटी विद्यालय सरे। या के बस की ठोकर से घायल दो किशोरियों में एक की मौत इलाज के दौरान गुरुवार को हो गयी। किशोरी की मौत के बाद उसका शव बरपलिया पहुचते हीं ग्रामीण आक्रोशित हो गये और शुक्रवार सुबह सड़क जाम करने के बाद विद्यालय प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। सड़क जाम की सूचना राहगीर और ग्रामीणों द्वारा प्रातः 7 बजे देने के बावजूद पुलिस प्रशासन के अधिकारी 10:30 बजे मौके पर पहुचे तबतक कई शिक्षकों की हाजिरी विद्यालय में समय से नही लग सकी। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर टेंट डालकर शव को रख सड़क जाम किया था। ग्रामीणों का कहना था कि घटना को हुये 10 दिन हो गये और विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चियों के इलाज के लिए पूछताछ भी नही की गई। आरबीटी विद्यालय में पढ़ने वाले इस गांव के भी बच्चे है और विद्यालय की बसें हमेशा आती जाती है इस लिये विद्यालय प्रबंधन को संपर्क करना चाहिये। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जिस बस से दुर्घटना हुई उस बस की जगह दूसरे बस को विद्यालय द्वारा बच्चों को छोड़ने के लिए भेजा जिसे ग्रामीण पकड़ कर दुर्घटना में शामिल बस और चालक को बुलाने की मांग करने लगे लेकिन पुलिस आकर उसी गाड़ी को जप्त कर थाने ले गयी। ग्रामीणों का मानना है कि जिस बस से दुर्घटना हुआ उसका फिटनेस और बीमा फेल था इसलिए विद्यालय प्रबंधन पुलिस से मिलकर पूरी फिटनेस वाली गाड़ी को जप्त करवा कर प्राथमिकी कर दी गयी। सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों ने मांग किया कि सरकारी उचित मुआवजा के साथ साथ विद्यालय द्वारा भी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिया जाय। सड़क जाम के साढ़े चार घंटे बाद मौके पर पहुचे बीडीओ डॉ संजय कुमार,सीओ डॉ विकास कुमार और प्रभारी थानाध्यक्ष गणेश चौहान ने आपदा प्रबंधन के तहत परिवहन विभाग से चार लाख का मुवावजा राशि दिलवाने का आश्वासन दिया जिसके बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सड़क जाम को हटाया गया। विदित हो कि गत 12 मार्च को गुठनी के सरेया स्थित आरबीटी विद्यालय के बस के ठोकर से गुठनी दरौली मुख्य मार्ग पर बरपलिया गांव की दो किशोरीयां गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। घायल किशोरियों की पहचान बरपलिया गांव निवासी रफीक अंसारी की पुत्री आयशा खातून,तथा मैरवा के परसिया गांव निवासी जुगनू अंसारी की पुत्री रबिया खातून (14 वर्ष) के रूप में हुई। रबिया खातून की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गयी वहीं आयशा अब भी गंभीर हालत में है। मौत की शिकार रबिया बरपलिया गांव अपने नाना के घर आई थी।

## ट्रेन से गिरकर वृद्ध महिला जख्मी, इलाज के दौरान मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के गोखुला रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर एक बृद्ध महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सूचना पर पहुचीं डायल 112 की पुलिस ने जख्मी महिला को अनुमंडलीय अस्पताल पहुचाया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। घटना गुरूवार की रात्रि करीब आठ बजे की है। मृत महिला की पहचान शिकारपुर थाना के सिसई गांव वार्ड संख्या 6 निवासी जगन दास की पत्नी श्रीमती देवी के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 70 वर्ष के आसपास है। बताया जाता है कि महिला गोखुला स्टेशन के समीप गिरी पड़ी थी। स्थानीय लोगो की नजर जब महिला पर पड़ी तब लोगो ने डायल 112 पुलिस टीम को सूचना दी। सूचना पर पहुचीं डायल 112 पुलिस टीम ने महिला को अस्पताल पहुचाया। हालांकि अस्पताल में महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद उसे पोस्टमार्टम में ले जाने के लिए भी कोई तैयार नही था। बाद में स्थानीय चौकीदार की मदद से महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेजा गया।थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्ट्या प्रतीत हो रहा था कि महिला किसी ट्रेन गिरकर जख्मी हुई थी। अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया है। मृत महिला की पहचान हो चुकी है। मामले में परिजनों को।सूचित करते हुए अग्रेतर करवाई की जा रही है।

## बीपीआरओ ने पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य का लिया जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चार पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य का शुक्रवार प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विवेक आर्य ने निरीक्षण किया है। इस दौरान बीपीआरओ ने निर्माण में प्रयोग किये जाने वाले बालू, गिट्टी, सरिया, सीमेंट समेत अन्य सामग्रियो का जायजा लिया है। इस दौरान बीपीआरओ ने संवेदक को मानक के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया है। बीपीआरओ ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर मलदहिया पोखरिया, बिनवलिया, सुगौली एवं केहुनिया रोवारी पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य का जायजा लिया गया है। हालांकि तीन पंचायतों में निर्माण कार्य चल रहा है। यहां कार्य संतोषजनक मिला है। जबकि केहुनिया पंचायत में चिन्हित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा आपत्ति को लेकर काम शुरू नही हो सका है। उन्होंने बताया कि यहां पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर अंचल प्रशासन द्वारा चिन्हित गैरमजरूआ मालिक किस्म की भूमि पर लोगों द्वारा निर्माण कार्य मे बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को दी जाएगी।



## नकली जींस बेचने वाले दो दुकानों पर छापा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के महात्मा गांधी मार्ग रोड में पुलिस ने छापेमारी कर नकली जींस बेचने वाले दो दुकानदारों को पकड़ा है। शिकारपुर पुलिस के अनुसार जिंस कंपनी के जांच सूत्रों से मिली जानकारी के बाद यह करवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि उतर प्रदेश अंतर्गत अमेठी जिला के संजय कुमार नामक व्यक्ति जो एक प्राइवेट जीन्स कंपनी में कार्यरत हैं, उसने बताया कि उनकी कंपनी के नकली जींस नरकटियागंज के कुछ दुकानदार बेच रहे थे। इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी में दीपक एंड ममता ड्रेसेज के मालिक दीपक कुमार को पकड़ा गया। उनके पास से 15 पीस नकली जींस बरामद हुई। इन पर नकली एमआरपी टैग और होलोग्राम लगे थे। इसी तरह, शिव वस्त्रालय के मालिक राज कुमार अग्रवाल के पास से 14 पीस नकली जींस मिली। इन पर भी नकली टैग और होलोग्राम लगे थे। पुलिस ने दोनों दुकानदारों से पुछताछ कर नकली जींस जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## शिक्षक से मोबाइल छीन रुपए की निकासी करने में नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**बाइक व मोबाइल के साथ 51500 रुपये बरामद**



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के धुमनगर लाली गड़ही गांव के समीप घटी मोबाइल छिनतई व पे फोन से रुपए की निकासी करने मामले में पुलिस ने एक नाबालिक समेत तीन युवकों गिरफ्तार किया है। मामले में शुक्रवार को एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया है कि वीते आठ मार्च को धुमनगर निवासी शिक्षक रामविलास कुमार मोबाइल पर बात करते हुए अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन उच्चको ने शिक्षक का मोबाइल छीन लिया और लेकर फरार हो गए। इस दौरान शिक्षक के खाते से फोन पे के माध्यम से एक लाख 14 हजार की निकासी कर ली गई। मामले में शिक्षक द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिकी के आलोक में शिकारपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मामले का उद्भेदन किया गया है। एसडीपीओ श्री सिंह ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर एक नाबालिक समेत तीन को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपितों में मलदहिया पोखरिया निवासी नासिर अंसारी, नंदू कुमार व एक नाबालिक शामिल है। तीनो के पास से घटना में प्रत्युक्त बाइक, व छिनतई के मोबाइल तथा 51,500 रुपये बरामद की गई है। गिरफ्तार तीनो को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। बता दे कि शिक्षक रामविलास कुमार बैरिया प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बघमबरपुर में शिक्षक है। बीते आठ मार्च को वह स्कूल से वापस घर लौट रहा था। धुमनगर लाली गड़ही गांव के समीप मोबाइल से बात करने के दौरान बाइक सवार उच्चको ने उसका मोबाइल झपट लिया और भाग निकले। बाद में मोबाइल के फोन पे से एक लाख 14 हजार की निकासी भी कर ली थी।

## बिहार मिशन समिति के गठन तक जारी रहेगा आंदोलन : कल्पना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोक आंदोलन न्यास के बैनर तले अन्ना हजारे के नेतृत्व में हम यहां की व्यवस्था बदलना चाहते हैं। देश के हर राज्य से हमारे कुछ कार्यकर्ता भीतिहरवा आश्रम आने वाले थे। 200 में से अभी तक सिर्फ साठ लोग ही पहुंच पाए है। हमारी सभी वाहनों को यूपी के गोरखपुर के पास से बिहार की तरफ आने नहीं दिया जा रहा है। हमारे कार्यक्रम के लिए पूर्व से ली गयी परमिशन को नरकटियागंज एसडीएम के द्वारा बाद में रदद कर दिया गया है, जबकि हमलोगों ने आमरण अनशन के लिए बिजली उपलब्ध कराने के लिए भी विभाग के द्वारा निर्धारित राशि जमा कर दी है। 23 मार्च को भीतिहरवा आश्रम के बाहर आमरण अनशन पर बैठने के समय अगर पुलिस मुझे कार्यक्रम के दौरान गिरफतार करती है तो मुझे जहां रखा जाएगा मैं वहीं से लोक आंदोलन न्यास के बैनर तले अपने आंदोलन को जारी रखूंगी। ये बातें लोक आंदोलन न्यास की कार्याध्यक्ष कल्पना ईनामदार ने कही। वे नगर के एक होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेस को संबोधित कर रही थी। अपनी मांगों का जिक्र करते हुए उन्होंने प्रमुखता से निजी विद्यालयों में किए जाने वाले रिएडमिशन को बंद करने तथा मजदूरों के पलायन पर फोकस किया। उन्होंने बिहार के विकास के लिए शिबहार मिशन समितिश का गठन प्रधानमंत्री के पर्यवेक्षण में करने की मांग की। बच्चों से लेकर युवाओं तक मुफ्त शिक्षा देने,केंद्रीय कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) को संवैधानिक दर्जा प्रदान करते हुए उसे चुनाव आयोग की तरह स्वतंत्र एवं स्वायत्त बनाने,स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार कृषि उत्पादों पर डेढ़ गुना अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने,मनरेगा योजना को कृषि से जोड़ने,अखंड भारत के निर्माण के लिए सभी धर्मो में एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार से कड़े कानून बनाने की मांग को उन्होंने संवाददाताओं के साथ साक्षा किया। उनके साथ जम्मू से आए सामजिक कार्यकर्ता तरुण उप्पल,दत्ता अवारी आदि उपस्थित थे।




## चैत्र नवमी के अवसर पर बलिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 05 अप्रैल को चैत नवमी के अवसर महाराजगंज प्रखंड के बलिया गांव में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को जिला पदाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में समाहरणालय कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक की गई। जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर दिया है। महोत्सव के सफल संचालन हेतु बनाए गए विभिन्न समितियों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी गणों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलता पूर्वक संपन्न करने का निर्देश देते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं आकर्षक ढंग से संपादित करवाने निर्देश दिया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उप विकास आयुक्त सिवान के नेतृत्व में इवेंट कमेटी गठित किया गया है।इस कमेटी में प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा सिवान,नजारत उपसमाहर्ता सिवान एवं कला संस्कृति एवं युवा विभाग पदाधिकारी, सिवान शामिल हैं। कलाकारों के चयन हेतु उप विकास आयुक्त सिवान के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ नामचीन कलाकारों के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

## 17.35 लाख में हुयी नजरबाग पार्क की बंदोबस्ती

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्ष 2025 -26 में रख रखाव की शर्तो के साथ परिभ्रमण और मनोरंजन शुक्ल वसूली के लिए नजरबाग पार्क की बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। 17.35 लाख की अधिकत्तम बोली लगाने के आधार पर इसकी बंदोबस्ती वार्ड नंबर 14 के लादूराम गोला मोहल्ला निवासी मुकेश कुमार के पुत्र आयुष कुमार को दी गई है।

## आपदाओं में मृत व्यक्तियों के निकटतम आश्रितों को कुल 84 लाख 50 हजार रुपए अनुग्रह अनुदान भुगतान की स्वीकृति

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा विभिन्न आपदाओं में मृत कुल 21 व्यक्तियों के निकटतम आश्रितों को कुल 84 लाख 50 हजार रुपए अनुग्रह अनुदान भुगतान करने हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। अनुग्रह अनुदान के रूप में मृत व्यक्तियों के निकटतम आश्रित को 4 लाख प्रति की दर से भुगतान किया गया। इस दौरान अनुदान के रूप में प्राप्त करने वाले लाभुकों में बड़हरिया अंचल के लक्ष्मी देवी(माता), सिसवन अंचल के अरविंद कुमार सिंह (पुत्र), शोभा देवी (माता), रूबी देवी (माता) जिरादेई अंचल के रानी देवी(पत्नी), पुनम देवी(पत्नी), हसनपुरा अंचल के कांती देवी(माता), हुसैनगंज अंचल के सोनी देवी(माता), पुतुल देवी(माता) रामकेशिया देवी(पत्नी), भगवानपुर अंचल के रामनरेश पंडित(पिता), पचरुखी अंचल के सत्येंद्र तिवारी(पिता), संगीता देवी(माता), रघुनाथपुर अंचल के ललिता देवी(पत्नी), दरौली अंचल के जलेश्वर राम(पिता), गोरेयाकोठी अंचल के देवेंद्र प्रसाद(पिता), सुमन देवी(माता), गोरियाकोठी अंचल के जसवंत कुमार प्रसाद(पति), गुठनी अंचल के मीना देवी(पत्नी), लकड़ीनबीगंज अंचल के सरिता सिंह(पत्नी) के नाम शामिल हैं। वही हुसैनगंज अंचल निवासी महेश प्रसाद(पति) को उनकी पत्नी लिलावती देवी के कोविड-19 से मृत्यु होने के पश्चात 4:50 लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान भुगतान करने से संबंधित स्वीकृति पत्र दिया गया।इस प्रकार कुल 84 लाख 50 हजार राशि के अनुग्रह अनुदान भुगतान हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया।साथ ही आपदा प्रबंधन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्री जिनेश कुमार (अग्निक चालक), जिला समादेष्टा-सह- जिला अग्निशाम पदाधिकारी सिवान को जिला पदाधिकारी के द्वारा ₹2000 की राशि से पुरस्कृत करने संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।



## नंदनगढ़ महोत्सव की तैयारी पूरी, कला का समां बांधेंगे लोक कलाकार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** करीब नौ वर्षो के अंतराल के बाद लौरिया के साहु जैन स्कूल में रविवार को होने वाला नंदनगढ़ महोत्सव यादगार साबित होगा। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि इस महोत्सव में प्रदेश स्तर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। साथ हीं स्थानीय प्रतिभा को भी उभारने के लिए स्थानीय कलाकारों को भी प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व शनिवार को बिहार दिवस कार्यक्रम का आयोजन भी भव्य तरिके से किया जा रहा है। शनिवार को बिहार दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी प्रखंडो, अनुमंडलों में प्रभातफेरी आयोजित किया जायेगा। सार्वजनिक स्थल पर अधिकारी एवं अन्य लोग एकत्रित होकर बिहार गीत एवं बिहार गौरव गान गायेंगे। जगह जगह विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले लोगो को सम्मानित भी किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर नंदनगढ़ महोत्सव की शुरूआत अपराहन 4 बजे की जायेगी। महोत्सव के विधिवत उदघाटन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या का आयोजन किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 9.30 बजे तक चलेगा। इस महोत्सव की तैयारी के पूरी कर ली गई है। डीएम ने बताया कि इस महोत्सव की शुरूआत 2014 में हुई थी। उसके बाद फिर 2016 में यह महोत्सव आयोजित की गई। उसके बाद कुछ कारणवश वाल्मीकि महोत्सव आयोजित नहीं किया जा सका। अब 9 वर्षो बाद इस वर्ष यह महोत्सव हो रहा है। मौके पर अपर समाहर्ता विभागीय जांच, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, जिला कला एवं संस्कृति मंत्री राकेश कुमार आदि भी मौजूद रहे। नंदनगढ़ महोत्सव में लौरिया विधायक व पूर्व मंत्री तथा कला के क्षेत्र के दिग्गज विनय बिहारी भी महोत्सव में अपना जलवा बिखेरेंगे। इसके अलावे भोजपुरी लोक गायिका अनुपमा यादव, मास्टर विकास, वर्षा श्रेष्ठ, पप्पु परवाना, विक्की बबुआ एवं मोहित प्रभाकर शामिल होंगे। इसके अलावे स्थानीय स्तर के कलाकारों में प्रसिद्ध लोक गायक भी भाग लेंकर अपनी प्रस्तुति देंगे।



## जनता के दरबार में कुल 46 मामलों की सुनवाई

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार को समाहरणालय सिवान के सभागार में आयोजित" जिला पदाधिकारी जनता के दरबार के कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आये कुल-46 आवेदनकत्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गयी। जिसमें अलग-अलग विभागों से संबंधित परिवाद पत्रों पर सुनवाई की गई। यथा-अंचल अधिकारी हसनपुरा कार्यालय से एक, अंचल अधिकारी मैरवा के कार्यालय से दो, अंचल अधिकारी लकड़ीनबीगंज कार्यालय से एक, अंचलाधिकारी बड़हरिया कार्यालय से एक, अंचलाधिकारी पचरुखी कार्यालय से दो, अंचलाधिकारी सिवान सदर कार्यालय से दो, अंचलाधिकारी रघुनाथपुर कार्यालय से तीन, अंचलाधिकारी हुसैनगंज कार्यालय से दो, अंचलाधिकारी दरौली कार्यालय से तीन, अंचल अधिकारी बड़हरिया कार्यालय से एक, प्रखंड विकास पदाधिकारी जिरादेई कार्यालय से एक, भूमि सुधार उपसमाहर्ता महाराजगंज कार्यालय से एक, अनुमंडल पदाधिकारी सिवान सदर के कार्यालय से 5, भूमि सुधार उप समाहर्ता सिवान सदर कार्यालय से एक, अनुमंडल पदाधिकारी महाराजगंज कार्यालय से एक, उप विकास आयुक्त सिवान के कार्यालय से तीन, सिविल सर्जन सिवान कार्यालय से एक, प्रखंड विकास पदाधिकारी दरौली कार्यालय से एक, सामान्य शाखा से संबंधित एक, विकास शाखा संबंधित एक, जिला पंचायती राज कार्यालय से एक, जिला आपूर्ति शाखा कार्यालय से एक, अपर समाहर्ता कार्यालय से संबंधित तीन, शस्त्र शाखा से संबंधित तीन, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से संबंधित एक, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोरिया कोठी कार्यालय संबंधित एक, विद्युत विभाग से संबंधित एक आवेदन पत्र / समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी सिवान द्वारा उक्त समस्याओं का स-समय नियमानुसार निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार दिशा-निर्देश दिया गया।



CMYK

# बाहर काम करने वाले मजदूरों का होगा निबंधन

## जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने लांच किया ऐप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** श्रम विभाग, जिला नियोजन एवं डीआरसीसी की समीक्षा बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में अयोजित की गई। बैठक में श्रम अधीक्षक द्वारा बताया गया की विभाग द्वारा बिहार राज्य से बाहर कार्य कर रहे श्रमिकों के निबंधन हेतु 'बिहार प्रवासी कामगार ऐप' लांच किया गया है जिसके माध्यम से बिहार के प्रवासी श्रमिक अपना निबंधन कर सकते है। वैसे श्रमिक जो बिहार के बाहर निवासरत है वे इस एप के माध्यम से स्वनिबंधन कर सकते है या उनके प्रखंड से संबंधित श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जायेगी। प्रवासी श्रमिकों के संबंधी अथवा प्रवासी श्रमिक जो वर्तमान समय में बिहार में निवास कर रहे है वो श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के माध्यम से अपना निबंधन करा सकते है। निबंधन हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा मोबाईल नम्बर सहित बिहार प्रवास स्थल की जानकारी प्रदान की जानी है। जिलाधिकारी द्वारा इसके प्रचार प्रसार तथा निबंधन हेतु आवश्यक कार्रवाही के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न कॉलेजो को पीएम इंटरशिप योजना अंतर्गत 21 से 25 वर्ष की आयु के बीए, बीएससी, आईटीआई पास नव युवकों को देश की सर्वप्रमुख 500 कंपनियों में इंटरशिप हेतु निबंधित कराने के निर्देश दिये गये। उपर्युक्त योजना अंतर्गत इंटेरन करने वाले लाभुकों को प्रत्येक माह 5000 रू. भी प्रदान किये जाने का प्रावधान है। निबंधन वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। डीआरसीसी की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सात निश्चय योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं का समुचित क्रियांवयां कैम्प मोड में करने के निर्देश दिये गये। जिले के बाल श्रम विमुक्त करने हेतु निरंतर जागरूकता अभियान चला कर जिले को बाल श्रम से विमुक्त करने पर बल दिया गया।

# सीजेएम सहित चार न्यायाधीश शीघ्र ग्रहण करेंगे पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पटना हाईकोर्ट ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में चार न्यायधीशों के नियुक्ति की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के सीजेएम माधवी सिंह का तबादला कटिहार हो गया है, उनकी जगह नये सीजेएम लाल बिहारी पासवान होंगे। लाल बिहारी पासवान मुंगेर में सीजेएम थे। मुजफ्फरपुर से एसीजेएम तान्या पटेल और संदीप कुमार सिंह तथा मढ़ोरा सारण से एसीजेएम प्रदीप चंद्रा को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में सिनियर डिवीजन भेजा गया है जिनमें से एक न्यायाधीश को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव बनने की संभावना है। विदित हो कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव सुकुल राम की तबादला एसीजेएम नरकटियागंज हुआ है।

# फांसी लगाकर युवक ने की इहलीला समाप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला सामने आया है। मामला ओबरा थाना अंतर्गत गिरा गांव की है, जहां उस गांव के चिमनी भट्टा पर उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के बहरामपुर थाना क्षेत्र के सकतपुर निवासी 40 वर्षीय संजय पाल ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और फिलहाल मामले की तहकीकात में जुट गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि ईट भट्ठा पर काम करने वाले एक मजदूर द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया हैं। वहीं मामले की तहकीकात की जा रही है।

# कंपाउंडर हत्याकांड में दो अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** कंपाउंडर रंजीत पासवान के हत्याकांड में दो नामजद अभियुक्तों को कुटुंबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी चिंटू कुमार सिंह एवं चिक्कू कुमार सिंह के रूप में की गई है। दरअसल 19 मार्च को जमुआ गांव निवासी कंपाउंडर रंजीत पासवान को थाना क्षेत्र के संडा- मटपा रोड पर कंठी बिगहा के समीप गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जिसमें पकड़े गए इन दोनों अभियुक्तों के अलावा विनय कुमार सिंह तथा दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुई घटना के 24 घंटे के अंदर इन दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। प्रेस रिलीज जारी कर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि कांड की गंभीरता के आधार पर मामले में एसआईटी टीम का गठन किया गया जिसमें उपयुक्त साक्ष्य एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# पूर्व सांसद ने किसानों के मुआवजे के लिए उठाई आवाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने मदनपुर बाईपास एनएच-2 के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे को लेकर किसानों के हित में एक बार फिर पहल की है। दर्जी बिगहा से अजनवां मोड़ तक अधिग्रहित जमीन का उचित मुआवजा दिलाने के लिए मदनपुर में आयोजित एक शिविर में वे शामिल हुए और वहां उपस्थित किसानों को संबोधित किया। इस शिविर में जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। बताया जाता है कि दो दिन पहले पूर्व सांसद ने किसानों के साथ जिला पदाधिकारी से मुलाकात की थी और उन्हें इस समस्या से अवगत कराया था। उनकी पहल पर ही जिला पदाधिकारी ने मदनपुर में यह शिविर आयोजित करवाया। शिविर में डीसीएलआर औरंगाबाद, अंचल अधिकारी मदनपुर सहित जिला प्रशासन और एनएचएआई के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। किसानों ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी अधिग्रहित जमीन का सर्वेक्षण ठीक से नहीं किया गया और निर्धारित मूल्य बेहद कम आंका गया। उनका कहना था कि जमीन अधिग्रहण के बाद उचित मुआवजा न मिलने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि दर्जी बिगहा से अजनवाँ मोड़ तक की अधिग्रहित भूमि में कई जगह आवास बने हुए थे, जिन्हें तोड़ दिया गया। इसके आसपास पक्के मकान और सरकारी कार्यालय भी मौजूद हैं, फिर भी इसे कृषि योग्य जमीन मानकर मुआवजा दिया गया, जो पूरी तरह अनुचित और गैरकानूनी है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी कहा कि उनकी जमीन का अधिक अधिग्रहण हुआ, लेकिन मुआवजे की राशि कम दी गई। उन्होंने मांग की कि जमीन की दोबारा मापी करवाकर आवासीय दर पर उचित मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान होगा। मैंने जिला पदाधिकारी से मुलाकात कर सभी बातें बताई हैं। आज इस शिविर में संबंधित अधिकारी मौजूद हैं और किसानों की शिकायतें सुन रहे हैं। यह शिविर दो दिनों तक चलेगा और लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

# अनुग्रह स्कूल को भेंट में मिली बिहार विभूति की तस्वीर

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह को बिहार दिवस के पूर्व संध्या पर बिहार विभूति अनुग्रह बाबू की तस्वीर भेंट किया गया। बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में डिहरी नेहरू कॉलेज प्राचार्य रहे प्रो डॉ विजय कुमार सिंह एवं अनुग्रह बाबू के पौत्र चुलबुल सिंह ने बिहार प्रांत के बड़े नायक रहे पहले उप मुख्यमंत्री बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह की तस्वीर भेंट कर बिहार को सबल बनाने में अनुग्रह बाबू की भूमिका पर विस्तार से चर्चा किए। प्राचार्य विजय सिंह ने अनुग्रह बाबू के नाम पर जिले के अग्रणी अनुग्रह मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को भाग्यशाली बताया और कहा कि उनके जीवन चरित्र को आत्मसात करें। चुलबुल सिंह ने कहा अनुग्रह स्कूल 1936 में दादाजी की सक्रिय भूमिका एवं उनके शिक्षा के प्रति अनुराग के कारण ही स्थापित हुआ था।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** स्थानीय सच्चिदानन्द सिन्हा कॉलेज के एनएसएस विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने समाजसेवा और जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निहारिका कुमारी एवं समन्वयक डॉ. संजीव रंजन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों की टीम गोद लिए गए गांव पवई पहुंची, जहां ग्रामीणों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने टोलियों में बंटकर ग्रामीणों को मतदान के अधिकार और उसकी अहमियत समझाई। इस अभियान में ग्रामीणों का भी भरपूर उत्साह देखने को मिला। इसके बाद एनएसएस की टीम ने पवई उच्च विद्यालय में छात्रों के लिए योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने बच्चों को योग के विभिन्न आसन कराए, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योगाभ्यास के बाद स्वयंसेवकों ने 'नशा मुक्त भारत' विषय पर एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमिताभ रंजन सहित शिक्षकों और छात्रों ने खूब सराहा।

















सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

## बिहार दिवस

(22 मार्च 2025)

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

## संदेश

बिहार दिवस के अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों एवं प्रवासी बिहारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

बिहार का गौरवशाली इतिहास हमें बताता है कि यह धरती लोकतंत्र की जननी तथा ज्ञान, अहिंसा, करूणा, साधना एवं प्रेम का पावन स्रोत है। इस राज्य की सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है और प्राचीन भारत के निर्माण में इसका अद्वितीय योगदान रहा है।

मैं समस्त राज्यवासियों से अपनी इस शानदार विरासत का बोध करने का आग्रह करता हूँ। इससे हमारे अन्दर एक नई चेतना और शक्ति का संचार होगा और बिहार पहले से भी अधिक गौरव के साथ नये भारत के विकास और प्रगति में अपनी भूमिका निभा सकेगा।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-022273 (Governor Secretariat)D. 2024-25